


सूर्योदय प्रातः 5:13 सूर्यास्त संध्या 6:37 पखवाड़ा आषाढ़ शु. षष्ठी, संवत 2083 तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 24°


# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 20 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 156, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

**शेयर बाजार**

सेंसेक्स 78,151.45 — 964.58 (1.25%)

निफ्टी 24,334.30 — 261.55 (1.09%)

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

24 carat सोना 1,39,490.00

चांदी 2350.00

# झारखंड के वनों में आग लगने की घटनाओं में आयी भारी कमी !

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में वर्ष 2026 के दौरान वन अग्नि की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है। वन विभाग द्वारा 28,000 फायर वॉरियर बनाने की सोच तथा आधुनिक तकनीक, त्वरित निगरानी प्रणाली तथा प्रभावी समन्वय के माध्यम से वनाग्नि नियंत्रण की दिशा में किये गये प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। वन विभाग के समेकित कार्य समूह (फायर वॉरियर) बनाने के लक्ष्य को 50,000 तक ले जाने पर कार्य कर रहा है। इसमें ग्रामीण महिलाओं तथा समाज के गण्यमान्य व्यक्तियों का सहयोग लिया जा रहा है। वनों में आग लगने की घटनाएं जनवरी माह से जून माह तक होती हैं; जब तक मॉनसून ब्रेक नहीं हो जाता है। वर्षा शुरू हो जाने के उपरांत वनों में अग्नि की घटनाएं लगभग शून्य हो जाती हैं।

- फॉरेस्ट फायर मॉनिटरिंग सिस्टम के अनुसार इस वर्ष हुई केवल 1750 घटनाएं
- वन विभाग के 28,000 फायर वॉरियर बनाने की सोच ने दिया सुखद परिणाम
- ग्रामीणों और महिलाओं की रही प्रमुख सहभागिता
- आधुनिक तकनीक व प्रभावी रणनीति का भी मिला सकारात्मक परिणाम



**फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के फॉरेस्ट फायर मॉनिटरिंग सिस्टम के अनुसार**

- वर्ष 2026 में 1, 750 घटनाएं
- वर्ष 2025 में 8,399 घटनाएं
- वर्ष 2024 में 7,973 घटनाएं
- वर्ष 2023 में 12,590 घटनाएं

इस प्रकार वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2026 में लगभग 86 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (PCCF) संजीव कुमार के नेतृत्व में वन विभाग ने वनाग्नि नियंत्रण के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाये। 18 फरवरी 2026 को राज्य के सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, वन संरक्षक, वन प्रमंडलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गयी थी। इसके अंतर्गत राज्य में 28 हजार फायर वॉरियर तथा मास्टर ट्रेनरों को आधुनिक उपकरणों एवं प्रशिक्षण से सशक्त बनाया गया। ग्रामीणों और महिलाओं की प्रमुख सहभागिता रही।

वन विभाग ने जिलों में 247 कार्यरत केन्द्रीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया तथा वन क्षेत्रों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### पेपर लीक के विरोध में आज संसद मार्च करेगी सीजेपी

**नयी दिल्ली :** परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के मामलों को लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर आंदोलन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकालने की घोषणा की है। पार्टी प्रमुख अभिजीत दीपके ने प्रस्तावित मार्च में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए समर्थकों से जंतर-मंतर पहुंचने की अपील करते हुए आन्दोलन को पूरी तरह शांतिपूर्ण बनाये रखने का आह्वान किया है। दीपके ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा कि सभी समर्थक लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठायें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उकसावे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि पार्टी का विरोध प्रदर्शन और संसद मार्च पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा, 'मैं सभी समर्थकों से जंतर-मंतर पहुंचने की अपील करता हूं। हमारा विरोध प्रदर्शन और मार्च पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार की गड़बड़ी करता है या नकारात्मक नारेबाजी करता है, तो वह न तो सोनम सर (सोनम वांगचुक) का समर्थक है और न ही सीजेपी का।'

### पटाखा फैक्टरी विस्फोट मामले में तीन संचालक गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद में शनिवार को अवैध पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित मेहुल डोडिया समेत तीन संचालकों को गिरफ्तार कर लिया है। अब प्रशासन अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। पुलिस ने अपनी जांच में खुलासा किया है कि आगामी गणेश विसर्जन के ऑर्डर पूरे करने और अधिक मुनाफा कमाने की लालच में फैक्टरी को अवैध रूप से दोबारा शुरू किया गया था। अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके के रामोल गटराड रोड के एक खेत में संचालित इस अवैध पटाखा फैक्टरी में शनिवार को हुए भीषण विस्फोट 09 लोगों की मौत हो गयी थी और 05 अन्य गम्भीर रूप से घायल हुए थे।

### आमिर खान के घर के बाहर बढ़ायी गयी सुरक्षा

**मुंबई :** आमिर खान को तीसरी शादी करने पर मिली कथित धमकी को लेकर जांच शुरू कर दी गयी। शनिवार को वॉयस क्लिप और सोशल मीडिया पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस ने बांद्रा पश्चिम के पाली हिल स्थित आमिर खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। हालांकि, आमिर खान फिलहाल देश से बाहर हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अभी तक न तो वॉयस क्लिप और न ही सोशल मीडिया पोस्ट की असलियत कन्फर्म हुई है।

## कार्टून कोना




## संसद का मॉनसून सत्र आज से

# लोकसभा में बदलेगा राजनीतिक समीकरण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** संसद के मौजूदा मॉनसून सत्र में लोकसभा की राजनीतिक तस्वीर में बड़ा बदलाव देखने को मिलनेवाला है। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के छह बागी सांसदों को अलग समूह के रूप में मान्यता देते हुए सदन में अलग बैठने की अनुमति दे दी है। सोमवार 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलनेवाले मॉनसून सत्र में ये सभी सांसद अपने नये दलों के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे।

टीएमसी के 20 सांसदों ने 15 जून को पार्टी से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय कर लिया था। इससे पहले 08 जून को इन सांसदों ने केन्द्र की एनडीए सरकार को समर्थन देने की घोषणा की थी। पूर्व टीएमसी नेता काकोली घोष दस्तीदार ने बताया था कि सांसदों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र लोकसभा अध्यक्ष को सौंप दिये गये थे। एनसीपीआई पश्चिम बंगाल में पंजीकृत राजनीतिक दल है, जिसने 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भी अपने उम्मीदवार उतारे थे। वहीं, महाराष्ट्र में 22 जून को उद्धव ठाकरे की शिवसेना में एक और बड़ी टूट हुई थी। लोकसभा के नौ सांसदों में से छह सांसद पार्टी छोड़कर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे। इसके बाद लोकसभा में शिंदे गुट के सांसदों की संख्या सात से बढ़कर 13 हो गयी। मुम्बई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकनाथ शिंदे ने इसे पार्टी के विस्तार की दिशा में ● शेष पृष्ठ 11 पर

### टीएमसी के 20 और उद्धव गुट के 06 बागी सांसदों को अलग बैठने की मिली मंजूरी



### 'वंदेमातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा देनेवाला विधेयक आज राज्यसभा में होगा पेश

**केन्द्रीय** गृहमंत्री सोमवार को राज्यसभा में राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा देने वाला विधेयक पेश करेंगे। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय ध्वज और संविधान का अपमान तथा राष्ट्रगान में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा। राज्यसभा की कल की कार्यसूची में इसकी जानकारी दी गयी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### सरकार ने विपक्ष से की विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सुचारु संचालन में सहयोग की अपील



**संसद** के मॉनसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को केन्द्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुला कर सभी राजनीतिक दलों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सरकार ने विपक्ष से महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सकारात्मक सहयोग का आग्रह किया। बैठक के दौरान विपक्षी दलों ने अलग गुट बनानेवाले सदस्यों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किये जाने पर आपत्ति दर्ज करायी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ व राजौरी में बाढ़ और भूस्खलन से 08 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**राजौरी :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में रविवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में जन-धन का नुकसान हुआ है। अब तक 08 लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं, जबकि कई अन्य लोगों की तलाश के लिए राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि दो सीमावर्ती जिलों में भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आयी और जबरदस्त भूस्खलन हुआ है। इस दौरान मोबाइल टावरों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके चलते यहां का नेटवर्क भी बंद हो गया था, जिसे 05 घंटों के बाद बहाल किया गया है, लेकिन बिजली अभी तक बंद है। रात भर हुई लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ गयी, जिससे रिहायशी मकान मलबे में दब गये और ● शेष पृष्ठ 11 पर




### अमित शाह ने हरसम्भव सहायता का दिया आश्वासन

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए केन्द्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। गृह मंत्रालय के अनुसार, अमित शाह ने दोनों नेताओं ● शेष पृष्ठ 11 पर

**1,109 करोड़ रुपये का बैंक धोखाधड़ी मामला**

### सीबीआई की चार राज्यों में छापेमारी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 1,109 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड में छह जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित मेसर्स गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ दर्ज मामले में की गयी। सीबीआई के अनुसार कम्पनी पर केनरा बैंक से फंड आधारित और गैर-फंड आधारित विभिन्न वित्तीय सुविधाएं हासिल करने के दौरान 1,109 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

### राष्ट्रपति मुर्मू तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के लिए माल्दोवा रवाना



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को अपने सात दिवसीय तीन देशों के राजकीय दौरे के पहले चरण के लिए मोल्दोवा रवाना हो गयीं। वह 19 और 20 जुलाई को मोल्दोवा की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की मोल्दोवा की पहली यात्रा होगी। माल्दोवा यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू अपनी समकक्ष राष्ट्रपति मैया सैंडू के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी तथा मोल्दोवा की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह भारत के किसी राष्ट्रपति की मोल्दोवा और उत्तर मैसेडोनिया की पहली राजकीय यात्रा है, जबकि रोमानिया की ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी ने की श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय मामलों की स्वतंत्र जांच की मांग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संयुक्त पत्र लिखकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय मामलों की स्वतंत्र और व्यापक जांच कराने की मांग की है। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितताओं से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था प्रभावित हुई है और इस पूरे मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी चिन्ताजनक है। खड़गे और राहुल गांधी ने अपने संयुक्त पत्र में कहा कि देशभर के लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ अपनी मेहनत की कमाई ट्रस्ट को दान स्वरूप अर्पित की थी, लेकिन वित्तीय अनियमितताओं के कारण वे स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं के विश्वास और दान की पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार और सम्बन्धित संस्थाओं की जिम्मेदारी है।



### सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हालत स्थिर

**नयी दिल्ली :** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की तबीयत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। लेकिन, लंबे समय तक भूख हड़ताल के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़े प्रभाव को देखते हुए डॉक्टर उन्हें लगातार निगरानी में रखे हुए हैं। वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल की ओर से जारी चौथे हेल्थ बुलेटिन में बताया गया है कि वांगचुक के सभी महत्वपूर्ण शारीरिक मानक (वाइटल पैरामीटर) इस समय स्थिर हैं, हालांकि रक्त संबंधी जांच में कुछ मानक अब भी मामूली रूप से सामान्य से अलग हैं।

## स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडे की जयंती पर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को किया नमन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडे की जयंती पर रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सहित अनेक नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को स्मरण किया।




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धा, अदम्य साहस और देशभक्ति के प्रतीक वीर मंगल पांडे को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा कि 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी में मंगल पांडे के साहस और देशप्रेम ने भारतीय इतिहास में ऐसा निर्णायक क्षण रचा, जिसने विदेशी शासन की नींव हिला दी और स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान आनेवाले दशकों तक असंख्य क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहा और आज भी उनका जीवन करोड़ों भारतीयों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ● शेष पृष्ठ 11 पर

# प्रत्येक सैन्य अभियान भविष्य के लिए नयी सीख : जनरल मनोज पांडे

**एजेंसी**

**कोलकाता :** राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मजबूती को भारत के भविष्य की दो सबसे महत्त्वपूर्ण आधारशिला बताते हुए पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत ने अपनी सामरिक क्षमता में उल्लेखनीय प्रगति की है। लेकिन, भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए रक्षा तैयारियों को लगातार और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर का उल्लेख कर कहा कि प्रत्येक सैन्य अभियान भविष्य के लिए नई सीख देता है। इनसे मिले अनुभवों के आधार पर सशस्त्र बलों की रणनीति को और सशक्त बनाया जाना चाहिए।

कोलकाता के फेयरफील्ड बाय मैरियट में व्याना जियो-इकोनॉमिक फोरम (वीजीईएफ) की ओर से रविवार देर शाम आयोजित उद्घाटन राष्ट्रीय सेमिनार 'उभरती वैश्विक व्यवस्था में राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक लचीलापन : विकसित भारत की सामरिक प्राथमिकताएं' विषय पर देश के प्रमुख सैन्य अधिकारियों, रणनीतिक विशेषज्ञों, अर्थशास्त्रियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और पूंजी बाजार से जुड़े विशेषज्ञों ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में पूर्वी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल गम्भीर सिंह, ब्रिगेडियर आदित्य सहाय सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक, उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

सेमिनार के समापन सत्र में जनरल मनोज पांडे ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध, अंतरिक्ष आधारित निगरानी प्रणाली और अत्याधुनिक हथियारों ने युद्ध की पूरी प्रकृति बदल दी है। ऐसे समय में केवल पारम्परिक सैन्य ताकत पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि नयी तकनीकों को तेजी से अपनाना और उन्हें सैन्य अभियानों का हिस्सा बनाना भी उतना ही आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध बहुआयामी होंगे, जिनमें जमीन, समुद्र और वायु के साथ-साथ साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इसलिए भारतीय सशस्त्र बलों को इन सभी क्षेत्रों में एकीकृत क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि सैनिकों के प्रशिक्षण, आधुनिक हथियारों की उपलब्धता, तकनीकी दक्षता और तेज निर्णय लेने की क्षमता पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि किसी भी चुनौती का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके।

पूर्व सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्ध में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है लेकिन एक सैनिक की सबसे बड़ी ताकत आज भी उसका अनुशासन, राष्ट्र के प्रति समर्पण, ईमानदारी, साहस और कर्तव्यनिष्ठा है। ये ऐसे मूल्य हैं जो किसी भी दौर में नहीं बदलते और भारतीय सेना की पहचान भी यही है।

इससे पहले आयोजित पहले तकनीकी सत्र में 'उभरती वैश्विक व्यवस्था में भारत की रक्षा तैयारी और सामरिक प्रतिरोध क्षमता' विषय पर लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला, लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रत साहा, लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह और एयर मार्शल नागेश कपूर ने विचार रखे। वक्ताओं ने बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य, राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, ऑपरेशन सिन्दूर से मिले अनुभव, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, सैन्य आधुनिकीकरण, सामरिक प्रतिरोध क्षमता और भविष्य के युद्धों में नयी तकनीकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

- कोलकाता में आयोजित सेमिनार में पूर्व सेना प्रमुख ने सैन्य आधुनिकीकरण और तकनीकी क्षमता बढ़ाने पर दिया जोर



## एक झलक

### नरकोपी में 18 वर्षीय युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**14 जुलाई की घटना, 18 जुलाई को दर्ज हुआ केस**

**बेड़ो** : नरकोपी थाना क्षेत्र के चरनालो गांव में 14 जुलाई को एक 18 वर्षीय युवती से गांव के ही युवक द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 14 जुलाई की शाम आरोपी बबलू भगत, पिता सुकरा भगत, निवासी चरनालो ने युवती को डरा-धमकाकर गांव के ही एक घर में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के समय घर में कोई नहीं था। घटना की सूचना पीड़िता ने स्वजनों को दी। इसके बाद गांव में पंचायती भी हुई, लेकिन न्याय नहीं मिलने पर स्वजनों ने 18 जुलाई को नरकोपी थाना में लिखित शिकायत के आधार पर नरकोपी थाना में कांड संख्या 17/2026 दर्ज कर बीएनएस की धारा 64(1), 69, 115(2), 117(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना के एएसआई राम नगीना ने सशस्त्र बल के साथ छापामारी कर आरोपी बबलू भगत को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। विधि-सम्मत कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल टेस्ट कराया है और मामले की गहन जांच कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

**बेड़ो** : बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो मांडर रोड पर केशा मोड़ स्थित महिला कॉलेज के समीप रविवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे हुई सड़क हादसे में जुमदाग कर्रा गांव निवासी 32 वर्षीय धर्मेंद्र प्रधान पिता सुखन प्रधान अपनी स्कूटी से मांडर जा रहे थे। इसी दौरान स्कूटी असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ग्रामीणों ने धर्मेंद्र को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में चोट के कारण सिटी स्कैन कराने की सलाह दी है। वहीं पलमा गांव के पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार अपराह्न करीब 3 बजे ऑटो और बोलेरो की टक्कर में ऑटो सवार बेड़ो गांव निवासी 31 वर्षीय अलमांश मिंज घायल हो गए थे। घायल अवस्था में अलमांश रविवार की सुबह इलाज के लिए बेड़ो सीएचसी पहुंचे, जहां उनका उपचार किया गया।

### भुरकुंडा में ऑटो पलटने से चालक की हुई मौत



**भुरकुंडा** : ओपी क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा-सौंदा मार्ग पर सयाल मोड़ और परियोजना कार्यालय के बीच रविवार को ऑटो पलटने से चालक की मौत हो गई है। जबकि ऑटो में सवार दो लोगों को हल्की चोट लगी है। चालक की पहचान सीसीएल सौंदा निवासी उदय पासवान पिता बजरंगी पासवान (45 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार रविवार को दोपहर उदय पासवान अपनी ऑटो ( जेएच 24 ए 1368) भुरकुंडा से सीसीएल सौंदा की तरफ जा रहा था इसी क्रम में सयाल मोड़ के समीप सौंदा मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे ऑटो चालक को गंभीर चोटें आई। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा ईलाज के लिए भुरकुंडा हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों को प्राथमिकी उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया। मामले की सूचना पर पहुंची भुरकुंडा ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ऑटो को जब्त कर थाने ले आई।

### मारवाड़ी युवा मंच ने 101 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**खूंटी** : पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ मारवाड़ी युवा मंच, खूंटी नगर शाखा की ओर से रविवार को डोड़मा स्थित प्रवीण जैन के क्रशर प्लांट परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के 101 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका सुशीला देवी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि लगाए गए पौधों का सही ढंग से संरक्षण किया जाए, तो वे भविष्य में स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवन का आधार बन सकते हैं। अभियान में बच्चों की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आर्या, आरना, कृतांत, वेदान्तिका, आज्ञा और कृष ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

## रामगढ़ जिले में पर्यटन सर्किट विकसित करने को लेकर उपायुक्त की बड़ी पहल

# पर्यटन स्थलों के सौंदर्य व सांस्कृतिक विरासत को करेंगे विकसित : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : जिले में पर्यटन से संबंधित सर्किट विकसित करने एवं जिले के विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को एक-दूसरे से जोड़ते हुए पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर रविवार को उपायुक्त रामगढ़ श्री ऋतुराज ने बड़ी पहल की। इस क्रम में उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार लुनायत, वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ नीतीश कुमार सहित संबंधित अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व, प्राकृतिक सौंदर्य, वर्तमान स्थिति, पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक धरोहर एवं सांस्कृतिक विरासत के दृष्टिकोण से अत्यंत समृद्ध है। जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों को एक समेकित पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने से स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा जिले में आने वाले पर्यटकों को एक ही क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा। निरीक्षण की शुरूआत दुलमी प्रखंड अंतर्गत डेली पाइला धार्मिक स्थल से की गई। उपायुक्त एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण कर वहां श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने मंदिर तक पहुंचने वाली सीढ़ियों के निर्माण, मंदिर के तोरण द्वार के निर्माण, लोगों के बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने रामगढ़ शहर स्थित किला मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शौचालय सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने प्राचीन शिव मंदिर कैथा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी ली तथा मंदिर के रेस्टोरेशन वर्क को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने फरार अभियुक्त को पकड़ा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : साइबर थाना रामगढ़ में बीते जनवरी माह में दर्ज एक मामले में पुलिस ने फरार प्राथमिकी अभियुक्त मो. अशफाक उर्फ मो. सलमान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अभियुक्त के पास से फर्जी सिम लगा हुआ मोबाइल और तीन अन्य व्यक्तियों के नाम के एटीएम बरामद किए गए हैं।इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) अकरम फैज ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि महिलाओं के विश्वासघात करते हुए उनके नाम से बैंक खाता खुलवाकर उनके खाते का उपयोग साइबर फ्रॉड के रुपए मंगाने के लिए किया जा रहा था। जिसपर बीते 20 जनवरी को साइबर थाना में कांड दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में कांड के दो प्राथमिकी अभियुक्त अबु तालिब और सरफराज उर्फ सोनु को गिरफ्तार किया गया था। जिसके पास से दो बैंक पासबुक और दो मोबाईल जब्त किया गया था। जबकि इस कांड का एक अन्य प्राथमिकी अभियुक्त मो. अश्फाक उर्फ मो. सलमान(24 वर्ष) पिता मो. जमील उर्फ कल्लू निवासी नईसराय रामगढ़ काफी समय से फरार चल रहा था। इधर, गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

# ग्रामीणों के सहयोग से होगा बेड़ो मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार



- शेड, लाइट, पेयजल, स्नानागार समेत कई सुविधाओं पर बनी सहमति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : मुक्तिधाम परिसर की बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए रविवार को ग्रामीणों की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में मुक्तिधाम को मूलभूत सुविधाओं से लैस करने को लेकर सर्वसम्मति से कोर कमिटी का गठन किया गया। बैठक में तय हुआ कि मुक्तिधाम विकास फंड के लिए आपसी चंदा किया जाएगा। ग्रामीणों के सहयोग के साथ जिला व प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से भी मदद ली जाएगी। इन सुविधाओं पर सहमति ग्रामीणों ने कहा कि मुक्तिधाम में अभी कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बैठक में शवदाह के लिए शेड एवं चबूतरा निर्माण, दफन स्थल तक जाने के लिए कलवर्ट निर्माण, रात में लाइट की व्यवस्था, पेयजल, स्नानागार, शवदाह के लिए लकड़ी की व्यवस्था और परिसर में पौधारोपण कराने पर सहमति बनी। जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए कोर कमिटी बनाई गई है। जिनमें अध्यक्ष राजू महतो, सचिव किशोर कुमार साहू व कोषाध्यक्ष रवि सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा गोप, मोती गुप्ता, अंकित सोनी, सुनील कुमार साहू, राजेश महतो, सुदामा, लाल मोहन बड़ाइक, कैलाश कुमार, रितेश साहू, रविशंकर प्रसाद, मनोज बड़ाइक, सौमित्र शर्मा, अवधेश ठाकुर, रितेश्वर गोप, शंकर लाल खन्ना, मनीष कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार साहू, सतवीर लाल खन्ना, रंजन गुप्ता, जयशंकर प्रसाद गुप्ता, कुणाल वर्मा, अशोक बड़ाइक व संरक्षक मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, मुन्ना बड़ाइक, विश्वनाथ गोप, केश्वर महतो, रंजीत खत्री, बजरंग गोप, योगेंद्र महतो, सुनील कुमार गुप्ता, उज्ज्वल गुप्ता, राजू सिंह, राकेश जायसवाल, सत्यजीत शर्मा, जगन्नाथ। बैठक में मुखिया सुशांति भगत, मुन्ना बड़ाइक, कृष्णा गोप, मोती गुप्ता, योगेंद्र महतो और सौमित्र शर्मा ने भी विचार रखे। सभी ने आपसी सहयोग से मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया।

### खूंटी उप-कारागार में जेल अदालत और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**खूंटी** : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को खूंटी उप-कारागार में विशेष जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर तथा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विचाराधीन बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। शिविर में उप-कारागार के 98 पुरुष एवं 11 महिला विचाराधीन बंदियों ने भाग लिया। न्यायिक अधिकारियों ने बंदियों को जेल अदालत की उपयोगिता, न्यायिक प्रक्रिया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

# एसआईआर पर हुई विशेष चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : छत्तरमांडू स्थित रामगढ़ परिसदन में रविवार को रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही रामगढ़ जिला में कॉंग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ममता देवी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने, संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में रामगढ़ जिला प्रभारी शिव कुमार भगत एवं रामगढ़ विधानसभा प्रभारी राजीव रंजन राजू ने भी संगठन विस्तार, बूथ कमेटियों को सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अपने विचार रखे और कार्यकताओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर आसिफ इकबाल, आरती मुंडा, खुशबू कुमारी, जाकिर अख्तर, राजेंद्र चौधरी, पिंटू अंसारी, हबीबुल्लाह अंसारी, लक्ष्मण महतो, नंदकिशोर बेदिया, रूपेंद्र महतो, भरत महतो, कामेश्वर प्रसाद, हाजी अख्तर, आरती मुंडा, जिला प्रवक्ता व मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश सहित जिला कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण डाक कर्मचारियों का आक्रोश : सेवा-गृह में काला फीता, 05 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के झारखंड प्रदेश सचिव रामेश्वर गोप ने केन्द्र सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ और ग्रामीण डाक कर्मचारियों पर लगातार बढ़ते शोषण व जबरन टारगेटिंग के विरोध में केन्द्रिय मुख्यालय द्वारा घोषित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रदेश भर के ग्रामीण डाक कर्मियों से सक्रिय समर्थन की अपील की है। संघ ने आरोप लगाया है कि टारगेट न होने पर ग्रामीण कर्मचारियों को 30-40 किलोमीटर दूर ट्रांसफर करने जैसी मनमानी की जा रही है, जिससे उनके पारिवारिक व रोजगार संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

**संघ के जारी कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु इस प्रकार हैं**

सभी ग्रामीण डाक कर्मचारियों से निर्देश दिया गया है कि वे दिनांक 20 जुलाई 2026 से 27 जुलाई 2026 तक अपने-अपने कार्यालयों में काला फीता बांधकर सेवा करें। 28 जुलाई 2026 को सभी डिविजन स्तर पर दोपहर भोजनावकाश के बाद धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। 5 अगस्त 2026 को पूरे परिमंडल में एक दिवसीय हड़ताल रखी जाएगी।

## हॉकी झारखंड की नयी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

# भोलानाथ सिंह लगातार चौथी बार बने अध्यक्ष




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हॉकी झारखंड की 13वीं वार्षिक आमसभा रविवार को मोराबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुई। आमसभा में वर्ष 2026-2030 के कार्यकाल के लिए 11 सदस्यीय नई कार्यकारिणी समिति का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। भारतीय खेल नीति-2025 के प्रावधानों के तहत अंतरराष्ट्रीय खेल संघ में पदाधिकारी होने के कारण भोलानाथ सिंह लगातार चौथी बार हॉकी झारखंड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, मनोज कुमार प्रसाद (मनोज कोनबेगी) महासचिव और असरिता लकड़ा कोषाध्यक्ष चुनी गईं। आमसभा के दौरान राज्य में हॉकी के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड के 20 जिलों को प्रति जिला 65 हजार रुपये मूल्य के खेल किट वितरित किए गए। संगठन ने इसे जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट, आय-व्यय का लेखा-जोखा, वित्तीय प्रतिवेदन, लेखा परीक्षक की नियुक्ति, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी सहित कुल आठ एजेंडों पर चर्चा हुई, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि सभी 11 पदों के लिए केवल एक-एक वैध नामांकन प्राप्त हुआ था।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (अ) की बैठक सामाजिक कुरीतियों, चुनौतियों पर हुई विस्तृत चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (अ) की बैठक ठाकुरगांव बैंक मोड़ स्थित समसिद्धि वैंक्वेट हॉलमें प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सामाजिक कुरीतियों, चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा किया गया। वक्ताओं ने कहा की आज लोगों की मानसिकता बिना किसी दोष उचित कारण के ब्राह्मणों को टारगेट कर प्रताड़ित करने की बन गयी है जो सरासर गलत है। ब्राह्मण समाज हमेशा से सभी समाज को साथ लेकर चलने और दिशा दिखाने में विश्वास करती है परंतु दुर्भाग्यवश अभी ब्राह्मणों को गाली दे रहे हैं। संगठन के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव रंगनाथ चौबे ने कहा की ब्राह्मणों के एकजुट होने का समय आ गया है। हम अपने बच्चों को निःसंदेह उच्च शिक्षा प्रदान करें लेकिन साथ ही यह भी निश्चित करें की हमारे बच्चे शिक्षा ग्रहण के बाद भी अन्यत्र न जाकर अपनी गांव की मिट्टी से जुड़े रहें तभी हमारे समाज के साथ क्षेत्र का विकास संभव है।बैठक में मुख्य रूप से डॉ कुंदन तिवारी, सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक सिधेश्वर महथा, रामकुमार दुबे, मुरारी नंद तिवारी, रामाशीष पांडेय, जयकुमार पांडेय, पुरुषोत्तम तिवारी, राजू चौबे, सोमनाथ चौबे, दिनेश चौबे समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया बैंक पेंशन एंड रिटायरमेंट फेडरेशन ने बुढ़मू में किया समावेशी विकास पर जोर, सैंपलिंग वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : बैंकों के राष्ट्रीयकरण और उससे जुड़े समावेशी विकास, सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष का आयोजन रांची जिले के बुढ़मू के कोटारी स्कूल परिसर में आल इंडिया बैंक पेंशन एंड रिटायरमेंट फेडरेशन के तत्वाधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैंक से रिटायर्ड पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें जन-हित संबंधित कई गतिविधियां कर ग्रामीणों को जोड़ा गया। कार्यक्रम की शुरूआत सैंपलिंग पौधरोपण से हुई, जिसमें सैकड़ों फलदार पेड़-विशेषकर आम व अमरूद के पौधे-वितरित किए गए और स्कूल परिसर में अशोक का पौधरोपण भी किया गया। आयोजकों ने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण स्वच्छ रहेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को लंबे समय में आर्थिक लाभ भी मिलेगा। समारोह में प्रखंड के उप प्रमुख हरदेव साहू, एथलिट्स गोल्ड मेडलिस्ट सीता मुंडा, जनक मुंडा व महेंद्र मुंडा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को धोती-साड़ी वितरित कर उनका सम्मान किया गया, जिससे सामाजिक संवेदनशीलता और एकजुटता का संदेश मिला। उपस्थित लोगों को स्वच्छ वातावरण, सामुदायिक विकास और वृद्धों के सम्मान पर भी संबोधित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह पहल राष्ट्रीयकरण के मूल उद्देश्यों-ग्रामीण व कमजोर वर्गों तक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण-को स्थानीय स्तर पर लागू करने की दिशा में एक छोटा मगर महत्वपूर्ण कदम है। उपस्थित ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम से पर्यावरण के साथ-साथ समुदाय की आर्थिक संभावनाएँ भी मजबूत होंगी।

### बारिश से गिरा जर्जर मकान भाजपा नेताओं ने किया निरीक्षण

**खूंटी** : लगातार हो रही बारिश के कारण जरियागढ़ निवासी अम्बिका प्रसाद शर्मा का जर्जर मकान शनिवार की रात गिर गया। घटना की सूचना मिलने पर रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा देवी और भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी जगरनाथ साहू ने घटनास्थल पहुंचकर क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया। साथ ही पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। निरीक्षण के दौरान विनय गुप्ता ने संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता, उचित मुआवजा और आवश्यकता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत करने की मांग की।

# बेड़ो के बारीडीह में कुएं में डूबने से महिला की मौत

- धान रोपनी को जा रही थी, पैर फिसलने से हादसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव में रविवार सुबह कुएं में डूबने से 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना पड़हा जतरा मैदान के पास रांची-गुमला फोरलेन मार्ग के समीप सुबह करीब 8:30 बजे हुई। मृतका की पहचान बारीडीह निवासी अनीशा उरांव उर्फ मीना उरांव, पिता भुलू उरांव के रूप में हुई है। वह विवाहित थी, लेकिन वर्तमान में मायके में अकेली रह रही थी। मिली जानकारी के अनुसार अनीशा धान रोपनी के काम से खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान कुएं के समीप उसका पैर फिसल गया और वह गहरे कुएं में जा गिरी। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूचना मिलते ही बेड़ो थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से पंप के जरिए कुएं का पानी खाली कराया गया। कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा और सुशील भगत सीएचसी पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त स्वजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। स्वजनों और ग्रामीणों ने किसी पर शक नहीं जताया। पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कहकर स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार गांव के मसना में आदिवासी रीति-रिवाज से कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

## झारखंड सेवा समिति ने गणक मैरेज हॉल में रामगढ़ बेस्ट क्रियेटर एवार्ड 2026 का किया आयोजन

# 150 से अधिक क्रियेटर्स को किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : थाना चौक स्थित गणक मैरेज हॉल में रविवार को झारखंड सेवा समिति की ओर से रामगढ़ बेस्ट क्रियेटर एवार्ड 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक ममता देवी एवं उदघाटनकर्त्ता छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी विवेक सिंह उपस्थित हुए। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने की। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन कार्यक्रम के उदघाटनकर्त्ता छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी विवेक सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि झारखंड सेवा समिति की पहल सराहनीय है। क्योंकि समिति द्वारा आज रामगढ़ बेस्ट क्रियेटर एवार्ड 2026 का आयोजन किया गया है। कहा कि इस आयोजन से क्रियेटर का उत्साह बढेगा और वे बेहतर करने के लिए प्रेरित होंगे। मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने समिति द्वारा सोशल मीडिया क्रियेटरों को सम्मानित करते हुए उनसे अपने हुनर का प्रयोग देश और समाज के हित में करने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि विधायक ममता देवी ने झारखंड सेवा समिति के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से सोशल मीडिया क्रियेटरर्स का उत्साह बढेगा। क्योंकि समिति ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्रियेटरों को सम्मानित किया है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, निलेंदु जयपुरियार , बलजीत सिंह बेदी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार और सोनी कुमारी ने किया। कार्यक्रम के प्रयोजक गणक मैरेज हॉल, सरपंच जी होटल, रानी डिटर्जेंट पाउडर, हॉप हास्पिटल और प्रातः आवाज थे। कार्यक्रम में कैलाश जैक्सन, शिवानी जैक्सन, कोडरमा से राजेश सिन्हा, रंगीला फैमली जैसे जाने माने सोशल मीडिया क्रियेटर्स ने भाग लिया। रामगढ़ बेस्ट क्रियेटर एवार्ड 2026 में झारखंड सेवा समिति की ओर से 150 से अधिक सोशल मीडिया क्रियेटर्स को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए मोमेंटों और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सोशल मीडिया क्रियेटर्स का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड सेवा समिति के नंदकिशोर गुप्ता, रंजन फौजी, मनोज मंडल, रूपेश गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, रोहित कुमार, उमेश कुमार, विनोद साव, शीतल सिंह, गोपाल साव, फरहान अख्तर, विवेक गुप्ता, आनंद प्रताप सिंह, संतोष सिंह, रिंकी श्रीवास्तव आदि ने योगदान दिया। कार्यक्रम के आयोजन में जिन सोशल मीडिया क्रियेटरर्स ने योगदान दिया उनमें संजू बाबा, सरस्वती कुमारी, गौतम कुमार, शिवानी कुमारी, सोनिया कुमारी, ललिता कुमारी, श्रवण कुमार, अमिता श्रीवास्तव, सीमा कुमारी, सन्नी करमाली, संजय मेहता, तारा कुमार, चंदन कुमार, संतोष कुमार, संतोष विश्वकर्मा, पवन कुमार, भारती कुमारी, तनिष्क, सुभम दास का नाम शामिल है।

## मगनपुर तालाब के सुंदरीकरण को लेकर मुखिया की अनोखी पहल बनी चर्चा का विषय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर स्थित तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से वर्तमान मुखिया नुरुल्लाह अंसारी ने विशेष अभियान चलाकर तालाब में फैली गंदगी की साफ-सफाई कराई। लंबे समय से उपेक्षित इस तालाब की साफ-सफाई होने से क्षेत्र का वातावरण भी बेहतर हुआ है। मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री से मिलकर हम एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेंगे ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर भी प्राप्त हो और तालब भी हमेशा स्वच्छ रहे।उनका उद्देश्य इस तालाब को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाकर प्रखंड क्षेत्र में इसे एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, ताकि लोग यहां घूमने आएं और स्थानीय स्तर पर भी पहचान बने। पीडब्ल्यूडी की सरकारी भूमि एवं लगभग 9 एकड़ क्षेत्रफल में फैले तालाब पर कथित अतिक्रमण का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ व्यक्तियों ने पीडब्ल्यूडी की सरकारी जमीन के साथ-साथ तालाब के हिस्से पर भी अतिक्रमण कर रखा है, जिससे सरकारी संपत्ति और जलाशय का अस्तित्व प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

## एक झलक

### पिस्का मोड़ विश्वनाथ शिव मंदिर में 12 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन



रांची : रविवार को पवित्र सावन माह के आगमन के पूर्व पिस्का मोड़ विश्वनाथ शिव मंदिर में 12 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। मधुबनी, सिवान और आरा शाहपुर से आए कीर्तन मंडली ने संगीतमय हरिकीर्तन से पूरे मंदिर परिसर समेत आसपास में भक्तिमय बना दिया। सफल आयोजन में अरविंद तिवारी,विक्की तिवारी, मनमोहन पांडे, कौशिक सिंह, अजय कुमार पाठक समेत अन्य शामिल हुए।

### मानदेय को लेकर महिला होमगार्ड के रोने की घटना चिंताजनक सरकार जवाब दे : राफिया नाज

रांची : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में ड्यूटी के दौरान पांच महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण एक महिला होमगार्ड के फूट-फूटकर रो पड़ने की घटना को झारखंड सरकार की संवेदनहीनता का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक महिला होमगार्ड की पीड़ा नहीं, बल्कि राज्य के हजारों होमगार्ड जवानों की बदहाल स्थिति को उजागर करती है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में राफिया नाज ने कहा कि अस्पताल परिसर में महिला होमगार्ड ने यह कहते हुए अपनी व्यथा व्यक्त की कि यदि मानदेय नहीं मिला तो परिवार का गुजारा मुश्किल हो जाएगा। गंभीर बीमारी के बावजूद इलाज कराने में असमर्थता जताना इस बात का प्रमाण है कि सरकार अपने सुरक्षा कर्मियों की मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं कर पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी महीने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में मानदेय नहीं मिलने और आर्थिक तंगी से परेशान एक महिला होमगार्ड ने आत्महत्या का प्रयास किया गया था। इसके बावजूद सरकार ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार के लिए होमगार्ड जवानों का सम्मान और उनका जीवन प्राथमिकता में नहीं है।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई पर कार्यशाला

रांची : कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके में रविवार को सीबीएसई के डिस्ट्रिक्ट लेवल डिलीवरी कार्यक्रम के तहत विद्यालयों के लिए 'कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की समझ' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने कंप्यूटेशनल थिंकिंग, मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क तथा नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों पर अपने अनुभव और शोध साझा किए। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. सुभाष चंद्र यादव, बीआईटी मेसरा के सहायक प्रोफेसर के. श्रीधर पटनायक, एसआर डीएवी के प्राचार्य डॉ. तापस घोष तथा डॉ. प्रतीक विश्वास ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर परमजीत कौर ने कहा कि बदलते समय के साथ सकारात्मक परिवर्तनों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुके हैं। इनके विवेकपूर्ण उपयोग से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान की क्षमता और रचनात्मकता का विकास होता है। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर भी बल दिया। मुख्य वक्ता प्रो. सुभाष चंद्र यादव ने कहा कि कंप्यूटेशनल थिंकिंग जटिल समस्याओं का तार्किक और व्यवस्थित समाधान खोजने की प्रक्रिया है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उन समाधानों को प्रभावी रूप से लागू करने का सशक्त माध्यम है।

# सावन से पहले पहाड़ी मंदिर पहुंचे उपायुक्त

## ▪ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर दिये आवश्यक निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को आगामी सावन पर्व की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहाड़ी बाबा मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों को समयबद्ध ढंग से सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सावन माह में लाखों श्रद्धालु पहाड़ी बाबा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें दर्शन, पूजा-अर्चना और अन्य सुविधाओं



के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सीढ़ी मार्ग, शौचालय निर्माण, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पेवर ब्लॉक बिछाने के कार्य, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा, ?पहाड़ी बाबा रांचीवासियों की आस्था के केंद्र हैं। सावन पर्व के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए सभी निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। सुरक्षित एवं सुगम सीढ़ी मार्ग, पर्याप्त शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और विश्राम की सुविधाएं हमारी प्राथमिकता हैं। उपायुक्त ने श्रद्धालुओं और दुकानदारों से भी विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि सावन पर्व के दौरान मंदिर परिसर में शीशे की किसी भी प्रकार की पूजन सामग्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। श्रद्धालुओं से पूजा में शीशे या धातु की वस्तुओं का उपयोग नहीं करने तथा दुकानदारों से ऐसी सामग्री की बिक्री नहीं करने का आग्रह किया गया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से पहाड़ी बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि पहाड़ी बाबा का आशीर्वाद सभी रांचीवासियों पर बना रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को सावन पर्व से पहले सभी विकास कार्य पूरे करने, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त शौचालय, पेयजल, प्रकाश और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सीढ़ी मार्ग एवं मुख्य रास्तों को सुरक्षित और सुगम बनाने, सुरक्षा, स्वच्छता एवं भीड़ प्रबंधन की प्रभावी योजना तैयार करने तथा कार्यों की नियमित समीक्षा कर कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

## ख्याति द बुटीक में 21 जुलाई को लगेगा सेल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार, 21 जुलाई 2026 से SHOE BAZAR, KHYATI.. The Boutique एवं ANSH Jewellery में शुरू हो रही है Grand Annual Sale, जहाँ आपको मिलेगा फैशन, गुणवत्ता और बचत का शानदार संगम। इस विशेष सेल के दौरान चुनिंदा उत्पादों पर 50% तक की आकर्षक छूट का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यदि आप अपने परिवार के लिए बेहतरीन फुटवियर, ट्रेंडी परिधान या खूबसूरत ज्वेलरी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह मौका बिल्कुल न चूकें। रळडए इएअफ में पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए लेटेस्ट डिजाइन के स्पोर्ट्स शूज, कैजुअल शूज, फॉर्मल शूज, सैंडल, स्लिपर्स तथा अन्य प्रीमियम फुटवियर का विशाल संग्रह आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध रहेगा। वहीं KHYATI.. The Boutique में महिलाओं के लिए खूबसूरत साड़ियां, डिजाइनर सूट, कुर्तियां, गाउन, ड्रेस मटेरियल, पार्टी वियर एवं लेटेस्ट फैशन कलेक्शन विशेष छूट के साथ उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही ANSH Jewellery में स्टाइलिश आर्टिफिशियल ज्वेलरी, ब्राइडल कलेक्शन, नेकलेस सेट, इयररिंग्स, चूड़ियाँ, रिंग्स और अन्य फैशनेबल एक्सेसरीज पर भी शानदार ऑफर्स आपका इंतजार कर रहे हैं। यह ग्रैंड एनुअल सेल केवल खरीदारी का अवसर नहीं, बल्कि अपने पसंदीदा उत्पादों को बेहतरीन गुणवत्ता और किफायती कीमतों पर घर ले जाने का उत्सव है। चाहे त्योहारों की तैयारी हो, शादी-ब्याह का अवसर हो, किसी खास कार्यक्रम के लिए नई ड्रेस और मैचिंग ज्वेलरी की तलाश हो, या फिर रोजमर्रा की जरूरतों के लिए स्टाइलिश फुटवियर खरीदना हो–आपको हर जरूरत का बेहतरीन विकल्प एक ही स्थान पर मिलेगा।

## 67वां पदस्थापन समारोह हर्ष व उल्लास के साथ सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : लायंस क्लब ऑफ रांची का 67वां पदस्थापन समारोह हर्ष एवम उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सत्र 2026-27 के लिए डॉ पूनम सखुजा के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी को पूर्व जिलापाल PMJF राहुल वर्मा ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था के रूप में लायंस इंटरनेशनल को जाना जाता है। क्लब के पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवम कार्य से अवगत कराया। पदस्थापन समारोह समिति के संयोजक श्याम सुंदर शर्मा ने सभी आगत अतिथियों एवम विभिन्न क्लबों से आए पदाधिकारियों का स्वागत किया। क्लब सचिव डॉ प्रदीप कुमार क्लब की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप बंका ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। लायन लेडी ऑफ ईयर वीणा बंका, लेडी लायन ऑफ ईयर मंजू कुमार, सर्वोत्तम कमेटी चेयरमैन राजेश चौधरी, लायन ऑफ ईयर मनीष गरोड़िया। मुख्य अध्यक्ष जिलापाल 322अ लायन शुभ्रा मजुमदार ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि लायन वाद के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने के लिए तीनों महिलाएँ पदाधिकारी कृत संकल्प हैं। डॉ। पूनम सखूजा के नेतृत्व में लायनिज्म को मुस्कान के साथ आगे बढ़ाना है। स्वामी परिपूर्णा नंद जी आचार्य चिनमय मिशन ने लायंस क्लब ऑफ रांची को मानवता सेवा के प्रति कृतसंकल्प होने का आह्वान किया। उपजिलापाल द्वितीय लायन सुजीत कुमार ने बधाइयां दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरमिंदर वीर सिंह एवम सिमलजीत कौर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मंजू तिवारी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलापाल विनोद गद्यान, सिद्धार्थ मजुमदार, राजेश चौधरी, अरुण कुमार सिंह, डॉ देवेन्द्र सिंह, शांतनु तिवारी, टी पी बर्नवाल, विजय कुमार पांडेय, राजेश मोर, सुकृत तिवारी, परविंदर सिंह, अजय अग्रवाल, धर्मेंद्र सिन्हा, प्रकाश अरोड़ा, आशीष मेमानी उपस्थित थे।

### सैकड़ों समर्थकों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे भाजपा में शामिल

## सेवा, समर्पण और संगठन के बल पर भाजपा का जनाधार निरंतर बढ़ रहा है : संजय सेट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर जिला द्वारा तुपुदाना स्थित औरेलिया बैंक्वेट हॉल में आयोजित भव्य सदस्यता ग्रहण एवं मिलन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हटियाझतुपुदाना क्षेत्र के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे एवं उनकी धर्मपत्नी श्वेता दुबे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री एवं रांची के



लोकप्रिय सांसद संजय सेठ, भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, भाजपा रांची जिला पूर्वी अध्यक्ष विनय महतो (धीरज), रांची नगर निगम के उप महापौर नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता आरती कुजूर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा आरती सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष के.के. गुप्ता, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, ने नवसदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय स्वागत किया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सुमित दुबे एवं नवसदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी। सुमित दुबे ने भाजपा परिवार में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, सेवा भाव एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे ऐतिहासिक कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने अपने साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करेंगे।

## भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष साईं रेड्डी आज एक दिवसीय प्रवास पर आयेंगे झारखंड



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/लातेहार** : भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साईं रेड्डी आज एक दिवसीय प्रवास पर झारखंड आ रहे हैं। इस दौरान वे लातेहार जिले में किसानों से सीधे संवाद करेंगे और राज्य के किसानों की समस्याओं को सुनेंगे। प्रवास के दौरान रेड्डी लातेहार में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में किसान भाग लेंगे। इस मंच से वे केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देंगे और खेती, प्राकृतिक खेती, बीज, खाद, टरढ एवं फसल बीमा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके पश्चात साईं रेड्डी झारखंड प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी करेंगे। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी आंदोलनों की रूपरेखा, सदस्यता अभियान और किसान हित के लंबित मुद्दों पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रचार प्रमुख प्रकाश कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस प्रवास से झारखंड के किसानों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की 120वीं राष्ट्रीय परिषद की हुई बैठक

## चंद्रवंशी समाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान किया जायेगा : अशोक आजाद




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की 120वीं दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं राष्ट्रीय अधिवेशन का झारखण्ड की राजधानी रांची के स्वागतम बैंकट हॉल, सहजानंद चौक, हरमू, रांची में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यवाहक महामंत्री सुबोध कुमार द्वारा राष्ट्रीय प्रतिवेदन पर आज भी चर्चा किया गया, सर्वप्रथम राष्ट्रीय उपदेशक सुरेंद्र सिंह द्वारा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में दिए गए सुझाव पर संविधान संशोधन, अनुशासन समिति, चुनाव समिति, आई टी सेल, मेडिकल सेल, शिक्षा, स्वस्थ्य सेल का गठन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कलकत्ता में राष्ट्रीय कार्यालय बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया साथ ही राष्ट्रीय कमिटी का पूनर्गठन करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद ने कहा की चंद्रवंशी महासभा को अन्य प्रदेश में भी संगठन बढ़ाया जायेगा और पुरे देश के सभी चंद्रवंशी समाज को एक मंच पर लाकर सशक्त बनाया जायेगा। राष्ट्रीय महामंत्री शीतल सिंह ने कहा चंद्रवंशी समाज को सशक्तिकरण एवं समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जायेगा` इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह, राष्ट्रीय संयोजक बी पी सिंह, कार्यालय प्रभाती एस पी सिंह, राष्ट्रीय संयोजक डॉ. पिन्टू सिंह,सुरेंद्र प्रसाद सलाहकार बोर्ड, गौरवनारायण भारती, ललन सिंह, प्रेम वर्मा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), विनय कुमार (पटना ), रामानुग्रह सिंह (पटना ), दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शम्भू सिंह, बिहार कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, बंगाल प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा, झारखण्ड प्रदेश युवा अध्यक्ष आकाश रवानी, झारखण्ड प्रदेश महिला अध्यक्ष सरिता देवी, सतेंद्र वर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष), प्राणिक वर्मा (प्रदेश झारखण्ड सचिव), रंजन चंद्रवंशी पलामू जिला अध्यक्ष, गोड्डा जिला अध्यक्ष लोबीन रवानी, कान्ति चंद्रवंशी पलामू महिला अध्यक्ष, शैलेश चंद्रवंशी, जीतेन्द्र गुड्डू रवानी प्रदेश सचिव, रांची जिला अध्यक्ष अरविन्द कुमार प्रसाद, रांची जिला महामंत्री विनय चंद्रवंशी, मनोज आजाद चुटिया मण्डल अध्यक्ष,शंकर वर्मा, अरुण वर्मा, मनोज वर्मा, राजा वर्मा, पप्पू वर्मा, संतोष वर्मा, हरिकांत सिंह, ध्रुव वर्मा, कुसुम वर्मा, प्रियंका देवी, प्रीति कुमारी, पूर्णिमा देवी (रांची जिला महिला अध्यक्ष ), उमेश वर्मा, चन्दन सिंह, प्रदीप वर्मा आदि सैकड़ो में चंद्रवंशी समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## रांची जिला सीनियर वुशू चैम्पियनशिप सफलतापूर्वक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची जिला वुशू संघ के तत्वावधान में आज बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी स्थित वुशू हॉल में रांची जिला सीनियर वुशू चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रांची जिले के विभिन्न क्लबों एवं विश्वविद्यालयों के लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन सुनील सूर्यांत उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय साहू, झारखंड वुशू एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र नाथ दुबे तथा संजय साहू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, प्रशिक्षक, तकनीकी अधिकारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन मे दीपक गोप की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## आज देश के नौजवानों और छात्र-छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है : कांग्रेस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने देश की वर्तमान परीक्षा प्रणाली और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज देश के नौजवानों और छात्र-छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है। इस भ्रष्ट कुव्यवस्था से पीड़ित युवा पूरी तरह से लोकतांत्रिक और अहिंसात्मक तरीके से सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रदीप यादव ने रविवार को रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि यह बेहद कड़वा सच है कि पेपर लीक के कारण देश में दो दर्जन से अधिक होनहार छात्र-छात्राओं ने तंग आकर खुदकुशी कर ली है। लेकिन, सत्ता के नशे में चूर देश के प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को न तो इन परिवारों का दर्द महसूस हो रहा है और न ही युवाओं के आक्रोश की गूंज सुनाई दे रही है। प्रधानमंत्री इन गंभीर हालातों से पूरी तरह आंखें मूंदे बैठे हैं। सरकारी रिकॉर्ड्स का हवाला देते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बताया कि वर्ष 2014 से लेकर अब तक देश में विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षाओं के 152 पेपर लीक हो चुके हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक फैली इस बीमारी से करीब 7.5 करोड़ छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद आज तक किसी भी बड़े दोषी को सजा नहीं मिल सकी है और न ही सरकार ने इस पर कोई जवाबदेही तय की है। नीट परीक्षा के पेपर लीक के बाद जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, सरकार के किसी नुमाइंदे ने उनसे मुलाकात कर उनका हाल-चाल तक जानने की जहमत नहीं उठाई।

## झारखंड राज्य कुश्ती संघ की स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग में राष्ट्रीय खेल अधिनियम 2025 के आधार पर नये बायलॉज को मंजूरी




**रांची** : राज्य कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह के अध्यक्षता में आज रांची में स्पेशल जनरल बॉडी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय खेल नीति, और भारतीय कुश्ती संघ के नियम-विनियमों के अनुरूप तैयार किए गए झारखंड कुश्ती संघ के बायलॉज को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। बैठक में झारखंड के सभी 24 जिलों से एक महिला और एक पुरुष पदाधिकारी शामिल हुए। इसके साथ ही झारखंड कुश्ती संघ की कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे। सदस्यों ने विस्तार से चर्चा के बाद 2026-30 के लिए झारखंड कुश्ती संघ के आम चुनाव कराने का समिति में प्रस्ताव लाया गया, जिस पर सभी लोगों ने अपनी सहमति दी।

## झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव लक्ष्मण राम ने मोरहाबादी स्टेडियम रांची में की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव श्री लक्ष्मण राम द्वारा मोराबादी स्टेडियम रांची के पास में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। आगामी 11 अक्टूबर 2026 को झारखंड मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसे जल्द से जल्द जगह का नाम का प्रस्ताव किया गया सिल्ली, यह रांची में यह प्रतियोगिता कराने का निश्चय किया गया, नेशनल गेम नवंबर क्या लास्ट में होने की संभावना है और एशियाई गेम जनवरी लास्ट में नेपाल का राजधानी काठमांडू में होगा अधिक जानकारी के लिए सचिव श्री लक्ष्मण राम से संपर्क कर सकते हैं इस मीटिंग में हमारे अधिकारी एवं खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसका नाम निम्नलिखित इस प्रकार है। प्रेसिडेंट, राजकुमार वाल्मीकि, सचिव, श्री लक्ष्मण राम हमारे टीम के



कोच श्री जवाहर झा सर, उप सचिव, राजेंद्र महतो, बाबू देव, सुरजीत सिंह, केके ठाकुर, राम प्रताप मुंडा, आरपी सिंह, रंजीत मुंडा, मनोरंजन प्रसाद, एस, के, दत्ता, अशोक सिंह, कृष्ण कुमार, प्रभात कुमार भगत, कृष्ण कुमार महतो, राजेंद्र प्रसाद महतो, दिनेश सिंह मुण्डा, प्रभात कुमार भगत, विगराज प्रसाद, सिल्ली से श्री राम जीत मुंडा, जहांगीर अंसारी श्री संजय कुमार राय और नेहा कुमारी यह सभी अधिकारी एवं खिलाड़ियों ने आकर मीटिंग में शामिल हुए अधिक जानकारी के लिए झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के सचिव श्री लक्ष्मण राम या श्री राजकुमार वाल्मीकि, श्री राजेंद्र महतो से संपर्क कर सकते हैं।

### जेल अदालत सम्पन्न, चिकित्सा शिवर में बंदियों की हुई जांच

## न्यायालय के समक्ष 07 मामलों को रखा गया, जिसमें 02 बंदी हुए कारामुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञत हो कि उक्त जेल अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में संसीमित 07 बंदियों का आवेदन जेल



अदालत हेतु समर्पित किया गया था, जिसमें 02 बंदी को जेल अदालत का लाभ प्रदान किया गया। यह भी ज्ञात हो कि मौक पर डालसा रांची के द्वारा निःशुल्क जांच शिविर लगाकर बंदियों के स्वास्थ्य की जांच करायी गयी तथा सभी न्यायिक दण्डाधिकारियों के द्वारा बंदियों को दिये जानेवाला भोजन की गुणवत्ता की जांच भी की गयी। डालसा सचिव ने स्वयं बंदियों को दिये जानेवाले खाना को खाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की और कमियों को दूर करने का निर्देश दिये। डालसा सचिव ने कहा कि समय-समय पर चिकित्सा शिविर लगाकर बंदियों की स्वास्थ्य की जांच की जानी चाहिए, जिससे कि बंदियों को कोई गंभीर बीमारी न हो एवं उन्होंने बंदियों को दिये जानेवाले भोजन पर साफ-सफाई पर ध्यान रखने का निर्देश दिये। जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक जागरूकता के माध्यम से माननीय नालसा एवं झालसा द्वारा बंदियों को दी जानेवाली कानूनी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डालसा सचिव, राकेश रौशन, न्यायिक दण्डाधिकारी, मनीष कुमार सिंह, प्रशांत कुमार वर्मा, रेलवे न्यायिक दण्डाधिकारी, बिजय कुमार यादव, एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी एलएडसी, राजेश कुमार सिन्हा, एलएडीसी सहायक, पंकज कुमार शर्मा, अनुप कुमार कटियार, सौरभ पाण्डे, स्वीकृति विनाया, अभिलाषा सिन्हा, पीएलवी भुप्रताप महतो, गणेश कुमार, सिकन्दर मुण्डा, काराधीक्षक कुमार चन्द्रशेखर, कारापाल, लवकुश कुमार, बाड़ा बाबु, मो. सद्दाम हुसैन, काराकर्मी एवं बंदीगण उपस्थित थें।

## हरिदेव सेवा संघ ने किया रिम्स, रांची में नि:शुल्क भोजन वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सामाजिक संस्था हरिदेव सेवा संघ के तत्वावधान में रविवार को बरियातू स्थित रिम्स (रांची) में मरीजों के परिजनों, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल में मौजूद जरूरतमंद लोगों की सहायता करना तथा समाज में सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश देना था। संस्था के सभी सदस्यों ने पूरे समर्पण के साथ भोजन वितरण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस सेवा कार्य का नेतृत्व संस्थापक सह संचालक संजीत कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में भोला प्रसाद, सोनू यादव, प्रीतम सिंह, कार्तिक कुमार, उज्जवल कुमार, जयेश साहू, पवन बरनवाल, चन्दन सोनी, रंजीत साहू सहित हरिदेव सेवा संघ के अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था के संस्थापक सह संचालक संजीत कुमार साहू ने कहा कि हरिदेव सेवा संघ भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित एवं जनसेवा के कार्य निरंतर करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## एक झलक

### डिजिटल कृषि रथ का 16 दिवसीय भ्रमण अभियान

**चरही (हजारीबाग) :** कृषि विभाग की ओर से जिले में डिजिटल कृषि रथ का 16 दिवसीय भ्रमण अभियान चलाया जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), हजारीबाग के निर्देशन में संचालित यह रथ विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों का भ्रमण कर किसानों को विभागीय योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देगा। चुरचू प्रखंड में डिजिटल कृषि रथ 19 एवं 20 जुलाई को पहुंचेगा। रूट चार्ट के अनुसार 19 जुलाई को रथ नगड़ी, ओरिया, आंगो, सरिया, बोदरा, चिचिकला, सरबाहा और चनारो पंचायतों का भ्रमण करेगा। वहीं 20 जुलाई को पंचायत भवन बहेरा से होते हुए पिपरा, फुसरी, कजरी, इंद्रा, पत्र बासाडीह, और जरबा ,हेन्देगढ़ा,हरहद कोवाड़ तक जाएगा। भ्रमण के दौरान किसानों को विभागीय योजनाओं के साथ दलहन एवं तिलहन की उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा वैकल्पिक कृषि प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। मानसून की अनिश्चितता को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि डिजिटल कृषि रथ किसानों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। मुख्य रूप से विधायक प्रदीप यादव, पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो,बीटीएम नकुल कुमार, वार्ड सदस्य रीता देवी, किसान मित्र नरेश कुमार महतो राजेंद्र साव पुनीत राम लक्ष्मी करमाली एवं जाने माने लोग उपस्थित थे।

### देशभक्ति की अमर ज्योति हैं मंगल पांडेय, उनके आदर्शों को अपनायें युवा : बटेश्वर प्रसाद मेहता

**हजारीबाग :** 1857 की प्रथम स्वतंत्रता क्रांति के अग्रदूत एवं अमर शहीद मंगल पांडेय की जयंती पर झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि एवं शत-शत नमन अर्पित किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि मंगल पांडेय केवल एक वीर सैनिक नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की वह पहली प्रज्वलित मशाल थे, जिनकी अदम्य वीरता और बलिदान ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी। वर्ष 1857 की क्रांति ने पूरे देश में स्वतंत्रता की चेतना का संचार किया और करोड़ों भारतीयों के मन में आजादी की अलख जगाई। श्री मेहता ने कहा कि स्मरण रहे कि मंगल पांडेय का जीवन हमें राष्ट्रभक्ति, साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देता है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी असंख्य वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवगाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उनके आदर्श सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, सात घायल, 05 रेफर

**बरही:** धनबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप के बगल में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के कुल 7 लोग घायल हो गए। घायलों में बरही निवासी मनोज कुमार 45 वर्ष पिता स्व. मदनलाल बरनवाल, सुधांशु राज 24 वर्ष पिता कैलाश बरनवाल और सुमित कुमार 20 वर्ष पिता कैलाश बरनवाल शामिल हैं जबकि दूसरे पक्ष में रांची निवासी पीयूष कुमार 19 वर्ष पिता दीपक कुमार, प्रतीक कुमार 23 वर्ष पिता प्रदीप कुमार, नमन स्वरूप 22 वर्ष पिता दिलीप कुमार, शनि स्वरूप 24 वर्ष पिता दिलीप कुमार और ऋतु राज 18 वर्ष पिता प्रदीप कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मनोज कुमार सहित रांची पक्ष के पांच लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची पक्ष के लोगों ने लगभग 20 वर्ष पहले मनोज कुमार के ही एक संबंधी से यह जमीन खरीदी थी और जब वे जमीन पर काम करने पहुंचे तो मनोज कुमार पक्ष के लोगों ने विरोध करते हुए मारपीट कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भीषण भू-धंसान, आधा दर्जन मकान जमींदोज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद) :** कोयलांचल के कतरास क्षेत्र में भू-धंसान का खतरा एक बार फिर भयावह रूप में सामने आया है। रविवार सुबह कतरास थाना क्षेत्र के रामकनाली ओपी अंतर्गत केशलपुर मुंडा धौड़ा में अचानक तेज धमाके जैसी आवाज के साथ जमीन धंस गई। कुछ ही पलों में करीब 60 फीट क्षेत्र की जमीन नीचे समा गई और वहां स्थित करीब आधा दर्जन खाली आवास पूरी तरह जमींदोज हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और दहशत में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 7:30 बजे तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। इसके बाद जमीन में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ने लगीं और देखते ही



देखते कई हिस्से धंस गए। राहत की बात यह रही कि जिन मकानों पर भू-धंसान हुआ, वे उस समय खाली थे। यदि उनमें लोग मौजूद होते तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही रामकनाली ओपी पुलिस, एके-डब्ल्यूएमसी कोलियरी प्रबंधन तथा सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर पूरे खतरे वाले क्षेत्र को लाल फीता लगाकर घेर दिया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति वहां प्रवेश न कर सके। भू-धंसान में कई परिवारों के घरों में रखा सामान भी मलबे में दब गया। प्रभावित परिवारों में अनवर अंसारी, गीता देवी, राजू गुप्ता और विंदा देवी सहित अन्य शामिल हैं। इन परिवारों को पूर्व में रामकनाली कोलियरी कार्यालय के समीप पुनर्वास के लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है। कुछ परिवार वहां नए घर बना चुके हैं, जबकि कुछ के मकान अभी निमार्णाधीन हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि केशलपुर क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार भू-धंसान हो चुका है। लोगों का आरोप है कि बार-बार चेतावनी और घटनाओं के बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। ग्रामीणों ने बताया कि भू-धंसान स्थल के समीप कतरी नदी और हनुमान मंदिर स्थित हैं। पिछले दो दिनों से लगातार बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। आशंका जताई जा रही है कि यदि पानी का दबाव और बढ़ा तो आसपास के क्षेत्रों में भी भू-धंसान का खतरा बढ़ सकता है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले गजलीटांड़ क्षेत्र में कतरी नदी का पानी अवैध खनन वाले मुहानों में घुसने का वीडियो भी वायरल हुआ था, जिससे भूमिगत खदानों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र में 5 सितंबर को भी भीषण भू-धंसान की घटना हुई थी, जिसमें सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और भारी तबाही मची थी। ताजा घटना के बाद एक बार फिर स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन, बीसीसीएल और संबंधित एजेंसियों से तत्काल भू-वैज्ञानिक जांच, संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित घोषित करने तथा प्रभावित परिवारों के शीघ्र पुनर्वास और मुआवजे की मांग की है।

## बासाडीह टोला दहुदाग में नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी का माहौल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चरही :** हजारीबाग चुरचू प्रखंड अंतर्गत इंदरा पंचायत के ग्राम बासाडीह टोला दहुदाग में कुछ दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति बाधित होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने इंदरा पंचायत के पूर्व मुखिया श्री दशरथ महतो को समस्या से अवगत कराया। सूचना मिलते ही श्री दशरथ महतो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया और त्वरित पहल कर नए ट्रांसफार्मर की स्थापना सुनिश्चित कराई। ट्रांसफार्मर स्थापित होने के उपरांत श्री दशरथ महतो ने ग्रामीणों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। नये ट्रांसफार्मर के चालू होने से



क्षेत्र में पुनः सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई है। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने जनहित में किए गए इस त्वरित प्रयास के लिए श्री दशरथ महतो का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर झामुमो हजारीबाग जिला सचिव नीलकंठ महतो, चुरचू 20 सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, अंदु महतो, विशेश्वर महतो, वार्ड सदस्य चमेली कुमारी, राजू महतो, संतोष महतो, अशोक महतो, हरि महतो, सुनील महतो, समीर महतो, गुरदयाल महतो, असारी महतो, विसायी महतो, शिकारी महतो, चेतलाल महतो सहित दहुदाग के बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## धनबाद में 78 केन्द्रों पर झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** जिले के 78 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा 2024 कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की थी। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सघन जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। सभी अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली, साइन बोर्ड, सीटिंग प्लान सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने बताया कि उन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। आयोग के निर्देशानुसार सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई। परीक्षार्थियों को निर्धारित सीटिंग प्लान के अनुसार बैठाया गया। साथ ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, पेजर, लॉग टेबल सहित किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहा।

परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने 78 स्टैटिक दंडाधिकारी, 43 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, 9 फ्लाइंग स्क्वायड, 105 ऑब्जर्वर तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की थी। परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रही। जिला प्रशासन ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त बताया।

## झारखंड में बारिश में सुधार, अब तक सामान्य से 37 प्रतिशत कम बारिश

**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य भर में हाल के दिनों में बारिश में सुधार देखने को मिला है। 01 जून से 19 जुलाई तक राज्य भर में ३८०.६ मिलिमीटर के मुकाबले २४०.६ मिमी रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य से 37 प्रतिशत कम है। वहीं इस दौरान यह आंकड़ा 12 जुलाई तक 40 प्रतिशत था। जुलाई के दूसरे हफ्ते में हुई अच्छी बारिश के कारण राज्य भर में कृषि कार्यों में तेजी आई है। वहीं मौसम विभाग ने 20 और 21 जुलाई को राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## विश्वकर्मा शिल्पकार मेला से समाज में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : विकास राणा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कमेटी के द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को स्थानीय विधानसभा सभागार, रांची में आयोजित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा मंच संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य 24 जिला के जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, जिला कोषाध्यक्ष सहित विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि राज्य स्तरीय विश्वकर्मा शिल्पकार मेला 20 सितम्बर से 24 सितम्बर 2026 (पांच दिवसीय ) को रांची के हरमू मैदान में आयोजित किया जायेगा। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज द्वारा एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य। सभी जिला मुख्यालय में जिला सम्मलेन का आयोजन का निर्णय। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा



समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा राज्य स्तरीय विश्वकर्मा शिल्पकार मेला 20 सितम्बर से 24 सितम्बर 2026 (पांच दिवसीय) को रांची के हरमू मैदान में आयोजित किया जायेगा जिसमें विश्वकर्मा समाज के पेशे एवं रोजगार से जुड़े सभी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायीं जायेगी तथा इससे विश्वकर्मा समाज के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोगों को राजनीति में आगे आने की जरुरत है, राज्य में होने वाले पंचायत चुनाव में विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों को चुनाव जिताकर लाना होगा। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि बहुत जल्द विश्वकर्मा समाज के द्वारा सभी जिला मुख्यालय में जिला सम्मलेन का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर विश्वकर्मा, संजय शर्मा, दिनेश राणा, हीरामण मिस्त्री, संतोष राणा, दिलीप शर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा, राजेश शर्मा, यदु राणा, सुजीत कुमार शर्मा, रामअकबाल शर्मा, बृजलाल राणा, दीपक कुमार शर्मा, सुभाष राणा, सिकंदर शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, दुर्गा राणा, देवकी राणा, प्रियंका शर्मा, लखन लाल शर्मा, उमेश राणा, महादेव विश्वकर्मा, बाबूलाल शर्मा, प्रो कैलाश राणा, सुखदेव राणा, रविन्द्र शर्मा, रामसागर प्रसाद, विनोद राणा, मनोज विश्वकर्मा, गणेश राणा, प्रो जगदीश शर्मा, सुभाष शर्मा, अरुण शर्मा, कृष्णा शर्मा, अरविन्द कुमार शर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, सन्दीप कुमार, गौतम कुमार, विनय कुमार राणा, संजीत शर्मा, शंकर कुमार शर्मा, संदीप कुमार विश्वकर्मा, विशाल शर्मा, रामसकल शर्मा, रामानन्द शर्मा, वकील राणा, रामजतन शर्मा, राजू शर्मा, मुकेश राणा, सहित सैकड़ो की संख्या में पुरे झारखण्ड से विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि भाग लिये।

## 14.95 लाख का बहुउद्देशीय भवन कहां बना? इचाक की जनता ने विधायक से मांगा जवाब

**इचाक :** प्रखंड में 14 लाख 95 हजार रुपये की प्राक्कलित लागत से स्वीकृत बहुउद्देशीय भवन को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भवन का शिलान्यास किया गया था और योजना की राशि की निकासी भी हो चुकी है, लेकिन आज तक उन्हें संबंधित बहुउद्देशीय भवन दिखाई नहीं दे रहा है। इसे लेकर लोगों ने क्षेत्रीय विधायक से सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। ग्रामीणों का दावा है कि जिस स्थान पर शिलान्यास का बोर्ड लगा है, वहां अंबेडकर भवन बना हुआ है। उनका आरोप है कि वहां बहुउद्देशीय भवन मौजूद नहीं है। साथ ही कुछ लोगों का यह भी कहना है कि परिसर पर भीम आर्मी का कब्जा है, जिसके कारण स्थिति को लेकर भ्रम बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखें तथा यदि योजना में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाये।


### अम्बेडकर परिसर में अनियमितता की जांच हो, बहुउद्देशीय भवन का हिसाब दें : आजसू

**इचाक :** आजसू के केंद्रीय सचिव सह बरकठा विधानसभा प्रभारी ने अंबेडकर परिसर से सुदेश महतो का नाम हटाने और विधायक मद से स्वीकृत बहुउद्देशीय भवन नहीं बनने के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह बरकठा विधानसभा प्रभारी ने आरोप लगाया कि 14 अप्रैल 2013 को इचाक प्रखंड के हदारी गांव स्थित पेथियाबागी कल्पू पोखरा के समीप पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया था। इसके बाद स्थल का नाम अंबेडकर परिसर रखा गया। उन्होंने कहा कि बाद में शिलापट्ट से सुदेश महतो का नाम हटा दिया गया, जो अनुचित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इसी परिसर में विधायक मद से बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास हुआ था, लेकिन आज तक भवन का निर्माण नहीं हुआ। वहीं, रविदास महासभा के पदाधिकारियों द्वारा अंबेडकर भवन का निर्माण कर उस पर कब्जा कर लिया गया है। आजसू नेता ने सवाल उठाया कि विधायक मद से स्वीकृत बहुउद्देशीय भवन आखिर कहां बना। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

## कोल खनन खुलने से दूषित हो रहा है पानी, जन जीवन हुई अस्त-व्यस्त

विवेक सिंह

**हजारीबाग :** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से निकलने वाला दूषित एवं प्रदूषित पानी काबेद, बालेदेवरी और लोचर होते हुए बड़कागांव क्षेत्र तक पहुंच रहा है। इस प्रदूषित पानी के कारण पूरे क्षेत्र की कृषि, पशुपालन और ग्रामीणों का जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। इस क्षेत्र के किसान वर्षों से इसी नदी के पानी पर निर्भर होकर आलू, सरसों, गेहूं तथा अन्य फसलों और सब्जियों की खेती करते आए हैं। यही खेती उनके परिवार के भरण-पोषण और आजीविका का मुख्य आधार रहा है लेकिन खनन परियोजना से निकल रहे दूषित पानी के कारण खेतों की उर्वरता घट रही है, सब्जियां,



फल और अन्य फसलें नष्ट हो रही हैं तथा किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि पशुओं के लिए भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं रह पा है। दूषित पानी के कारण पशुओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। यह केवल किसानों की आजीविका का नहीं, बल्कि पर्यावरण, जल स्त्रोतों और ग्रामीणों के जीवन एवं स्वास्थ्य का भी गंभीर प्रश्न है। यदि समय रहते इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया और प्रदूषित पानी को रोकने के प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले समय में पूरे क्षेत्र की खेती, पर्यावरण और ग्रामीणों का जीवन गहरे संकट में पड़ जायेगा। संबंधित कंपनियों और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाएं, प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दें तथा स्वच्छ जल और पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित करें।

## एसएलएस डेंटल क्लिनिक की दूसरी शाखा का भव्य उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में रविवार को एसएलएस डेंटल क्लिनिक की दूसरी शाखा, एसएलएस डेंटल एकेडमी तथा जन-जागरूकता हेतु डेंटल अवेयरनेस पुस्तक का भव्य उद्घाटन एवं विमोचन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में विधायक प्रदीप प्रसाद, सेवा निवृत आईजी दीपक वर्मा सहित चिकित्सा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। जिनमें प्रमुख रूप डॉक्टर अमिताभ गांगुली, डॉ. रूपेश, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. बी.एन. प्रसाद, जनरल सर्जन, डॉ. भानु शंकर, डॉ. आर. कृष्णा, डॉ. जमील, डॉ. राजीव, डॉ. इरफानुल हक, एवं दिल्ली से पधारे विशेष अतिथि एवं प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ. बलराम नागर, दीपक वर्मा, डॉ. राखो हरी एवं डॉ. जसवीर जग्गी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में



कहा कि उनका उद्देश्य न केवल आधुनिक दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है, बल्कि झारखंड के युवा दंत चिकित्सकों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना भी है। उन्होंने बताया कि अब जिस प्रशिक्षण के लिए पहले बड़े शहरों या विदेश जाना पड़ता था, वह अब एसएलएस डेंटल एकेडमी के माध्यम से हजारीबाग में ही उपलब्ध होगा। एकेडमी में देश के अग्रणी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक पर आधारित क्लिनिकल लर्निंग, लाइव पेशेंट ट्रेनिंग तथा बाहर से आने वाले डॉक्टरों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम के दौरान आम जनता में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु तैयार की गई डेंटल अवेयरनेस पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

## मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिन्दरी (धनबाद) :** असंगठित मजदूर मोर्चा का प्रथम धनबाद जिला सम्मेलन रविवार को सिंदरी चर्च हॉल में आयोजित किया गया। सम्मेलन में केंद्र सरकार की श्रम नीतियों का विरोध करते हुए मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक आंदोलन चलाने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष मंडल में विंदा पासवान, कन्हाई पांडेय, सुरेश प्रसाद, बाबू राजा, सीता देवी, सरस्वती किस्कू एवं गीता टुडू शामिल रहे, जबकि संचालन राजीव मुखर्जी ने किया। मुख्य अतिथि भाकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य एवं पूर्व विधायक आनंद महतो तथा विशिष्ट अतिथि सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आनंद महतो ने केंद्र सरकार पर मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 44 श्रम कानूनों को चार लेबर कोड में बदलकर मजदूरों के अधिकार कमजोर




किये हैं। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के अनशन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी मांगों की अनदेखी लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और असंगठित मजदूर मोर्चा उनके आंदोलन का समर्थन करता है। सिन्दरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि जहां भी मजदूरों पर अन्याय होगा, वहां मोर्चा संघर्ष के लिए खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि कोयलांचल में असंगठित मजदूरों की लड़ाई लगातार लड़ी जा रही है और मजदूरों की एकजुटता ही उनके अधिकारों की रक्षा करेगी। मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री निताई महतो ने कहा कि झारखंड के उद्योगों और कारखानों में मजदूरों के शोषण के खिलाफ संगठन व्यापक आंदोलन चलाएगा तथा जिले में संगठन को मजबूत बनाया जायेगा। सम्मेलन में भाकपा माले के जिला सचिव विंदा पासवान, पवन महतो, नरेश पासवान, मंगल महतो, सुरेश प्रसाद, जितेंद्र शर्मा, जितू सिंह, दीपेंद्र झा और राजू पांडेय सहित अन्य नेताओं ने भी विचार रखे। इस अवसर पर असंगठित मजदूर मोर्चा की धनबाद जिला कमेटी का गठन किया गया। इसमें सुरेश प्रसाद को अध्यक्ष, अंबुज मंडल को कार्यकारी अध्यक्ष, पवन महतो को सचिव, गीता टुडू को संगठन सचिव तथा गणेश दास को कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। सम्मेलन का समापन मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## बरही में राजस्व कर्मचारी की कमी से काम हो रहा प्रभावित : मो. वारिस

**बरही :** अंचल कार्यालय में राजस्व हल्का कर्मचारियों की कमी के कारण इन दिनों आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर समाजसेवी सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मो वारिस अंसारी ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि राजस्व कर्मियों के अभाव में भूमि संबंधी कार्यों से लेकर जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई महत्वपूर्ण लंबित पड़े वह, जिससे ग्रामीणों को बार-बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। साथ ही कहा कि राजस्व कर्मचारियों के कमी के कारण अंचल क्षेत्र में जमीन से जुड़े कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द बरही अंचल में राजस्व कर्मचारी का पदस्थापन करने की मांग की है।

## मत्स्य पालन प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरसोत में एनएफडीबी के तहत मत्स्य पालन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हेचरी संचालक देवानंद प्रसाद के आह्वान पर किया गया, जिसमें बरही, बरकट्ठा, चौपारण, हजारीबाग एवं गिरिडीह जिले से पहुंचे बड़ी संख्या में मत्स्य कृषकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य पालकों को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य उत्पादन, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज तैयार करने, मछलियों के पोषण एवं रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी गई। देवानंद प्रसाद ने बताया कि उन्नत तकनीक अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।उन्होंने विभिन्न प्रजातियों की मछलियों की प्रजनन क्षमता की जानकारी देते हुए बताया कि कतला मछली प्रति किलोग्राम वजन पर लगभग 80 हजार अंडे, रेहू प्रति किलोग्राम लगभग 1 लाख अंडे, मृगल प्रति किलोग्राम करीब 1.20 लाख अंडे तथा पहाड़ी प्रजाति की मछली प्रति किलोग्राम 1.25 लाख से 1.50 लाख तक अंडे देती है। प्रशिक्षण के दौरान



कृत्रिम प्रजनन की पूरी प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि मादा मछली को हार्मोन का इंजेक्शन (सुई) देने के 10 से 12 घंटे बाद वह हैचरी के ब्रीडिंग पूल में अंडे छोड़ती है। इसके बाद अंडों को हैचिंग पूल में स्थानांतरित किया जाता है, जहां लगभग 12 घंटे के भीतर अंडों से बच्चे निकल आते हैं। इसके बाद करीब 60 घंटे में तैयार स्पॉन किसानों को आपूर्ति के लिए तैयार हो जाता है। उन्होंने कहा कि मत्स्य बीज वितरण पूरी तरह वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत किया जायेगा। पहले इच्छुक मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा, उसके बाद उनके तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी (बायोडाटा एवं तकनीकी मूल्यांकन) लेने के उपरांत ही गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि किसानों को बेहतर उत्पादन मिल सके और बीज का सही उपयोग सुनिश्चित हो।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 270 लाभार्थियों ने उठाया विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श का लाभ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के इमली कोठी स्थित एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं बाल चिकित्सालय द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को आधुनिक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को आयोजित निःशुल्क महिला एवं बाल स्वास्थ्य शिविर में लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में 120 महिलाओं एवं 150 से अधिक बच्चों सहित कुल 270 मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रीमा वर्मा एवं डॉ. एस. कुमारी ने महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य, मासिक धर्म संबंधी समस्याओं, हार्मोनल असंतुलन, एनीमिया, हड्डियों के स्वास्थ्य, संक्रमण, रजोनिवृत्ति से जुड़ी समस्याओं तथा अन्य स्त्री रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं बाल रोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ. डी. के. गुप्ता एवं डॉ. प्रकाश चंद्र ने बच्चों के



पोषण, शारीरिक एवं मानसिक विकास, टीकाकरण, मौसमी बीमारियों और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर अभिभावकों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने महिलाओं एवं बच्चों में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर विशेष जोर देते हुए स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, स्वच्छता और बीमारी की समय पर पहचान के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया। जिन मरीजों को विस्तृत जांच अथवा आगे उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य शिविर में शामिल सभी मरीजों के लिए अस्पताल द्वारा सभीपैथोलॉजी जांचों पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी प्रदान की गयी, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि एक स्वस्थ समाज की आधारशिला स्वस्थ महिलाएं और स्वस्थ बच्चे हैं। हमारा उद्देश्य केवल उपचार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना भी है। एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं बाल चिकित्सालय भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सकें। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल अस्पताल की चारदीवारी तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक उसकी सहज पहुंच सुनिश्चित होना आवश्यक है। इस शिविर में महिलाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी हमारे लिए प्रेरणादायक रही। अस्पताल आगे भी इसी सेवा भावना के साथ समाज को बेहतर एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## एक झलक

### कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर

**धनबाद/बाघमारा** : कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को धनबाद स्थित माडा क्लब परिसर में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री चित्रगुप्त के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शिविर में स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच, रक्त जांच तथा रक्तदान की व्यवस्था की गई, जिसका बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने लाभ उठाया। ट्रस्ट के महासचिव अनुज सिन्हा एवं अंकेक्षक अभिषेक सिन्हा ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की और समाज को रक्तदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक प्रकाश सिन्हा, अजीत वर्मा, अनुज सिन्हा, पुष्पलता श्रीवास्तव, रंजन श्रीवास्तव, शशि लाल एवं आशा वर्मा ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की द्वितीय स्मारिका 'प्रतिध्वनि' का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड-27 के पार्षद पति कु अंकेश साह अपने सहयोगियों के साथ शामिल हुए और आयोजन में सहयोग दिया। ट्रस्ट की ओर से सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में एएसजी आई हॉस्पिटल, एसजेएएस हॉस्पिटल ब्लड बैंक तथा अपोलो पैथोलॉजिकल के संदीप लाला का विशेष सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के संस्थापक प्रकाश सिन्हा, डॉ. पी.सी.एल. दास, रंजन श्रीवास्तव, बी.बी.पी. सिन्हा, अभिषेक सिन्हा, ललित सिन्हा, प्रदीप सहाय, प्रेम प्रकाश, प्रभात बक्शी, डॉ. एस.एम. अहमद, सत्येंद्र अंबष्ट सहित ट्रस्ट के अनेक सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।

### नवोदय विद्यालय में छात्र से मारपीट मामले ने पकड़ा तूल, भाजपा व अभाविप नेताओं ने अस्पताल पहुंच कर की निष्पक्ष जांच की मांग

**धनबाद** : जवाहर नवोदय विद्यालय, बेनागोड़िया के हॉस्टल में 10वीं के छात्र के साथ कथित मारपीट और प्रताड़ना के मामले ने तूल पकड़ लिया है। रविवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच), धनबाद पहुंचा और पीड़ित छात्र से मुलाकात कर उसका हालचाल जाना। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा एसटी मोर्चा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास, महानगर अध्यक्ष रामजीत भुईया, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी, विजय दास, अभिजीत बाउरी, अनुभव शर्मा, आर्यन कुमार, कृष्णा हजारा तथा अभाविप के अंशु तिवारी, सुधांशु प्रसाद और डॉ. मनोज सिंह शामिल थे। नेताओं ने पीड़ित छात्र के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी छात्रों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार घटना 14 जुलाई की रात की है। पीड़ित छात्र का आरोप है कि ऑनलाइन पैसों के लेन-देन के विवाद को लेकर कुछ सहपाठियों और सीनियर छात्रों ने उसे हॉस्टल के कमरे में बंधक बना लिया। आरोप है कि पहले उसके मोबाइल से जबरन पैसे ट्रांसफर करवाए गए, फिर बेल्ट और हाथों से कई घंटों तक बेरहमी से मारपीट की गई। विरोध करने पर गाली-गलौज की गई और घटना की जानकारी किसी को देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद स्कूल प्रशासन हरकत में आया और आरोपी छात्रों को निलंबित कर दिया। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जिसे सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। वहीं पुलिस को भी मामले की सूचना दे दी गई है।

### सिजुआ स्टेडियम में आरएसएस की दौड़ प्रतियोगिता, युवाओं ने दिखाया जोश

**बाघमारा (धनबाद)**: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) तेतुलमारी नगर के तत्वावधान में रविवार को सिजुआ स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं और विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक सुदृढ़ता, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रसेवा की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के निर्णायक बबलू कुमार चौहान ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का प्रभावी साधन भी है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।


# डीसी ने मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परखी एसआईआर-2026 की प्रगति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने रविवार को मध्य विद्यालय झारुडीह एवं मिल्लत हाई स्कूल स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुंचे और उसे समय पर भरकर जमा कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घर-घर संपर्क अभियान को प्रभावी बनाते हुए कोई भी योग्य मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। साथ ही डिजिटाइजेशन कार्य में सटीकता और पारदर्शिता बनाये रखने पर भी विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर मौजूद मतदाताओं से बातचीत कर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को मतदाताओं की हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद एवं झरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से 20 जुलाई को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर आयोजित विशेष शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता गणना प्रपत्र प्राप्त कर उसे सही ढंग से भरें और समय पर जमा करें, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला शुद्ध, अद्यतन और समावेशी मतदाता सूची है तथा इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, एनडीसी दीपक कुमार दुबे सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## डिजिटाइजेशन में लापरवाही पर डीडीसी सख्त समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश



**धनबाद** : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत फॉर्मों के डिजिटाइजेशन की धीमी प्रगति पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने कड़ा रुख अपनाया है। शनिवार को उन्होंने धनबाद एवं झरिया विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में दोनों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक हुए फॉर्म डिजिटाइजेशन की समीक्षा की गई। लक्ष्य की तुलना में कम प्रगति मिलने पर डीडीसी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित सभी फॉर्मों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करें। डीडीसी ने कहा कि सुपरवाइजर अपने अधीन कार्यरत बीएलओ के कार्यों की प्रतिदिन निगरानी करें तथा तकनीकी या अन्य किसी प्रकार की समस्या का तत्काल समाधान करायें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित सुपरवाइजरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को मिशन मोड में पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

## झरिया के व्यापारिक संगठनों ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**झरिया (धनबाद)** : गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को झरिया के विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने नगर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर लोगों से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने एवं आवश्यक संशोधन कराने की अपील की। वस्त्र व्यवसायी संघ, सोना-चांदी व्यवसायी संघ, चॉकलेट-नमकीन विक्रेता संघ तथा धनबाद जिला लघु उद्योग संघ के प्रतिनिधियों ने पूरे झरिया नगर का भ्रमण कर नागरिकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत कराया। व्यापारियों ने लोगों से अपील की कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है। व्यापारिक संगठनों ने बताया कि 20 जुलाई 2026 (सोमवार) को चुनाव आयोग द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। इस दौरान प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार के सभी पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन अथवा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को जमा करें। जागरूकता अभियान में उपेंद्र गुप्ता, शिव चरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, पवन खरकिया, हेमंत ड्रोलिया, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अरिंदम बनर्जी, बसंत अग्रवाल, अजीत बर्नवाल, संजय गुप्ता, चेतन ठक्कर, हीरा गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, अनूप जालान, सुरेंद्र गुप्ता, नितिन गुप्ता, अन्ना साव, देवी बगड़िया, राजेश गुप्ता, ललन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# धनबाद ऑप्टिकल एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी का गठन, व्यापारिक हितों और समाजसेवा पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद ऑप्टिकल एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा रविवार को बैंक मोड़ स्थित कावेरी रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया और संगठन के विकास, ऑप्टिकल व्यवसाय के हितों तथा सामाजिक दायित्वों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए। सभा में 18 जुलाई 2026 तक के आय-व्यय और लेखा-जोखा को सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। इसके बाद वर्तमान कार्यकारिणी और बोर्ड का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें भंग कर वर्ष 2026-2028 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्राहक द्वारा लाए गए अनब्रांडेड अथवा लूज फ्रेमों पर सेवा देने से परहेज किया जाएगा, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता



और ग्राहकों का विश्वास कायम रखा जा सके। साथ ही कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से आयोजित करने का भी फैसला लिया गया। एसोसिएशन ने समाजसेवा की गतिविधियों को और व्यापक बनाने का संकल्प लिया। इसके तहत समय-समय पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, जरूरतमंदों को चश्मों का वितरण, भोजन वितरण कार्यक्रम तथा यातायात पुलिस कर्मियों को छाता उपलब्ध कराने जैसे जनकल्याणकारी कार्य जारी रखने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2026-2028 के लिए सर्वसम्मति से दिनेश गुप्ता (बेटर विजन) को अध्यक्ष, मंजर आलम (ऑप्टिकल पैलेस) को उपाध्यक्ष, आशीष केशरी (प्राइम ऑप्टिकल) को सचिव, सन्नी बरनवाल (एक्स्ट्रा विजन) को कोषाध्यक्ष तथा बसुदेव यादव को मीडिया विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक के अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के सहयोग और सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खैरा में 100 वर्ष पुरानी सार्वजनिक आषाढ़ी पूजा धूमधाम से सम्पन्न, श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि की कामना

**धनबाद/केंदुआ** : खैरा नंबर-4 स्थित शिव मंदिर बस्ती में रविवार को श्री श्री सार्वजनिक आषाढ़ी पूजा श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा अनुष्ठान की शुरुआत भगत सनोज पासवान ने विधि-विधान से वेदी पूजन के साथ की। इस दौरान शीतला माता, काली माता, डीहवाल बाबा सहित अन्य देवी-देवताओं के स्थान पर धूप, अगरबत्ती, पुष्पमाला और प्रसाद अर्पित किया गया। खीर का भोग लगाकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार पूजा के दौरान पहले मुर्गे तथा उसके बाद छह बकरों की बलि दी गई। अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। स्थानीय सहयोगी भगत सूरज पासवान ने बताया कि खैरा शिव मंदिर मुहल्ला में यह सार्वजनिक आषाढ़ी पूजा पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से लगातार आयोजित होती आ रही है।

# भीमकनाली में अवैध कोयला डिपो पर छापा, 100 टन कोयला जब्त, कोयला तस्करों में हड़कम्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : बाघमारा थाना क्षेत्र के भीमकनाली मांझी बस्ती में संचालित अवैध कोयला डिपो पर रविवार को जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 100 टन अवैध कोयला जब्त किया। सीआईएसएफ, बाघमारा पुलिस, वन विभाग और बीसीसीएल ब्लॉक-टू क्षेत्रीय प्रबंधन की संयुक्त छापेमारी से अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, अवैध रूप से एकत्र किए गए कोयले को ट्रकों के माध्यम से बाहर भेजने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर डिपो पर छापा मारकर भारी मात्रा में कोयला जब्त कर लिया। जब्त कोयले को



नियमानुसार बीसीसीएल के कोलडंप में जमा करा दिया गया। बीसीसीएल ब्लॉक-टू क्षेत्र के नोडल इंचार्ज नवीन कुमार ने कहा कि कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध खनन और कोयला चोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। छापेमारी दल में सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडर पी.एस. तंवर, इंस्पेक्टर राजेश कुमार, बाघमारा थाना के सुदर्शन राम, वन विभाग के दीपक कुमार, संजय दुसाध, विकास सिंह सहित बीसीसीएल प्रबंधन एवं आसूचना बल के अधिकारी शामिल थे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अवैध कोयला कारोबार की जानकारी तुरंत पुलिस या बीसीसीएल प्रबंधन को दें, ताकि ऐसे मामलों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उल्लेखनीय है कि भीमकनाली स्थित इस अवैध कोयला डिपो के खिलाफ ग्राम स्वराज संस्था के संस्थापक सदस्य जगत महतो ने जिला प्रशासन, वन विभाग, सीआईएसएफ सहित कई विभागों को पूर्व में कई बार लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। रविवार की संयुक्त कार्रवाई को शिकायतों के बाद हुई एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : अंगारपथरा स्थित संकल्प एजुकेशन परिसर में रविवार को जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वावधान में ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी को आत्मनिर्भर बनाओ₹ अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संकल्प एजुकेशन की पूर्व छात्रा एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बांका (बिहार) की स्वास्थ्य पदाधिकारी रूपा महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में रूपा महतो ने कहा कि भारत सरकार का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए जय धरती मां फाउंडेशन ने बेटियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर और दहेज प्रथा से मुक्त समाज के निर्माण के लिए यह अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि अक्सर बेटी के जन्म के साथ ही अभिभावकों को उसके विवाह और दहेज की चिंता सताने लगती है, जबकि आज की परिस्थितियों में बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाया जाए तो वे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकती हैं और दहेज जैसी कुरीतियों पर स्वतः अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि संकल्प एजुकेशन के माध्यम से बेटियों को शिक्षा, मार्गदर्शन और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया जायेगा। इसके तहत विभिन्न बालिका विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जाकर छात्राओं को अभियान से जोड़ने, समय-समय पर उनका मार्गदर्शन करने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## झारखंड के समसामयिक मुद्दों पर विधायक व वी.के. पांडेय के बीच मंथन

**झरिया/धनबाद** : झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने रविवार को धनबाद स्थित अपने आवास सिंह मेंशन में जनमत सर्वेक्षण के वी.के. पांडेय से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान धनबाद एवं झारखंड से जुड़े समसामयिक, सामाजिक तथा जनहित के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्र के विकास, स्थानीय समस्याओं के समाधान, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, जनभावनाओं तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही जनसरोकार से जुड़े विषयों पर समाज की अपेक्षाओं और विकास की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्ध वर्ग और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ होने वाला संवाद जनहित में बेहतर निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देना और क्षेत्र की समस्याओं का प्रभावी समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# धनबाद चैप्टर को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि, वनबंधु परिषद की वार्षिक बैठक में तीन राष्ट्रीय सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में 17 से 19 जुलाई 2026 तक आयोजित वनबंधु परिषद की राष्ट्रीय वार्षिक बैठक-2026 में धनबाद चैप्टर ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए तीन प्रतिष्ठित सम्मान अपने नाम किए। इस उपलब्धि से धनबाद सहित पूरे झारखंड में संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय सम्मेलन में धनबाद चैप्टर का प्रतिनिधित्व संरक्षक केशव कुमार हरोड़िया, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, वनयात्रा प्रमुख रचना अग्रवाल, सदस्य अन्नपूर्णा हरोड़िया तथा सचिव रोहित प्रसाद ने किया। सम्मेलन के दौरान धनबाद चैप्टर को संगठनात्मक कार्यों, जनसंपर्क और सेवा गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वनयात्रा श्रेणी में प्रथम पुरस्कार, सदस्यता श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार तथा ओटीएस ग्रोथ श्रेणी में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वनबंधु परिषद से जुड़े एकल अभियान के माध्यम से देशभर में लगभग 90 हजार एकल विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। इन विद्यालयों के जरिए वनवासी एवं जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य जागरूकता और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दी जाती है। अभियान शिक्षा और सेवा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य कर रहा है। धनबाद चैप्टर ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी कार्यकर्ताओं, दानदाताओं, शुभचिंतकों और सहयोगियों को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में सेवा, संगठन और समाज उत्थान के कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प दोहराया। संगठन ने सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## श्यामडीह में सवर्ण समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान, संगठन विस्तार का लिया संकल्प



**बाघमारा (धनबाद)** : श्यामडीह स्थित द रिवाज बैंक्वेट हॉल में रविवार को धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज जोन-एक के तत्वावधान में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सवर्ण समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष अनुज सिंह, सचिव सुमन सिन्हा, संरक्षक डॉ. मुकेश राय, रंजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि समाज को सशक्त और अधिकार संपन्न बनाने के लिए सभी सवर्णों को एक मंच पर संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन समाजहित के मुद्दों पर सभी को एकजुट रहना चाहिए। संगठन विस्तार की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि बाघमारा क्षेत्र को चार मंडलों में विभाजित कर मंडल अध्यक्षों और उनकी टीमों का गठन जल्द किया जायेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि समाज के चारों वर्णों के तीन-तीन जरूरतमंद जोड़ों के विवाह का खर्च संगठन वहन करेगा। केंद्रीय अध्यक्ष जनम जय सिंह ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि सवर्ण समाज अब आर्थिक, सामाजिक और संगठनात्मक रूप से पहले से अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। समारोह में डॉ. मुकेश राय, रंजीत सिंह, राजीव सिंह, मदन मोहन राय, नीपू सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# काला हीरा के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों ने बांधा समां, लोक संस्कृति और शास्त्रीय प्रस्तुतियों ने जीता दिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : सीसीडब्ल्यूओ कम्युनिटी हॉल में आयोजित अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक, नृत्य, चित्रकला एवं संगीत महोत्सव 'काला हीरा' के दूसरे दिन रविवार को स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। भरतनाट्यम, कथक, लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, लोकगीत और पाश्चात्य नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की विविधता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान खींचा। अभिभावक अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे, जबकि माताएं बच्चों को पारंपरिक व रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजाने-संवारने में व्यस्त दिखीं। पूरे दिन कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और चहल-पहल का माहौल बना रहा। लोकगीतों की



प्रस्तुति शुरू होते ही दर्शकों में नया जोश देखने को मिला। काला हीरा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने भारतीय लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने की अपील की, जिसका उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ स्वागत किया। स्थानीय कलाकार जॉली छाबड़ा ने पंजाबी गीतों की प्रस्तुति दी, जबकि दूरदर्शन पर अपनी गायकी का लोहा मनवा चुके रवि कुमार उर्फ आर्या कुमार ने मोहम्मद रफी के सदाबहार नगमे सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर उत्कृष्ट चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म निर्देशक बिजय कुमार (सिवान), अभिनेता ए.बी. मिश्रा (मुंबई) और अभिनेत्री मोनालिसा दास (पश्चिम बंगाल) ने ए, बी और सी ग्रेड के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल पर एशियन जालान हॉस्पिटल द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 200 अभिभावकों ने रक्तचाप और शुगर की जांच कराई। सोमवार को महोत्सव के तीसरे दिन 13 राज्यों से आए नाट्य दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जबकि गुजरात सहित विभिन्न राज्यों की नृत्य टीमें भी मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में काला हीरा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव हेमंत कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष नरेश राय सहित समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## धनबाद में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लॉन्च किया 'नुवा 3.0' नेचुरल डायमंड कलेक्शन



**धनबाद** : मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने रविवार को सरायढेला स्थित अपने शोरूम में बहुप्रतीक्षित 'नुवा 3.0' नेचुरल डायमंड कलेक्शन का भव्य शुभारंभ किया। 19 से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में ग्राहकों को प्राकृतिक हीरों से सजे आधुनिक और आकर्षक आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सरिता सिन्हा ने किया। इस मौके पर कंपनी की प्रबंधन टीम, गणमान्य अतिथि, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। प्रकृति की सुंदरता से प्रेरित इस कलेक्शन में 18 और 14 कैरेट सोने में तैयार प्राकृतिक हीरों के आभूषणों के साथ रंगीन रत्न, सिरेमिक इनेमल और मल्टी-टोन रोडियम फिनिश का आकर्षक संयोजन किया गया है। इसमें सॉलिटेयर, ब्राइडल ज्वेलरी, पार्टी वियर, स्टेटमेंट नेकलेस, ईयररिंग्स, रिंग्स और स्टड्स सहित कई आधुनिक डिजाइनों को शामिल किया गया है। मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने कहा कि 'नुवा 3.0' प्रकृति की बारीक सुंदरता और उत्कृष्ट शिल्पकला का उत्सव है। लॉन्च के दौरान ग्राहकों ने नये कलेक्शन को उत्साह के साथ सराहा।

# मन्नान मलिक की प्रतिमा व ओवरब्रिज का नामकरण कराने का कांग्रेस का प्रस्ताव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस मुख्यालय में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों और जिले की समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में पूर्व मंत्री स्वर्गीय मन्नान मलिक के योगदान को सम्मान देने के लिए हाउसिंग कॉलोनी पार्क में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने तथा मटकुरिया गोलीकांड स्थल से बन रहे ओवरब्रिज का नाम 'मन्नान मलिक ब्रिज' रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। कांग्रेस ने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार और संबंधित विभागों को जल्द ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मटकुरिया गोलीकांड से जुड़े जिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध न्यायालय में मामले लंबित हैं, उनकी कानूनी लड़ाई जिला कांग्रेस कमेटी पूरी मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को हर परिस्थिति में न्यायिक सहयोग उपलब्ध करायेगी। बैठक में हाल ही में धनबाद के विकास को लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठक का भी उल्लेख किया गया। संतोष




कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखेगी तथा भाजपा के साथ साझा राजनीतिक मंच का हिस्सा नहीं बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि एसआईआर के कार्य के दौरान सभी कांग्रेसजन अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर आम लोगों को सहयोग करें।

बैठक को मदन महतो, मनोज यादव, मुख्तार खान, रमेश जिंदल, महेंद्र दुबे, शाहिद कमर, सबीर आलम, कयुम खान, इरफान खान समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डिगवाडीह गणेश महोत्सव समिति विवाद में बवाल, दो गुटों में मारपीट, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : कोयलांचल के प्रसिद्ध डिगवाडीह सर्कस मैदान में आयोजित होने वाले 38वें गणेश महोत्सव की तैयारी के बीच समिति गठन को लेकर विवाद रविवार को हिंसक झड़प में बदल गया। नई समिति के गठन और दोबारा भूमि पूजन की कोशिश का पुरानी समिति ने विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। सर्कस मैदान कुछ देर के लिए रणभूमि में तब्दील हो गया और अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, मौजूदा पूजा समिति ने 16 जुलाई को भूमि पूजन कर महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी थीं। समिति का नेतृत्व अध्यक्ष जगजीवन राम, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एमके ठाकुर, सचिव मोहन यादव, संयुक्त सचिव दिनेश यादव और



कोषाध्यक्ष उत्सव राम कर रहे हैं। रविवार को शैलेन्द्र खरवार और पूर्व मेला संचालक पवन प्रजापति के नेतृत्व में एक अन्य गुट ने नई समिति के गठन के लिए आमसभा बुलाकर पुनः भूमि पूजन का प्रयास किया, जिसका पुरानी समिति ने विरोध किया। देखते ही देखते विवाद हाथापाई में बदल गया। सूचना मिलने पर जोरापोखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चार लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों गुटों के समर्थक थाना पहुंच गए और एक-दूसरे पर पूजा निधि में गड़बड़ी तथा लाखों रुपये के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। तनाव को देखते हुए सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो और झरिया थाना प्रभारी ने करीब दो घंटे तक दोनों पक्षों के साथ वार्ता की, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। बाद में एक वरिष्ठ झामुमो नेता के हस्तक्षेप के बाद हिरासत में लिए गए लोगों को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया। पुरानी समिति ने मदन मोहन राम पर महोत्सव में व्यवधान डालने की साजिश का आरोप लगाया, जबकि विरोधी गुट ने समिति पर मेला की आय का दुरुपयोग करने और मंदिर निर्माण की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। फिलहाल डिगवाडीह सर्कस मैदान और आसपास पुलिस बल तैनात है तथा पूरे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है।

## वाहन मालिक पर जानलेवा हमला, जेवर छीनने का आरोप; रंजिश के पहलू पर भी जांच

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा कोऑपरेटिव कॉलोनी के समीप वाहन मालिक के साथ मारपीट कर जेवरात छीनने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि पुलिस का प्रारंभिक मानना है कि मामला महज छिनतई का नहीं, बल्कि आपसी रंजिश से जुड़ा भी हो सकता है। जानकारी के अनुसार, वाहन मालिक यशवंत चौहान ने बताया कि 14 जुलाई की रात करीब 10 बजे वह अपनी स्कॉर्पियो से बीमार मित्र रवि शेखर का बोकारो में इलाज कराकर उन्हें कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित घर छोड़ने के बाद वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नुनुडीह सात नंबर के पास जंगल वाले रास्ते में एक चारपहिया वाहन में सवार 3-4 लोगों ने उनका पीछा कर उनकी गाड़ी रुकवा दी। आरोप है कि गाड़ी रुकते ही हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में यशवंत चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी एक आंख में गंभीर चोट आई है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के निशान हैं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर उनके गले से करीब ढाई लाख रुपये मूल्य की सोने की लॉकेट वाली चेन, अंगूठी और चांदी का ब्रेसलेट छीनकर फरार हो गये। घटना के संबंध में रवि शेखर ने जोरापोखर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

## कतरास थाना कांड में दोषी को दो वर्ष का सश्रम कारावास, 05 हजार का जुर्माना

**धनबाद** : व्यवहार न्यायालय, धनबाद ने कतरास थाना कांड संख्या 407/22 में सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त संजय कुमार दास को दोषी करार दिया। न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 379/461/34 के तहत उसे दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा 5,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि यदि दोषी निर्धारित समय के भीतर जुमार्ने की राशि जमा नहीं करता है, तो उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला कतरास थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 407/22 की सुनवाई पूरी होने के बाद सुनाया गया। मामले के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक दिलीप कुमार टुडू थे, जिन्होंने जांच के दौरान आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में प्रस्तुत किए। वहीं, अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक लोक अभियोजक (एपीपी) आशुतोष कुमार सिंह ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। न्यायालय के इस निर्णय को चोरी एवं संबंधित अपराधों के मामलों में कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फैसले से यह संदेश गया है कि आपराधिक मामलों में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय कानून के अनुरूप कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करता है।

## सम्पादकीय.....

# भारत के बढ़ते कदम व ट्रंप का टैरिफ हथियार

**विश्व** राजनीति में इन दिनों आर्थिक मोर्चे पर भी उतनी ही आक्रामक लड़ाई चल रही है, जितनी कि किसी युद्ध के मैदान की आवश्यकता रहती है। कभी प्रतिबंध, कभी तकनीकी नियंत्रण, कभी वित्तीय दबाव और अब टैरिफ, वस्तुतः ताकतवर देश हर आर्थिक हथियार का इस्तेमाल कर रहे हैं। बड़ा उदाहरण हमारे सामने ब्राजील पर अमेरिका का अचानक 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाना है। एक तरह से कहें तो यह उन सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है, जोकि अपनी विदेश नीति स्वतंत्र रूप से तय करना चाहती हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है, इसलिए जो संभावना बन रही है, वह यही है कि अमेरिका ने जैसे सेक्शन-301 प्रावधानों का उपयोग कर ब्राजील की बड़ी अर्थव्यवस्था पर अपनी कार्रवाई की, वैसे ही वह भारत के साथ भी कर सकता है। अतः भारत को अपने भविष्य के संभावित आर्थिक दबावों के प्रति बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। यह तो अच्छा है जो आज का भारत बीस वर्ष पहले वाला नहीं है। वह वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक निर्णायक केंद्र बनता जा रहा है। वह ब्रिक्स का प्रभावशाली सदस्य है। इंडो-पैसिफिक में उसकी भूमिका लगातार मजबूत हुई है। रूस से लेकर पश्चिम एशिया तक उसने अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप संतुलित विदेश नीति अपनाई है। यही स्वायत्तता एक तरह से देखें तो भारत की सबसे बड़ी ताकत है, किंतु यही कुछ महाशक्तियों की असहजता का कारण भी है। डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति को देखें तो एक बात बिल्कुल स्पष्ट है, उनके लिए टैरिफ राजनीतिक और सामरिक दबाव का सबसे प्रभावी हथियार है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने चीन, कनाडा, मैक्सिको, यूरोपीय संघ और भारत सहित अनेक देशों पर टैरिफ लगाकर यह संकेत दिया था कि अमेरिका अपने आर्थिक हितों के लिए किसी भी स्तर तक जा सकता है। ट्रंप स्वयं कई बार सार्वजनिक रूप से टैरिफ की प्रशंसा कर चुके हैं। इसलिए यदि भविष्य में उनकी सरकार फिर से कठोर व्यापारिक नीति अपनाती है, तो भारत को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि वर्तमान में जिस तरह के हालात दिख रहे हैं, उनमें यही दिखता है। दूसरी ओर ब्राजील पर की गई कार्रवाई ने इस आशंका को और गहरा किया है। अमेरिकी अधिकारियों ने अपने तर्कों में ब्राजील के भारत और मैक्सिको के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों का भी उल्लेख किया है। यह संयोग नहीं माना जा सकता है। वहीं, भू-राजनीति में यह स्पष्ट दिखाई भी दे रहा है कि कैसे ब्रिक्स का विस्तार हो रहा है, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। डॉलर पर निर्भरता कम करने की बातें सामने आ रही हैं और वैश्विक दक्षिण अपनी अलग आर्थिक पहचान बनाने का प्रयास कर रहा है। स्वाभाविक है कि अमेरिका इन परिवर्तनों को अपने लिए चुनौती के रूप में देख रहा है। भारत के संदर्भ में सबसे संवेदनशील एक विषय फिर रूस से कच्चे तेल की खरीद भी है। यूक्रेन युद्ध के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाए, तब भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उसकी पहली प्राथमिकता अपने नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा है। भारत ने रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदना जारी रखा और इसका सीधा लाभ देश की अर्थव्यवस्था को मिला। अब अमेरिका में ऐसे प्रस्ताव सामने आए हैं, जिनमें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की बात कही जा रही है। भारत और चीन जैसे देश इस चर्चा के केंद्र में हैं। यह संकेत पर्याप्त है कि अमेरिका आर्थिक दबाव की नीति को आगे बढ़ाने के विकल्प खुले रखना चाहता है। यहां एक दिलचस्प बात यह भी है कि रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने वाले कई यूरोपीय देशों के लिए अलग दृष्टिकोण दिखाई देता है, जिसमें कि भारत के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा संदेश यह है कि अब अकेले राजनीतिक कूटनीति से काम नहीं चलेगा, उसे अपनी आर्थिक कूटनीति को भी बहुत मजबूत बनाना होगा।

## ● किसने क्या कहा



भाषा हमारी संस्कृति और विरासत की पहचान

**अमित शाह**
**गृहमंत्री**



प्रत्येक सैन्य अभियान भविष्य के लिए नयी सीख

**जनरल मनोज पांडे**
**पूर्व सेना प्रमुख**

# आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है ई-20 पेट्रोल

विशेष **डॉ. आशीष वशिष्ठ**



> कच्चे तेल के आयात बिल में सालाना करीब 30,000 से 40,000 करोड़ रुपये की बड़ी बचत हो रही है। देश को हर साल करीब 1450 करोड़ लीटर एथेनॉल की जरूरत है, जबकि हमारी उत्पादन क्षमता 1750-1800 करोड़ लीटर तक पहुंच चुकी है। एथेनॉल सिर्फ गन्ने से नहीं, बल्कि मोलासेस, मक्का, टूटे चावल, पराली और बांस से भी बनाया जा रहा है। इससे करीब 2 लाख करोड़ रुपए का तेल आयात बचा है, प्रदूषण कम हुआ है और किसानों की आय बढ़ी है। स्थानीय स्तर पर बायो-रिफाइनरीज खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया और तेल कंपनियों द्वारा गहन वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद ही इसे देशभर में लागू किया गया है।

**देश** में पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण (ई-20) को अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, इस बदलाव को लेकर वाहन मालिकों और विशेषज्ञों के बीच व्यापक विमर्श और कुछ चिंताएं भी सामने आ रही हैं। सरकार ने देश के ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और कृषि आय बढ़ाने के लक्ष्यों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। ई-20 पेट्रोल भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का एक बड़ा प्रतीक माना जा रहा है। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि ई-20 पेट्रोल किस प्रकार आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत कर रहा है? वास्तव में, ई-20 पेट्रोल भारत की ऊर्जा सुरक्षा, किसान कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सोचा-समझा, वैज्ञानिक कदम है। यह कोई अचानक या जल्दबाजी का फैसला नहीं है। वर्ष 2001 में शुरू हुए पायलट प्रोजेक्ट से लेकर आज तक दो दशकों से अधिक के वैज्ञानिक परीक्षण, वाहन मूल्यांकन, इंजन मॉडिफिकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बाद इसे लागू किया गया है। सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, ई-20 पेट्रोल से विदेशी मुद्रा की भारी बचत होती है और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होती है। वर्तमान में भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। एथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम की वजह से देश अब तक लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचा चुका है। कच्चे तेल के आयात बिल में सालाना करीब 30,000 से 40,000 करोड़ रुपये की बड़ी बचत हो रही है। देश को हर साल करीब 1450 करोड़ लीटर एथेनॉल की जरूरत है, जबकि हमारी उत्पादन क्षमता 1750-1800 करोड़ लीटर तक पहुंच चुकी है। एथेनॉल सिर्फ गन्ने से नहीं, बल्कि मोलासेस, मक्का, टूटे चावल, पराली और बांस से भी बनाया जा रहा है। इससे करीब 2 लाख करोड़ रुपए का तेल आयात बचा है, प्रदूषण कम हुआ है और किसानों की आय बढ़ी है। स्थानीय स्तर पर बायो-रिफाइनरीज खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया और तेल कंपनियों द्वारा गहन वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद इसे देशभर में लागू किया गया है। भारत ने समय से पहले एथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्यों को हासिल कर ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों की कतार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से ही सभी वाहन निमार्ताओं के लिए ऐसे वाहनों का उत्पादन अनिवार्य कर दिया था जो ई-20 पेट्रोल को बिना किसी परेशानी के झेल सकें। भारत स्टेज गाड़ियों में ई-10 पहले से ही इस्तेमाल हो रहा था। ई-20 के लिए फ्यूल सिस्टम, सील और इंजेक्टर को अपग्रेड किया गया है। भारतीय ऑटोमोबाइल निमार्ता जैसे मारुति सुजुकी, टोयोटा और हीरो मोटोकॉर्प अब व्यापक रूप से ई-20 और फ्लेक्स-फ्यूल (ई85/ई100) इंजन वाली गाड़ियां बना रहे हैं। ई-20 पेट्रोल को लेकर उपभोक्ताओं और वाहन मालिकों की भी चिंताएं हैं। केंद्रीय परिवहनमंत्री नितिन गडकरी का दावा है कि ई-20 पेट्रोल की व्यापक टेस्टिंग की गई है और ऐसी कोई प्रमाणित रिपोर्ट नहीं है, जो यह साबित करे कि केवल ई-20 से इंजन खराब हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक, माइलेज सड़क और ट्रैफिक की स्थिति पर निर्भर करता है। एथेनॉल की कैलोरी वैल्यू पेट्रोल से थोड़ी कम होती है, इसलिए कुछ परिस्थितियों में मामूली अंतर आ सकता है। लेकिन एथेनॉल सस्ता है, प्रदूषण कम करता है और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन आने के बाद यह अंतर और कम हो जाएगा। तेल मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से गाड़ियों के माइलेज में लगभग 3-5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। जानकारों का मानना है कि, 2023 से पहले के निर्मित वाहनों में लंबे समय तक ई-20 पेट्रोल इस्तेमाल करने से माइलेज कम हो सकता है और फ्यूल सिस्टम पर असर पड़ सकता है। पुराने वाहनों जो ई-20 के लिए प्रमाणित नहीं हैं, में फ्यूल इंजेक्टर और इंजन के पुर्जों में जंग और खराबी की शिकायतें आ सकती है। गौरतलब है कि 2004 से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है। अब तक व्यापक तौर पर गाड़ियों के खराब होने की खबरें सामने नहीं आई हैं। लेकिन पिछले एक डेढ़ महीने से सोशल मीडिया पर ई-20 ईंधन को लेकर कई भ्रामक पोस्टों भी देखने को मिल रही है। बिहार के प्रसिद्ध यूट्यूबर मनीष कश्यप ने दावा किया था कि उनकी नई टोयोटा गाड़ी ई-20 पेट्रोल के कारण खराब हो गई है। कंपनी द्वारा कराई गई तकनीकी जांच में यह दावा गलत पाया गया। कंपनी ने मनीष पर कंपनी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने और जनता में ई-20 पेट्रोल को लेकर भ्रम पैदा करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं एक और प्रख्यात यूट्यूबर सौरव जोशी ने ई-20 पेट्रोल से जुड़ी गलतफहमी वाली अपनी पोस्ट के लिये खेद जताया है। वहीं हाल ही में, रायपुर जिला कंज्यूमर कोर्ट ने ई-20 पेट्रोल से कार का इंजन खराब होने के मामले में ग्राहक के पक्ष में फैसला सुनाया है। भारत में इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के इस्तेमाल से गाड़ियों में आ रही दिक्कतों पर कोर्ट का यह पहला सीधा फैसला है। कंपनी का दावा है कि ग्राहक की कार से निकाले गए ईंधन के सैंपल में दूषित पदार्थ पाए गए थे, जिसके कारण इंजन खराब हुआ, न कि ई-20 पेट्रोल की वजह से।

# भारत ने अंतरिक्ष में रचा नया इतिहास

गौरतलब **कांतिलाल मांडोत**



> विक्रम-1 मिशन की सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि इसे तैयार करने वाली टीम की औसत आयु केवल 28 वर्ष रही। लगभग एक हजार युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने वर्षों तक अथक परिश्रम कर इस सपने को साकार किया। यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि देश के युवाओं की प्रतिभा, समर्पण और नवाचार की शक्ति का प्रमाण है।

**भारत** ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक और ऐसा स्वर्णिम अध्याय लिख दिया है, जिस पर प्रत्येक भारतीय गर्व कर सकता है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का सफल प्रक्षेपण केवल एक रॉकेट की उड़ान नहीं, बल्कि नए भारत के आत्मविश्वास, नवाचार और वैज्ञानिक क्षमता की उड़ान है। इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब केवल सरकारी संस्थानों की उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि निजी क्षेत्र भी अंतरिक्ष विज्ञान जैसे अत्याधुनिक क्षेत्र में विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल करने की क्षमता रखता है। यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आई है जब पूरी दुनिया भारत की वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी क्षमता और तेजी से बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था पर नजर रखे हुए है। विक्रम-1 मिशन की सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि इसे तैयार करने वाली टीम की औसत आयु केवल 28 वर्ष रही। लगभग एक हजार युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने वर्षों तक अथक परिश्रम कर इस सपने को साकार किया। यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि देश के युवाओं की प्रतिभा, समर्पण और नवाचार की शक्ति का प्रमाण है। जिस युवा पीढ़ी को कभी केवल रोजगार तलाशने वाली पीढ़ी माना जाता था, वही आज रोजगार देने वाली कंपनियां स्थापित कर विश्वस्तरीय तकनीक विकसित कर रही है। यह भारत के बदलते स्वरूप और नई सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस की स्थापना वर्ष 2018 में इसरो के दो पूर्व वैज्ञानिकों पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका ने की थी। सरकारी नौकरी छोड़कर उन्होंने एक ऐसा सपना देखा, जिसे पूरा करना आसान नहीं था। सीमित संसाधनों, कठिन तकनीकी चुनौतियों और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच उन्होंने अपने साथ युवा वैज्ञानिकों की टीम तैयार की और आठ वर्षों की निरंतर मेहनत के बाद भारत का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंचाने में सफलता प्राप्त की। यह कहानी केवल एक स्टार्टअप की सफलता नहीं बल्कि नए भारत की उद्यमशीलता, आत्मविश्वास और नवाचार की कहानी है। मिशन 'आगमन' के तहत विक्रम-1 ने उड़ान भरने के बाद मात्र 15 मिनट 46 सेकंड में अपने सभी छह पेलोड को पृथ्वी से लगभग 450 किलोमीटर ऊपर निम्न पृथ्वी कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया।

## अंकजाल - 8333

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 10 | 7 | 23 | 15 | 21 | ■ | 27 | 33 | ■ |
| 30 | 5 | | 9 | | 5 | ■ | 8 | | 15 |
| 25 | | 3 | | 2 | | ■ | | 4 | 7 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 3 | | 34 |
| 14 | | 5 | | ■ | | 5 | | 8 | 22 |
| 22 | 9 | | 3 | | ■ | | 6 | | 18 |
| 25 | | 6 | | 5 | | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | | ■ | | 7 | | 8 | | 32 |
| 14 | 8 | | ■ | 1 | | 7 | | 2 | 18 |
| ■ | 28 | 22 | ■ | 18 | 14 | 39 | 11 | 7 | ■ |

### अंकजाल 8332 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 15 | 38 | 36 | ■ | ■ | 27 | 16 | ■ |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 22 | 4 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 20 |
| ■ | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 34 |
| ■ | ■ | ■ | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 34 |
| 34 | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | ■ | ■ | ■ |
| 43 | 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ |
| 15 | 6 | 4 | 5 | ■ | 5 | 5 | 8 | 6 | 24 |
| 18 | 4 | 6 | 8 | ■ | 7 | 3 | 5 | 6 | 21 |
| ■ | 24 | 19 | ■ | ■ | 40 | 41 | 20 | 15 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुख की उपेक्षा क्यों?

**मेरे** पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुःख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है। संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी। ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं।

## आज का इतिहास

- रॉबर्ट द्वितीय के उत्तराधिकारी हेनरी प्रथम ने 1031 में स्पेन के राजा के रूप में पदभार सम्भाला।
- अलाउद्दीन खिलजी ने 1296में स्वयं को दिल्ली का सुल्तान घोषित किया।
- एंग्लो-पुर्तगाल संधि के तहत 1654 में पुर्तगाल इंग्लैंड के अधीन हुआ।
- माधव राव 1761 में प्रथम पेशवा बने।
- कोलंबिया ने 1810 में स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।
- जर्मनी के खगोलशास्त्री थियोडोर ने 1847 में धूमकेतु ब्रोरसेन-मेटकॉफ का पता लगाया।
- फोर्ड मोटर कम्पनी ने 1903 में अपनी पहली कार बाजार में उतारी।
- बंगाल के पहले विभाजन को 1905 में भारतीय सचिव ने मंजूरी दी।
- पन्चो विला की 1923 में हत्या कर दी गयी।
- सोवियत खेल समाचार पत्र सोवत्सकी स्पोर्ट की स्थापना 1924 में हुई।
- लंदन में 1933 को यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ पांच लाख लोगों ने रैली निकाली।
- जापान के नाम वापस लेने के बाद 1938 में फिनलैंड को 1940 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गयी।
- अमेरिका ने 1944 में जापान के कब्जे वाले गुआम पर हमला किया।
- जार्डन के शाह किंग अब्दुल्ला प्रथम पर यरुशलम में 1951 को किये गये हमले में मारे गये।
- फ्रांस ने 1956 में ट्यूनिशिया को स्वतंत्र देश घोषित किया।
- सिलॉन की राष्ट्रपति श्रिमावो भंडार नायके 1960 में विश्व की प्रथम महिला राष्ट्रपति निर्वाचित हुई।
- 17 अफ्रीकी देशों और मदगास्कर ने 1963 में यूरोपियन परिषद् के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- मानव ने 1969 में चंद्रमा की सतह पर पहला कदम रखा था। एस्ट्रोनॉट नील आर्मस्ट्रांग ने इस इतिहास को रचा था।
- तुर्की के हजारों सैनिकों ने 1974 में ग्रीस की राजधानी एथेंस में चल रही बातचीत के विफल रहने पर उत्तरी साइप्रस पर हमला कर दिया था।

## सुविचार

हम अपनी आशा के अनुसार मनुष्य के ज्ञान का न्याय करते हैं।

**राल्फ वाल्डो इमर्सन**

जो अंतर को देखता है, बाह्य को नहीं, वही सच्चा कलाकार है।

**महात्मा गांधी**

## राशिफल

**मेष** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**तुला** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृष** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**धनु** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**कर्क** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**मकर** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कुंभ** होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्या** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मीन** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

# धरती की कोख उजाड़कर कितने दिन चमकेगा सोने का वैभव ?



**प्रो. आरके जैन**

**सोने** का भाव जितनी ऊंचाई छू रहा है, धरती उतनी ही गहराई में धंस रही है। वित्तीय बाजार इसे सुरक्षित निवेश का स्वर्णकाल मान रहे हैं, जबकि प्रकृति इसे अपने अस्तित्व का काला अध्याय। तिजोरियां भर रही हैं, लेकिन नदियां विष से, जंगल वीरानी से और आदिवासी अंचल भय से भर रहे हैं। कभी वैभव, विश्वास और स्थिरता का प्रतीक रही यह पीली धातु आज पर्यावरणीय संहार, संगठित अपराध और वैश्विक अस्थिरता की नई मुद्रा बन चुकी है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बाजार सोने का मूल्य चुकाता है, उसकी पर्यावरणीय कीमत नहीं। हर बढ़ता भाव किसी जंगल की हरियाली, किसी नदी की निर्मलता और किसी समुदाय के भविष्य को गिरवी रखकर हासिल हो रहा है। उन्नीसवीं सदी की गोल्ड रश अवसरों की कहानी थी, इक्कीसवीं सदी की यह स्वर्ण-दौड़ अस्तित्व का संकट है। सोने की ऊंची कीमतों ने लघु स्वर्ण खनन (आर्टिजनल एंड स्मॉल-स्केल गोल्ड माइनिंग) को अभूतपूर्व रफ्तार दे दी है। छोटे और अवैध खनिक अब केवल धरती की छाती नहीं चीर रहे, पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर शिकंजा कस रहे हैं। घाना, अमेजन, इंडोनेशिया और अफ्रीका के कई इलाकों में जंगल ऐसे उजाड़े जा रहे हैं, मानो वे धरती के फेफड़े नहीं, लालच के रास्ते की बाधा हों। खनन अब उद्योग नहीं, प्रकृति पर संगठित डकैती है। जहां कभी पक्षियों का कलरव था, वहां अब मशीनों का शोर और विस्फोट हैं। इस विनाश की सबसे भयावह तस्वीर नदियों में दिखाई देती है। सोना निकालने की सबसे सस्ती तकनीक—पारा (मरकरी) और सायनाइड—आज भविष्य की सबसे महंगी कीमत वसूल रही है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार, दुनिया में मरकरी प्रदूषण का लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा केवल आर्टिजनल एंड स्मॉल-स्केल गोल्ड माइनिंग (एएसजीएम) से आता है। हर वर्ष 800 टन से अधिक पारा हवा और जल स्त्रोतों में घुलकर मछलियों के जरिए पूरी खाद्य श्रृंखला में फैलता है तथा बच्चों के मस्तिष्क विकास पर स्थायी चोट करता है। घाना इसका सबसे दर्दनाक उदाहरण है, जहां लगभग 60 प्रतिशत जल स्त्रोत दूषित हो चुके हैं और अनेक नदियां पीने योग्य नहीं रहीं। यह केवल जल प्रदूषण नहीं, मानव सभ्यता की जीवनरेखा में घोला जा रहा धीमा जहर है।

यह केवल पर्यावरण का नहीं, संगठित अपराध के फैलते साम्राज्य का भी वृत्तांत है। अमेजन के जंगलों में स्वर्ण खनन अब ड्रग कार्टेलों और अपराधी गिरोहों का नया अड्डा बन चुका है। अनेक क्षेत्रों में इसका मुनाफा कोकीन के कारोबार से भी अधिक माना जा रहा है। चीनी अपराधी नेटवर्क 'फ्लाइंग मनी' के जरिए सोने का इस्तेमाल अवैध वस्तुओं के विनिमय और काले धन के लेन-देन में कर रहे हैं। नतीजा यह है कि वहां केवल जंगल ही नहीं उजड़ रहे, कानून का राज भी मिटता जा रहा है। जैव विविधता सिमट रही है, आदिवासी अपनी पुश्तैनी जमीन से बेदखल हो रहे हैं और हिंसा जीवन की सामान्य सच्चाई बनती जा रही है। ब्राजील के मुंडुरुकु आदिवासी क्षेत्र में खनन थमने के बाद भी स्वास्थ्य संकट कायम है। संदेश साफ है—खदानें बंद हो सकती हैं, लेकिन प्रकृति और समाज पर पड़े उनके घाव पीढ़ियों तक नहीं भरते। यह मानना भूल होगी कि यह संकट केवल अमेजन या अफ्रीका तक सीमित है।

# सोनम वांगचुक और सुर्खियों से आगे का सच

गौरतलब **डॉ. प्रियंका सौरभ**



> इतिहास गवाह है कि अनेक ऐसे आंदोलन रहे जिन्हें मीडिया ने बहुत कम स्थान दिया, फिर भी वे समाज में व्यापक परिवर्तन का कारण बने। वहीं कुछ ऐसे आंदोलन भी रहे जो मीडिया में छाए रहे, लेकिन समाज में स्थायी आधार नहीं बना सके। पिछले कुछ वर्षों में लद्दाख और वहां के पर्यावरण, संवैधानिक अधिकारों तथा स्थानीय प्रतिनिधित्व को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक चर्चा हुई है। इस विमर्श में सोनम वांगचुक एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरे।

**लोकतंत्र** में किसी भी आंदोलन की सफलता का सबसे बड़ा आधार उसका वास्तविक जनसमर्थन होता है। कैमरों की चमक, सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग सूची, यूट्यूब की लाखों व्यूज या टीवी चैनलों की लगातार बहसें किसी आंदोलन को चर्चा का विषय तो बना सकती हैं, लेकिन वे स्वयं जनमत का प्रमाण नहीं होतीं। इतिहास गवाह है कि अनेक ऐसे आंदोलन रहे जिन्हें मीडिया ने बहुत कम स्थान दिया, फिर भी वे समाज में व्यापक परिवर्तन का कारण बने। वहीं कुछ ऐसे आंदोलन भी रहे जो मीडिया में छाए रहे, लेकिन समाज में स्थायी आधार नहीं बना सके।

पिछले कुछ वर्षों में लद्दाख और वहां के पर्यावरण, संवैधानिक अधिकारों तथा स्थानीय प्रतिनिधित्व को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक चर्चा हुई है। इस विमर्श में सोनम वांगचुक एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, हिमालयी पारिस्थितिकी, स्थानीय संस्कृति और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर रखा। देशभर में अनेक लोगों ने उनके विचारों का समर्थन किया, जबकि दूसरी ओर ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि उनकी राष्ट्रीय पहचान और स्थानीय जनसमर्थन के बीच पर्याप्त अंतर है।

यही प्रश्न आज लोकतांत्रिक विमर्श के केंद्र में है—क्या किसी व्यक्ति की राष्ट्रीय लोकप्रियता ही उसके स्थानीय जनाधार का प्रमाण है? या फिर किसी आंदोलन की वास्तविक शक्ति उसके अपने समाज के विश्वास और भागीदारी से तय होती है? हाल ही में लद्दाख के एक सामाजिक संगठन के पदाधिकारी से हुई बातचीत में यह मत सामने आया कि लद्दाख में सोनम वांगचुक के समर्थन में वैसी व्यापक जन-लहर नहीं दिखाई देती जैसी राष्ट्रीय मीडिया में प्रस्तुत की जाती है। यदि यह आकलन सही है, तो यह विचारणीय है कि राष्ट्रीय विमर्श और स्थानीय वास्तविकता के बीच इतना अंतर क्यों दिखाई देता है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी एक संगठन या व्यक्ति की राय को पूरे लद्दाख की सामूहिक राय मान लेने से भी बचा जाए। लोकतंत्र में समाज बहुआयामी होता है और किसी भी क्षेत्र में अनेक मत, अनेक समूह और अनेक दृष्टिकोण मौजूद रहते हैं।

आज मीडिया का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। पहले समाचारों का चयन संपादकीय विवेक से होता था, अब एल्गोरिद्म, क्लिक, व्यूज और ट्रेंड भी यह तय करने लगे हैं कि कौन-सा मुद्दा अधिक दिखाई देगा। परिणामस्वरूप कई बार किसी व्यक्ति की छवि उसके वास्तविक सामाजिक प्रभाव से कहीं अधिक बड़ी दिखाई देने लगती है। दूसरी ओर, कई ऐसे स्थानीय मुद्दे जो वास्तव में जनता के जीवन से जुड़े होते हैं, राष्ट्रीय विमर्श से गायब रहते हैं।

सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति का लोकतंत्रीकरण किया है, लेकिन इसके साथ ही उसने 'नैरेटिव निर्माण' को भी नई गति दी है। कुछ मिनट का वीडियो, भावनात्मक अपील, प्रभावशाली संगीत और लगातार साझा किए जाने वाले संदेश किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय पहचान दिला सकते हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## इटखोरी में 60 लाख के जेवरात की चोरी का खुलासा

# उड़ीसा के गुलगुलिया गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** इटखोरी बाजार में 12 जुलाई को ज्वेलरी व्यवसायी दिलीप सोनी की बाइक की डिक्की से करीब 60 लाख रुपये मूल्य के जेवरात उड़ाने के सनसनीखेज मामले का चतरा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने उड़ीसा के जाजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दशमनिया गांव निवासी दीपक प्रधान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कुख्यात गुलगुलिया गिरोह का सक्रिय सदस्य है। मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पहले भी कई चोरी, छिनतई और डिक्की से सामान उड़ाने की घटनाओं में शामिल रहा है। उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि उसने चतरा जिले के पत्थलगड़ा और जोरी थाना क्षेत्र में भी ज्वेलरी कारोबारियों से छिनतई की घटनाओं को अंजाम दिया था।

**पहले की रेकी, फिर दिया चोरी का सोना खरीदने का झांसा**

**पुलिस** जांच में एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने से पहले आरोपी दीपक प्रधान ने दिलीप सोनी की दुकान की कई दिनों तक रेकी की थी। इसके बाद वह ग्राहक बनकर दुकान पहुंचा और व्यवसायी को आधा किलो चोरी का सोना सस्ते दामों में बेचने का प्रस्ताव दिया। इसी बहाने उसने व्यवसायी की गतिविधियों, आने-जाने के समय और जेवरात ले जाने के तरीके की पूरी जानकारी जुटा ली। योजना के तहत बाद में बाइक की डिक्की से लाखों रुपये के जेवरात उड़ा लिए गए।



**उड़ीसा का आकाश प्रधान चला रहा था गिरोह**

**पुलिस** के अनुसार इस संगठित गिरोह का सरगना उड़ीसा का आकाश प्रधान है। वह गिरोह में शामिल युवकों को अपराध करने के लिए एक लाख रुपये मासिक तक का भुगतान करता था। गिरोह में उड़ीसा के दशमनिया एवं आसपास के गांवों के दर्जनों युवक शामिल हैं, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न राज्यों में चोरी और छिनतई की वारदातों के लिए भेजा जाता था।

**हैदराबाद में दी जाती थी विशेष ट्रेनिंग**

**एसपी** अनिमेष नैथानी ने बताया कि गिरोह के सदस्यों को हैदराबाद में विशेष प्रशिक्षण दिया जाता था। वहां उन्हें बाइक और कार की डिक्की बिना नुकसान पहुंचाए खोलने, भीड़ में पहचान छिपाने, रेकी करने तथा वारदात के बाद तेजी से फरार होने की तकनीक सिखाई जाती थी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें अलग-अलग राज्यों में सक्रिय कर दिया जाता था।

### मानसून शुरू होते ही लातेहार जिले में सांप के डसने की घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी

**लातेहार :** मानसून शुरू होते ही लातेहार जिले में सांप के डसने की घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच जिले में 84 लोगों को सांप ने डसा, जिनमें 4 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं करीब 80 लोग उपचार के बाद गंभीर स्थिति से बाहर आए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और समय पर अस्पताल पहुंचने की अपील की है। 15 दिनों में 84 लोग बने सर्पदंश का शिकार स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 1 से 15 जुलाई के बीच जिले के विभिन्न प्रखंडों से सर्पदंश के कुल 84 मामले सामने आए। इनमें 44 पुरुष और 40 महिलाएं शामिल हैं। वहीं 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 5 बच्चे (2 बालक और 3 बालिकाएं) भी सर्पदंश का शिकार हुए। इन मामलों में 4 लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में सबसे अधिक मामले बालूमाथ प्रखंड से सामने आए हैं, जबकि सबसे कम मामले बरवाडीह प्रखंड से दर्ज किए गए। पिछले साल की तुलना में बढ़े मामले सरकारी स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले वर्ष 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच जिले में 57 सर्पदंश के मामले सामने आए थे, जिनमें एक व्यक्ति की मौत हुई थी। इस वर्ष उसी अवधि में मामलों और मौतों दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है। सिविल सर्जन ने जारी की अपील लातेहार के सिविल सर्जन डॉ. राज मोहन खलखो ने जिलेवासियों से मानसून के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो झाड़-फूंक या अंधविश्वास का सहारा लेने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें।

## एक झलक

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला :** गुमला थाना क्षेत्र के फोरी फागुन टोली गांव निवासी 24 वर्षीय सुकरा उरांव ने शनिवार की शाम अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर टोटो थाना से गफ्फार अंसारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की। परिजनों ने बताया कि सुकरा पिछले करीब 10 वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित था। उसका इलाज रांची के एक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में चल रहा था। लगभग एक माह पहले ही परिजन उसे इलाज के बाद घर लेकर आए थे। शनिवार शाम उसने घर में ही फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रविवार सुबह 11 बजे गुमला सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**सिसई (गुमला) :** सिसई थाना क्षेत्र के सेमरा पाकर टोली गांव की 55 वर्षीय जयंती देवी की वज्रपात की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे की है। जानकारी के अनुसार, जयंती देवी धान की रोपाई के लिए खेत गई थीं। इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गईं। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि जयंती देवी के पति का पहले ही निधन हो चुका था। उनकी दो बेटियां हैं और वह अपने दामाद कृष्णा गोप के घर रह रही थीं। रविवार सुबह करीब 10 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 2.40 लाख की ठगी

**पलामू :** जिले के सतबरवा प्रखंड के रबदा गांव के फुलवरिया टोला निवासी प्रदीप कुमार सिंह से लोहरदगा साखियकी विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख 40 हजार रुपये ठगी कर लेने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिखाते हुए प्रदीप ने बताया कि रांची के अशोक नगर में स्थित फ्रंटलाइन एक्स सर्विसमैन ब्यूरो में उसने नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लिए गए। प्रदीप ने पैसे देते समय एक फोटो भी खींचा है। फर्जी ज्वाइनिंग लेटर में प्रतिवर्ष 01 लाख 65000 रुपये मानदेय मिलने का जिक्र किया गया है। प्रदीप ने बताया कि 2025 मार्च माह के प्रथम सप्ताह में पहले 01 लाख 70 हजार एवं ज्वाइनिंग लेटर देते समय 70 हजार रुपए दिये थे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है प्रदीप के अनुसार फ्रंटलाइन एक्स सर्विसमैन के एचआर विजय सिन्हा हैं। नौकरी दिलाने की बात सुनकर उत्सुकतावश वहां पर पहुंचा था। बातों में विजय ने उलझाकर नौकरी दिलाने का झांसा दिया।

## गो सेवा धाम आश्रम में निःशुल्क योग शिविर को लेकर बैठक, मंगलवार से होगा शुभारम्भ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा (मोरियावा) :** गो सेवा के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुषमा सुमन गौ सेवा धाम आश्रम में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आश्रम परिसर में निशुल्क योग शिविर के आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि योग शिविर का उद्घाटन मंगलवार सुबह 5 बजे होगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 7 बजे तक संचालित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जे. पी. एन. बरनवाल ने की, जबकि संचालन योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन ने किया। डॉ. जे. पी. एन. बरनवाल ने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति स्वस्थ और ऊर्जावान रहता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए प्रतिदिन भोजन आवश्यक है, उसी प्रकार स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना भी जरूरी है। योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन ने योगाचार्या सुषमा सुमन के 22 वर्षों से स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया है। योगाचार्या सुषमा सुमन ने कहा कि स्वामी रामदेव के प्रयासों से योग आज हर वर्ग के लोगों तक पहुंचा है।

## लातेहार में युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक

# 'छात्रों की गूंज' अभियान चलाने का एलान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** जिला युवा कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक रविवार को लातेहार परिसदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित यादव ने की। बैठक में प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी मुन्ना खान, प्रदेश संयुक्त सचिव आफताब आलम तथा प्रदेश महासचिव साजन कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान 'छात्रों की गूंज' अभियान को जिलेभर में चलाने का निर्णय लिया गया। नेताओं ने कहा कि अभियान के तहत युवा कांग्रेस की टीम जिले के सभी कॉलेजों, छात्रावासों और कोचिंग संस्थानों में जाकर छात्रों और युवाओं से संवाद करेगी। उनका कहना था कि युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर जागरूक किया जाएगा। बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नीट, यूपीएससी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस मुद्दे पर उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष टिंकू बाबू, मजहर खान, साबिर आलम, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रौशन साहू, नीतीश कुमार, सोनू यादव, सौरव कुमार, सोहेल अंसारी, कुलदीप कुमार, जोगेंद्र यादव, अल्लेनबी, मुश्ताक, सुनील प्रसाद सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मेढ़ारी ग्रामसभा में संतोष खेरवार बने नये ग्राम प्रधान, त्योफिल कुजूर चुने गये सचिव



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के मेढ़ारी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में रविवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान केशव महतो ने की। ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और गांव के नए ग्राम प्रधान एवं सचिव का सर्वसम्मति से चयन किया गया। ग्रामसभा के दौरान ग्रामीणों की मौजूदगी में संतोष खेरवार (पिता- सुरेश खेरवार) को नया ग्राम प्रधान चुना गया। वहीं सचिव पद के लिए त्योफिल कुजूर (पिता- स्वर्गीय बेंजामिन कुजूर) का सर्वसम्मति से चयन किया गया। पूरी चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और आपसी सहमति के साथ संपन्न हुई। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी सहमति जताई और नए प्रतिनिधियों के चयन का स्वागत किया। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान संतोष खेरवार और सचिव त्योफिल कुजूर ने ग्रामसभा के सभी सदस्यों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गांववासियों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने गांव के सभी लोगों को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने तथा गांव में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

## 13वें वर्ष भी कांवरियों की सेवा में उतरेगा आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम

# 26 जुलाई को देवघर रवाना होंगे स्वयंसेवक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** सावन माह में बाबा वैद्यनाथ धाम, देवघर जाने वाले कांवरियों की सेवा के लिए आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम इस वर्ष भी सेवा शिविर लगाएगा। संस्था का यह 13वां सेवा शिविर होगा। शिविर संचालन के लिए आश्रम के सेवादार और स्वयंसेवक 26 जुलाई को देवघर के खिजुरिया के लिए रवाना होंगे। इसकी जानकारी आश्रम के संस्थापक रामनाथ अग्रवाल और संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल ने रविवार को श्रीराम वाटिका में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह तथा उपाध्यक्ष संतोष रंजन भी मौजूद रहे। रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि संस्था वर्ष 2014 से लगातार कांवरियों की सेवा कर रही है। कोरोना काल के एक वर्ष को छोड़कर हर साल शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार भी शिविर बाबा मंदिर से लगभग पांच किलोमीटर पहले कांवरिया पथ स्थित खिजुरिया गांव के पास लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में कांवरियों के लिए सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सुबह पांच बजे से पानी, चाय और अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। सुबह नौ बजे से 11 बजे तक रामायण और महाभारत धारावाहिक का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद 11 बजे से दोपहर दो बजे तक भगवती जागरण और धार्मिक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक भंडारे का आयोजन होगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी और विश्व हिंदू परिषद के संजय तिवारी ने कहा कि आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम वर्षों से निःस्वार्थ भाव से कांवरियों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सेवा शिविर श्रद्धालुओं को राहत देने के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। प्रेस वार्ता के दौरान संस्था की ओर से कांवरिया सेवा शिविर से संबंधित पत्रक भी जारी किया गया। इस अवसर पर मुरली प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, संजय अग्रवाल, राजेंद्र पासवान, अमित किशोर, रश्मि अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, भोलू, मुन्नू, हन्नी और हन्नू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## 22 जुलाई को रांची में प्रस्तावित जेपीएससी कार्यालय घेराव को लेकर भाजयुमो पलामू की जिला योजना बैठक सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के जिला अध्यक्ष डॉ विपुल गुप्ता द्वारा आज जिला कार्यालय, मेदिनीनगर में 22 जुलाई 2026 को रांची स्थित झारखंड लोक सेवा आयोग कार्यालय के प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिला योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की भागीदारी, आवागमन, संगठनात्मक दायित्वों तथा विभिन्न मंडलों से अधिकाधिक संख्या में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में रांची पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में कहा गया कि युवा वर्ग की अपेक्षाओं एवं प्रतियोगी छात्रों से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उठाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संगठन ने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन, संगठन की गरिमा तथा शांतिपूर्ण सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने 22 जुलाई के कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया तथा इसकी तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का निर्णय लिया। कार्यक्रम मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी जी पूर्व जिला अध्यक्ष विजयनंद पाठक जी, कार्यक्रम के जिला के प्रभारी रघुवीर यादव जी, प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक जी प्रदेश आईटी सेल आशीष भारद्वाज जी, किसान मोर्चा के कार्यक्रम समन्वयक जितेंद्र तिवारी जी, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियरंजन शर्मा जी, जिला महामंत्री अजय सिंह जी, लाल यादव जी, नितेश सिंह जी, गोपाल सोनी जी, रंजीत पासवान जी, राजीव रंजन जी, प्रधान सक्सेना जी, प्रकाश राय जी, सैकड़ों की संख्या में या मोर्चा के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिले का उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने की।

## जवाहर नवोदय विद्यालय, डालटनगंज में कक्षा-6 में नामांकन के लिए आवेदन शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। जवाहर नवोदय विद्यालय, डालटनगंज में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा-6 में नामांकन हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा -2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों एवं बालिकाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में जिले के सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपने बच्चों का आवेदन शीघ्र पूरा कर लें। चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2026 को किया जाएगा। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 में प्रवेश मिलेगा, जहां विद्यार्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रावास, भोजन, पुस्तकें, गणवेश एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऑनलाइन आवेदन https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/ पोर्टल एवं www.navodaya.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रशासन ने जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे इस जानकारी को अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल जानकारी के अभाव में इस अवसर से वंचित न रह जाए।

## रायडीह में विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी शुरू

# 09 अगस्त को होगा भव्य आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रायडीह। विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर कुड़ोछत्रपुर पंचायत भवन सभागार में मुखिया चुईया कुजूर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 9 अगस्त को रायडीह प्रखंड के बेरियर बगीचा, मांझाटोली में विश्व आदिवासी दिवस भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रायडीह प्रखंड की सभी 13 पंचायतों में अलग-अलग समय पर बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार 9 अगस्त को सुबह 10 बजे मांझाटोली तिराहा स्थित स्व. कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ आयोजन की शुरुआत होगी। इसके बाद बेरियर बगीचा में अतिथियों का स्वागत, संबोधन तथा पारंपरिक आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति होगी। बैठक में रायडीह प्रखंड के 61 राजस्व ग्रामों के पारंपरिक पदाधिकारियों–महतो, बैगा, पहान, पुजार, बेल, पड़हा, दिवान, कोटवार, पनभरा एवं भंडारी–को कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पेसा नियमावली के तहत चयनित सहायक सचिव, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, पंचायत जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में उपप्रमुख दीपक कुजूर, महेश करकेट्टा, अनुप फ्रांसिस कुजूर, बासिल तिर्की, कमल किशोर किसान, अशोक उरांव, शंकर उरांव, लुईसा बेक, मोतीलाल बैगा, विष्णु मुंडा, रूपा टोप्पो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## गुमला जिला कारागार में विधिक जागरूकता जेल अदालत और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) गुमला अजीत कुमार सिंह के निर्देश पर जिला कारागार, गुमला में विधिक जागरूकता सह मासिक जेल अदालत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डीएलएसए के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिकताओं के साथ किया। इस दौरान विचाराधीन बंदियों को लंबित न्यायिक एवं विधिक समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता, जमानत, अपील, पैरोल, फर्लो एवं अन्य कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। बंदियों द्वारा उठाए गए मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। शिविर के दौरान बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श देने के साथ जरूरतमंद बंदियों को दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। डीएलएसए सचिव राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य प्रत्येक बंदी को समयबद्ध एवं प्रभावी निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है।




## सतबरवा में 'ज्वाइन फॉर श्योर' विशेष सलाहकार करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

# पलामू के छात्र परिश्रमी और प्रतिभावान होते हैं : डीडीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता


**मेदिनीनगर :** सतबरवा विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक करने और सही दिशा देने पारिवारिक शिक्षण पृष्ठ भूमि कमजोर आर्थिक रूप से विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बेहतर सीखने के उद्देश्य से सतबरवा में 'ज्वाइन फॉर श्योर' करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 2020 बैच के आईएएस अधिकारी सह डीडीसी अनिमेष रंजन शामिल हुए। अतिथि स्वयं स्थानीय डीएवी विद्यालय चियांकी पलामू से मैट्रिक किया है स्थानीय स्तर से निकलकर आईएएस बने अनिमेष रंजन को अपने बीच पाकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह रहा। उनकी सफलता की कहानी ने स्थानीय छात्रों को बड़े लक्ष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सूत्रधार और कोविड काल से सतत ऑनलाइन मोटिवेशनल क्लास के आयोजक अभिषेक कुमार तिवारी, विज्ञान शिक्षक, राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय रहे। उनके प्रयासों और मार्गदर्शन से इस वर्ष इंटर परीक्षा में विद्यालय से स्टेट टॉपर निकला है। विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देने की इसी पहल के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईएएस अनिमेष रंजन ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, निरंतर प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को अच्छे कॉलेज का चयन करने और सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग की सलाह दी। कार्यक्रम में सुजीत कुमार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी नमन पाठक ने जेईई तथा सद्दाम अंसारी ने राज्य के प्रशासनिक सेवाओं और अन्य विभागों की जिम्मेदारियों पर मार्गदर्शन दिया। मौके पर हिमांशु गुप्ता, ऋषभ सोनी, नीलाभ, नमन पाठक, सूरज कुमार, मिथिलेश कुमार व विकास पांडेय, साक्षी कुमारी सपना कुमारी सहित कई लोग और छात्र उपस्थित थे।

- कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है : अनिमेष रंजन
- अच्छा मन ही अच्छा मित्र होता है : आईएएस
- सतबरवा में टॉपर बनाना सामूहिक सफलता का सृजन : अभिषेक तिवारी





### अज्ञात वृद्ध महिला की पहचान कराने को लेकर आमजन से सहयोग की अपील



**मेदिनीनगर :** एक वृद्ध महिला विगत दो दिनों से हरिहरगंज टोल प्लाजा के समीप असहाय अवस्था में रह रही थीं। वह अपनी पहचान, पता अथवा परिजनों के संबंध में कोई जानकारी देने में असमर्थ थीं। सूचना मिलते ही उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं हरिहरगंज थाना की टीम ने तत्काल महिला को सुरक्षित संरक्षण में लिया। उनसे उनकी पहचान एवं परिजनों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का हरसंभव प्रयास किया गया। साथ ही आसपास के थानों से भी संपर्क स्थापित कर उनकी पहचान सुनिश्चित करने की कोशिश की गई, किंतु अब तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। महिला की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल को प्राथमिकता देते हुए उन्हें वन स्टॉप सेंटर, डाल्टनगंज में रखा गया है, जहां उनके रहने, भोजन एवं आवश्यक देखभाल की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन, पलामू आम नागरिकों से अपील करता है कि यदि कोई व्यक्ति इस महिला को पहचानता हो अथवा इनके परिवार, निवास स्थान या परिजनों के संबंध में कोई भी जानकारी रखता हो, तो कृपया तत्काल हरिहरगंज थाना अथवा जिला प्रशासन को सूचित करें।

## एक झलक

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**जयनगर :** जयनगर प्रखंड अंतर्गत कंद्रपडीह मे धनबाद गया के रेलखंड पर प्रखंड के कंद्रपडीह गांव में बिती रात ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कंद्रपडीह निवासी 40वर्षीय शिव शंकर जायसवाल उर्फ.शिबू के रूप में हुई है घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस स्टेशन को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है बैठक के परिजन हत्या की आशंका जाता रहे हैं पुलिस मामले की छान बिन कर रही है हालांकि अभी तक इस मामले में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

### कबाड़ी व्यवसायी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के गुवा थाना क्षेत्र में एक कबाड़ी व्यवसायी की हत्या कर शव को बड़े पत्थर से बांधकर कारो नदी में फेंक देने का मामला सामने आया है। रविवार सुबह नदी से शव मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही गुवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कुर्मान शेख (३९) के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा का रहने वाला था और गुवा बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूमकर लोहे का कबाड़ खरीदने का व्यवसाय करता था। वह गुवा थाना क्षेत्र के हिरजीहाटिंग में अपने साथी अल्ताफ शेख के साथ किराये के मकान में रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, अल्ताफ शेख शनिवार दोपहर जनशताब्दी एक्सप्रेस से अपने घर मुर्शिदाबाद के लिए रवाना हो गया था। वहीं, कुर्मान शेख को शनिवार रात करीब आठ बजे तक इलाके में देखा गया था। इसके बाद वह लापता हो गया। रविवार सुबह कारो नदी किनारे लोगों ने उसका शव देखा, जिसे बड़े पत्थर से बांधकर पानी में डुबो दिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने किसी भारी वस्तु या पत्थर से कुर्मान शेख के सिर पर वार कर उसकी हत्या की। इसके बाद पहचान और साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को पत्थर से बांधकर नदी में फेंक दिया गया। हालांकि, हत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मृतक की गतिविधियों के साथ-साथ उसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## झुमरी तिलैया में आज पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

# 40 फीट ऊंचा आधुनिक रथ बनेगा आकर्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** कोडरमा जिले के धार्मिक इतिहास में 20 जुलाई को पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की प्रतिमाएं भव्य एवं आधुनिक रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगी। आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। इस्कॉन हजारीबाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. केशव आनंद दास ने बताया कि पहली बार कोडरमा की पावन धरती पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है।इस अवसर पर लगभग 40 फीट ऊंचा अत्याधुनिक रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगा। आवश्यकता पड़ने पर इसकी ऊंचाई 16 फीट तक कम की जा सकती है। रिमोट ऑपरेटेड इस रथ की चौड़ाई करीब 12 फीट है तथा इसे जापानी सिल्क से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रथ के शीर्ष पर तीन फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र



स्थापित किया गया है, जबकि आगे चार घोड़ों की प्रतिकृति इसकी भव्यता में चार चांद लगाएगी। रथ के दोनों ओर 100 से 150 फीट लंबी रस्सियां लगाई गई हैं, जिन्हें हजारों श्रद्धालु खींचते हुए भगवान की रथयात्रा को आगे बढ़ाएंगे। यात्रा सुभाष चौक से प्रारंभ होकर झंडा चौक, महाराणा प्रताप चौक, मौसीबाड़ी होते हुए संकट मोचन मंदिर तक पहुंचेगी। पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक झांकियों से वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। रथयात्रा की सुरक्षा एवं व्यवस्था में विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। शहर कि प्रेरणा शाखा, गायत्री परिवार, एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा, आरती, शरबत एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। महाराणा प्रताप चौक पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शरबत, पेयजल एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनें। पहली बार आयोजित हो रही इस भव्य रथयात्रा को लेकर पूरे शहर में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का वातावरण है।

## लॉलीपॉप क्रिकेट टूर्नामेंट में साधन-11 बनी चैम्पियन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** रविवार को कुंडहित मुख्यालय स्थित बनियाडंगाल क्रिकेट मैदान में सिंह वाहिनी क्लब, नापितपाड़ा के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय लॉलीपॉप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल ने फीता काटकर एवं बल्लेबाजी कर किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए श्री मंडल ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है, इसलिए युवाओं को नियमित रूप से खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल है और सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, रोहित शर्मा, विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त रहकर अनुशासन के साथ खेलते हुए अपने भविष्य को संवारने का आह्वान किया।उन्होंने सिंह वाहिनी क्लब के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम के बीच छह-छह ओवर का मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला बनकाटी और साधन-11 के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए साधन-11 की टीम विजेता बनी। मौके पर सिंह वाहिनी क्लब के सदस्य राज चक्रवर्ती, विषु चक्रवर्ती, राहुल साहनी, अमन शर्मा, प्रकाश बाध्यकर, दीपक मंडल, संदीप बाध्यकर, मनसा मंडल, राजदीप मंडल, देव मंडल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

### कुएं में गिरने से राशन दुकान के कर्मचारी की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो थाना क्षेत्र के मुंशी मोहल्ला पोस्ट ऑफिस रोड स्थित एक मकान परिसर में बने कुएं में गिरने से 45 वर्षीय रघुवीर सिंह की मौत हो गई। यह हादसा शनिवार देर रात उस समय हुआ, जब वह अपने घर लौट रहे थे। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद उन्हें कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय निवासी सुरेंद्र सिंह के अनुसार, रघुवीर सिंह कथित तौर पर नशे की हालत में घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर के समीप गली में स्थित खुले कुएं के पास उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे कुएं में जा गिरे। गिरने की आवाज सुनकर सबसे पहले निर्मल कौर मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक रघुवीर सिंह कुएं की गहराई में जा चुके थे।

## बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में श्रावणी मेले की तैयारी तेज

# बैठक में लिये गये कई अहम निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई/गढ़वा :** डंडई प्रखंड के लवाही खुर्द स्थित प्रसिद्ध बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में लगने वाले श्रावणी मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि घुरबिगन बैठा ने की। श्रावणी मेले में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार यातायात व्यवस्था में विशेष बदलाव किया गया है। निर्णय के अनुसार श्रावणी सोमवारी के दिन सभी मोटरसाइकिलों की पार्किंग सकुरान बैठा एवं अमित बैठा के घर के समीप होगी। वहीं तीसरी एवं चौथी सोमवारी को चारपहिया



वाहनों को मंदिर से लगभग एक किलोमीटर पहले डंडई रोड पर ही रोक दिया जाएगा, ताकि मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रित रहे और श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में मंदिर परिसर की व्यापक साफ-सफाई, आकर्षक सजावट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। मेले के सफल संचालन के लिए 30 अगस्त 2026 तक वैकल्पिक संचालन समिति का गठन किया गया। इसमें श्रीधर बैठा को अध्यक्ष तथा सुरेन्द्र साह एवं सुनील चन्द्रवंशी को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं मेला आयोजन की आवश्यक अनुमति प्राप्त करने की जिम्मेदारी धर्मदेव ठाकुर एवं लालबिहारी यादव को दी गई। मेले में दुकानों के आवंटन का दायित्व उमेश पासवान, लालबिहारी यादव और बलराम बैठा को सौंपा गया।

## जेएसएससी परीक्षा केन्द्रों का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर रविवार को उपायुक्त संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।दोनों अधिकारियों ने सेंट जेवियर्स एकेडमी, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, बनवारी साहू महाविद्यालय और गांधी इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की जांच की गई। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने केंद्राधीक्षकों तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व निभाने का निर्देश दिया, ताकि परीक्षा पारदर्शी और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके।

## श्याम भजनों की रसधार में सराबोर हुआ डोमचांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** श्याम शरण में आजा रे डोमचांच द्वारा डोमचांच में आयोजित 6वें मासिक अरदास ताली कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। मधुर भजनों और जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। देर रात तक चले इस भजन संध्या में श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में भाव-विभोर होकर नृत्य करते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इस अवसर पर लक्ष्मी देवी प्रेम मेहता यजमान के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर आकर्षक श्याम दरबार सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। रंग-बिरंगी सजावट, मनोहारी श्रृंगार और भव्य दरबार ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। भजन संध्या की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। फिर एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय भजन गायक शिव कुमार पांडेय ने 'खाटू वाले, नीले घोड़े वाले, मोर मुकुट वाले, तू ना संभाले तो हमें कौन संभाले...' तथा 'भोला राणा देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...' जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं विनोद सोनी ने 'कलयुग के अवतारी, मोरछड़ी को घुमाओ ना...' और धवल सिंह ने 'राधा रानी हमें भी बता दो जरा, तेरा दीवाना कैसा हुआ सांवरा...' एवं ₹प्रभु हनुमान जी को सजा दी किसने, कहा था लंका जला दीजिए...' जैसे भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा' और 'जय श्री श्याम' के जयघोष से आयोजन स्थल गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने तालियों के साथ भजनों का आनंद लिया और बाबा श्याम के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। आयोजन को सफल बनाने में प्रदीप विश्वकर्मा, प्रमोद सोनी, बुल्लू सिंह, टुनु सिंह, कमलेश, अभय मेहता, पप्पू केडिया, चिंटू पांडेय, किरण प्रकाश, मुकेश पांडेय, विवेक सरईया, राजेश कुमार, सुनील मेहता, लक्ष्मण यादव, दिनेश राणा, बिशंबर, सचिन, सौरव, आयुष सोनी, वंश सोनी, तारा देवी, रीना सिंह, कविता सोनी, रेखा सोनी, बिंदु पांडेय, रश्मि केडिया सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्तों का सराहनीय सहयोग रहा।

## हिरणी जलप्रपात पहुंचे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, परिवार संग किया भ्रमण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनाक ने रविवार को अपने परिवार के साथ पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हिरणी जलप्रपात का भ्रमण किया। टेबो घाटी में स्थित इस प्राकृतिक धरोहर की मनमोहक वादियों और जलप्रपात की खूबसूरती का उन्होंने करीब से अवलोकन किया तथा कुछ समय यहां बिताकर प्रकृति के शांत वातावरण का आनंद लिया। भ्रमण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हिरणी जलप्रपात परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर उनका आत्मीय स्वागत किया, जबकि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मुख्य न्यायाधीश ने प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण और हरित



वातावरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए थे। पूरे भ्रमण के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे और सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी, प्रखंड विकास पदाधिकारी भीषम कुमार सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## मनिका में 77वां वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण पर दिया जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका (लातेहार) :** मनिका प्रखंड क्षेत्र के मटलौंग पंचायत में रविवार को 77वां वन महोत्सव का आयोजन पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने आए अतिथियों को वन विभाग के द्वारा अंगवस्त्र तथा एक पेड़ का पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, डीएफओ प्रवेश अग्रवाल, डीएसपी वीरेंद्र राम, थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, प्रमुख प्रतिमा देवी, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला महासचिव सुरेंद्र भारती, कांग्रेस जिला सचिव तस्लीम अंसारी, कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष वृंद बिहारी यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आज अगर हम सभी वृक्षारोपण नहीं करते हैं तो आने वाली पीढ़ी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा, पर्यावरण का संरक्षण हमारी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी है। हमें पर्यावरण का दोहन करने से बचना होगा व पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित करना होगा।

## भारत फाइनेंस कम्पनी में 6.10 लाख की धोखाधड़ी, फील्ड एजेंट गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र में भारत फाइनेंस कंपनी के 18 ग्राहकों से धोखाधड़ी कर 6 लाख 10 हजार रुपये के गबन के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित फील्ड एजेंट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में कंपनी के ब्रांच मैनेजर अमित कुमार केसरी की शिकायत पर पोटका थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार, भारत फाइनेंस कंपनी की आंतरिक जांच के दौरान वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया। जांच में पता चला कि कंपनी में ऋण वितरण और ऋण वसूली का कार्य करने वाला फील्ड एजेंट भावेश लोहरा ग्राहकों को विभिन्न बहानों से झांसा देकर उनसे जमा कराए गए पैसे अपने पास रख लेता था। इस तरह उसने कंपनी के 18 सदस्यों से कुल 6 लाख 10 हजार रुपये की हेराफेरी कर ली। मामले का खुलासा होने के बाद ब्रांच मैनेजर ने इसकी सूचना पोटका थाना पुलिस को दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पोटका थाना प्रभारी मनोज कुमार मुर्मू ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित भावेश लोहरा सरायकेला-खरसावां जिले के कांडरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है और पोटका स्थित भारत फाइनेंस कंपनी में फील्ड एजेंट के रूप में कार्यरत था।

## बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर पौधरोपण और समाजसेवा, वृद्धाश्रम में कराया गया भोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एवं सेवानिवृत्त संगठन के तत्वावधान में रविवार को पौधारोपण एवं सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अड्डी बंगला रोड स्थित बाजार समिति परिसर में पौधारोपण से हुई। इसके बाद शहर के वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के लिए पूरे दिन के भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने पौधारोपण कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। प्रकृति और मानवता के बीच संतुलन बनाए रखने तथा प्रदूषण मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को



आगे आना होगा। ईसी सदस्य सुधीर प्रसाद ने कहा कि बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस को समाजसेवा से जोड़ते हुए इस वर्ष संगठन ने पर्यावरण संरक्षण और बुजुर्गों की सेवा का संकल्प लिया है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी संतोष सिन्हा ने कहा कि पौधारोपण जैसे कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने सभी संस्थाओं एवं नागरिकों से ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस केवल बैंकिंग व्यवस्था के योगदान को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का भी दिन है। पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सेवा ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

## शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त माहौल में सम्पन्न हुई झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता 2024 परीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिले में रविवार को झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा -2024 का आयोजन शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा जिले के कुल 14 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की थी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं सुरक्षा बल पूरे समय तैनात रहे। जिले में प्रत्येक शिफ्ट के लिए कुल 5,808 परीक्षार्थी नामांकित थे।



प्रथम शिफ्ट में 1,277 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 4,531 अनुपस्थित रहे। द्वितीय शिफ्ट में भी 1,277 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 4,531 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं तृतीय शिफ्ट में 1,276 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 4,532 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और कदाचार मुक्त ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। जिला प्रशासन ने बताया कि सभी संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयास से जिले के सभी 14 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुई।

### लातेहार में जेएसएससी क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, 3,030 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित



लातेहार। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 रविवार को जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार की सूचना नहीं मिली।जिले में कुल 3,972 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। इनमें 942 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3,030 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा के सफल संचालन और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उपायुक्त संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ परीक्षा का आयोजन कराया, ताकि सभी अभ्यर्थी बिना किसी दबाव के निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा दे सकें।

## गढ़वा में युवक की गोली मार कर हत्या, जंगल से शव और बाइक बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिले के भंडरिया-बड़गढ़ मुख्य मार्ग स्थित सालों जंगल में रविवार सुबह अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरिया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष कुमार और बड़गढ़ थाना प्रभारी दीपक मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने खून से लथपथ शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भंडरिया पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. संजय कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक बाइक भी बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह करीब 10:30 बजे की है। स्थानीय लोगों के अनुसार अपराधियों ने युवक की कनपटी पर बेहद करीब से गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, पुलिस अभी इस संबंध में सभी तथ्यों की जांच कर रही है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों और ग्रामीणों की मदद ली जा रही है।

## एक झलक

### छपरा विधायक छोटी कुमारी ने किया आदर्श विद्यालय का शुभारम्भ

**सारण :** छपरा विधानसभा क्षेत्र के लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण उच्च विद्यालय मोहन नगर तथा जिला स्कूल में सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का शुभारंभ आज किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक छोटी कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के ऑनलाइन संबोधन को सुना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक और दूरदर्शी परिवर्तन ला रही है। आदर्श विद्यालय योजना सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक आधारभूत संरचना और डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### मगध जाने के दौरान रेल हादसे में किसान की मौत

**सुपौल :** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के कोसली पट्टी वार्ड संख्या-18 निवासी महादेव शर्मा की शनिवार को रेल दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सुपौल भेज दिया। मृतक के बड़े पुत्र राजकुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार को वह अपने पिता को रेलवे स्टेशन तक छोड़ने गए थे। स्टेशन पहुंचने के बाद वह वापस घर लौट आए। उन्हें इस बात का बिल्कुल अंदेशा नहीं था कि कुछ ही देर बाद उनके पिता के साथ इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले दिन पिपरा थाना के चौकीदार द्वारा घर आकर सूचना दी गई कि उनके पिता का शव सदर अस्पताल, सुपौल में पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। चौकीदार ने बताया कि मृतक के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर उनकी पहचान की गई और उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।

### बांकीपुर उपचुनाव को लेकर एनडीए की हुई बैठक

**पटना :** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर रविवार को ठाकुर प्रसाद कम्यूनिटी हॉल में एनडीए के घटक दलों के प्रमुख नेताओं एवं सभी वार्डों के कार्यकताओं की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता और 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य राजेश कुमार वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा सभी घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय के साथ चुनावी गतिविधियों को गति देने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकताओं से प्रत्येक मतदाता तक पहुंचकर केंद्र और बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया।

### कटिहार में 16 सरस्वती विद्या निकेतन का भव्य उद्घाटन

**कटिहार :** बिहार सरकार के 'सात निश्चय-3 (2025-2030) उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य' के तहत रविवार को कटिहार जिले के सभी 16 प्रखंडों में 'सरस्वती विद्या निकेतन' (आदर्श विद्यालय) का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कटिहार के जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने फलका प्रखंड स्थित शिव नारायण सर्वोदय एच एस बरेटा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिरकत की। इस योजना का राज्यस्तरीय मुख्य समारोह बेगूसराय में आयोजित किया गया, जहां बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य भर के कुल 551 सरस्वती विद्या निकेतन का एक साथ लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने की। समारोह में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय वस्त्र मंत्री विजय चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### रांची में पहली बार इस्कॉन की तीन दिवसीय रथ यात्रा शुरू

# श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** रांची में इस्कॉन की ओर से पहली बार आयोजित तीन दिवसीय भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव का शुभारंभ रविवार को भक्ति और उल्लास के माहौल में हुआ। लेक एवेन्यू, कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर से निकली रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं ने हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन, भजन और नृत्य के साथ पूरे उत्साह से रथ यात्रा में भाग लिया। रथ यात्रा के शुभारम्भ से पूर्व भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मंगल आरती एवं



विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जयंतनाथ शाहदेव और उनके पुत्र जीतेश नाथ शाहदेव ने परंपरा के अनुसार स्वर्ण झाड़ू से मार्ग का प्रतीकात्मक रूप से शुद्धिकरण किया। आरती के उपरांत रथ की रस्सी खींचकर यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी झाड़ू लगाकर भगवान की सेवा अर्पित की और श्रद्धालुओं के साथ रथ यात्रा में शामिल हुए। रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। संकीर्तन मंडलियों ने भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। भक्तों ने भगवान को विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किए और आरती में भाग लेकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मार्ग में ॠहरे कृष्ण, हरे रामॠ के जयघोष गूंजते रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी और बूंदी प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस्कॉन के महाप्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास ने बताया कि रांची में पहली बार आयोजित इस रथ यात्रा को श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इससे भी अधिक भव्य स्तर पर रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने लगभग 60 वर्ष पूर्व अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार रथ यात्रा की शुरूआत की थी। आज इस्कॉन के माध्यम से विश्व के 150 से अधिक देशों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जाती है।

## श्रावणी मेला को लेकर मुरी स्टेशन पर मेडिकल सुविधा की तैयारी रेल थाना ने आपातकालीन चिकित्सा केन्द्र खोलने का किया अनुरोध



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मुरी :** श्रावणी मेला 2026 के दौरान मुरी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाले हजारों कांवरियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में रेल थाना मुरी ने महत्वपूर्ण पहल की है। रेल थाना प्रभारी ने रेलवे अस्पताल मुरी के चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र भेजकर स्टेशन परिसर में अस्थायी आपातकालीन चिकित्सा केंद्र स्थापित करने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि श्रावणी मेला के दौरान मुरी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में यात्रा के दौरान किसी श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ने, दुर्घटना होने या अन्य चिकित्सीय आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उपचार की आवश्यकता पड़ती है। वर्तमान में स्टेशन परिसर में ऐसी कोई स्थायी चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, जिससे समय पर इलाज उपलब्ध कराने में कठिनाई हो सकती है। रेल थाना ने अनुरोध किया है कि श्रावणी मेला अवधि तक स्टेशन परिसर में आवश्यक दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ एक अस्थायी आपातकालीन चिकित्सा केंद्र संचालित किया जाए, ताकि जरूरतमंद श्रद्धालुओं को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो श्रावणी मेला के दौरान मुरी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाले हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चतुर्थ राष्ट्रीय अंतर-विद्यालयीय व अंतरविषयी कला महोत्सव 'प्रतिध्वनि' का भव्य शुभारंभ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची में तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय अंतर-विद्यालयी अंतरविषयी कला महोत्सव प्रतिध्वनि का भव्य शुभारंभ गरिमामय समारोह के साथ हुआ। देश के विभिन्न विद्यालयों से आए युवा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहभागिता से आयोजित इस राष्ट्रीय महोत्सव ने साहित्य, प्रदर्शन कला, आलोचनात्मक चिंतन तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति को एक सशक्त मंच प्रदान किया। नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर श्री मुखर्जी पी. के मार्गदर्शन में आयोजित यह महोत्सव विद्यार्थियों को अंतरविषयी गतिविधियों के माध्यम से साहित्य, प्रदर्शन कला, आलोचनात्मक चिंतन एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के विविध आयामों का अनुभव कराने का अवसर प्रदान करता है। वर्षों के दौरान प्रतिध्वनि रचनात्मकता, नवाचार एवं सहयोगात्मक अधिगम



को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच बन चुका है, जिसमें देशभर के अग्रणी विद्यालयों की सक्रिय सहभागिता रही है। इस वर्ष इस महोत्सव में देशभर के 26 विद्यालयों के 450 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। वाद-विवाद, स्टोरीटेलिंग, रंगमंच, कविता, क्विज, रचनात्मक लेखन सहित साहित्यिक एवं कलात्मक प्रतियोगिताओं की विविध अंतरविषयी विधाओं में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. (डॉ) सी. जेगनाथन, कुलसचिव प्रो. एस. बी. डांडिन, विभिन्न प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचायाएँ, नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर श्री मुखर्जी पी., प्रख्यात थिएटर आर्टिस्ट एवं फिल्म निमार्ता श्री मेघनाथ तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके पश्चात सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनोहारी नृत्य-नाटिका मंत्रा टू मशीन - ए डांस ओडिसी ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अद्भुत प्रस्तुति में पंचतत्त्व-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के माध्यम से परंपरा से आधुनिक तकनीकी युग तक मानव सभ्यता की विकास यात्रा का अत्यंत प्रभावशाली चित्रण किया गया। आकर्षक नृत्य संयोजन, भावपूर्ण संगीत एवं सशक्त अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रकृति, मानव सभ्यता और नवाचार के संतुलित सहअस्तित्व का प्रेरणादायी संदेश प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों को भाव-विभोर करते हुए सृजनात्मकता एवं अंतरविषयी अधिगम के उत्सव का वातावरण निर्मित कर दिया। उद्घाटन सत्र में श्री मुखर्जी पी. एवं माइम कलाकार श्री कुणाल मोटलिंग द्वारा ह्यप्रदूषणह्य विषय पर प्रस्तुत प्रभावशाली मूकाभिनय आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा।

## 25 वर्षों से अटूट आस्था का सफर : सैकड़ों कांवरियों संग देवघर रवाना होंगे संतोष गुप्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी :** आस्था, श्रद्धा और सामाजिक समर्पण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए ओरमांझी पंचायत के उपमुखिया सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता पिछले 25 वर्षों से लगातार सैकड़ों श्रद्धालु कांवरियों के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर की यात्रा का नेतृत्व करते आ रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी वे भगवान शिव का स्वरूप धारण करेंगे, जबकि उनकी धर्मपत्नी माता पार्वती के रूप में श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनेंगी। श्रावणी यात्रा के शुभ अवसर पर संतोष गुप्ता शिव-पार्वती के स्वरूप में ओरमांझी स्थित काली मंदिर से पूजा-अर्चना



के बाद दुर्गा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेते हैं और फिर सैकड़ों कांवरियों के साथ देवघर के लिए रवाना होते हैं। उनकी यह अनूठी परंपरा पिछले ढाई दशक से क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बनी हुई है। आसपास के गांवों के लोग हर वर्ष इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हैं और बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होते हैं। संतोष गुप्ता ने बताया कि 5 अगस्त को इस वर्ष भी भव्य कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे और पूरे मार्ग में भक्ति, सेवा तथा धार्मिक उत्साह का माहौल रहेगा। इस अवसर पर ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाइक, क्लब ऑफ झारखंड के अध्यक्ष कुलदीप तिवारी, राजेश गुप्ता, लाला पाण्डेय, आनंद मेहता, शशि मेहता, बबलू सिंह, मंटू दुबे, श्याम किशोर महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

## सिल्ली के टुटकी में सड़क किनारे सूखे विशाल सिमल के पेड़ से हादसे की आशंका



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिल्ली :** प्रखंड के टुटकी गांव में सड़क किनारे खड़ा एक विशाल सूखा सिमल का पेड़ लोगों के लिए खतरे का कारण बना हुआ है। यह पेड़ मुख्य सड़क के किनारे और सब्जी बजार के बिल्कुल पास स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीरों, सब्जी व्यापारियों और वाहनों की आवाजाही रहती है। स्थानीय सब्जी व्यापारीयों एवं आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि तेज हवा या बारिश के दौरान पेड़ की टहनी गिरते रहता है। पेड़ भी कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस सूखे पेड़ को जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। वहीं लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में जान-माल का नुकसान हो सकता है।

## बक्सर प्रशासन एक्शन मोड में, श्रावणी मेला से लेकर जनता दरबार और सोलर योजना तक तैयारियां तेज




एजेंसी

**बक्सर :** जिला पदाधिकारी साहिला ने समाहरणालय में लगातार कई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें कर प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नदी-घाटों पर बैरिकेडिंग, पेयजल, टेंट, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेला अवधि में मंदिरों के आसपास मांसाहार की दुकानों के संचालन पर रोक लगाने और महिला, बच्चों व बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने को कहा गया। वही जनता दरबार की समीक्षा में डीएम ने लंबित आवेदनों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर जोर दिया। बताया गया कि अब तक 1774 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 892 का निष्पादन हो चुका है, जबकि शेष मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में 20 जुलाई से शुरू होने वाले 'प्रभाकिरण अभियान' की भी समीक्षा की गई। इस अभियान के तहत जिले की सभी 136 पंचायतों और पांच नगर निकायों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां पंजीकरण, तकनीकी परामर्श और बैंकिंग सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम ने अभियान बसेरा-2 के तहत पात्र परिवारों को 15 अगस्त को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र वितरण की तैयारी, दाखिल-खारिज, मापी, भू-लगान और अन्य लंबित राजस्व मामलों का एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गूंजे भक्ति और सेवा के स्वर स्वामी सदानंद महाराज ने दिया मानव सेवा का संदेश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक परम पूज्य डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के पावन सान्निध्य में रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर गुरु पूजन,सत्संग, भजन- कीर्तन तथा आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ प्राप्त किया। महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ गुरु पूजन से हुआ। इसके पश्चात भव्य सत्संग एवं संगीतमय भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु गुरु भक्ति एवं भगवान श्री राधा-कृष्ण की आराधना में भाव-विभोर दिखाई दिए।अपने प्रेरणादायी आध्यात्मिक प्रवचन में परम पूज्य डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाले पथ-प्रदर्शक होते हैं।

## 15 वर्षीय आदिवासी किशोर का दर्द : मां तीन साल से लापता पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ, जर्जर घर में गुजर रही जिंदगी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिल्ली :** रांची जिले के सिल्ली प्रखंड अंतर्गत दोवाडू पंचायत के कदमबेढा गांव में एक 15ञ्16 वर्षीय आदिवासी किशोर अशोक कुमार मुंडा की जिंदगी सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर रही है। किशोर की मां, जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जाती थी, लगभग तीन वर्ष पूर्व लापता हो गईं। वहीं पिता भी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, जिसके कारण परिवार पूरी तरह बिखर चुका है। मजबूरी में अशोक कुमार मुंडा को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। वह अकेले एक जर्जर मिट्टी के घर में रह रहा है। आर्थिक तंगी ऐसी है कि दो वक्त का भोजन जुटाना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में टूटे-फूटे घर में रहना जान जोखिम में डालने जैसा है। गांव जंगल से सटा होने के कारण जंगली जानवरों का भी हमेशा खतरा बना रहता है। सबसे गंभीर बात यह है कि इतनी दयनीय परिस्थितियों के बावजूद अब तक इस परिवार को किसी भी सरकारी योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पाया है। न आवास योजना का लाभ मिला और न ही ऐसी कोई प्रभावी व्यवस्था, जिससे किशोर का जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बन सके। मामले को लेकर सिल्ली पश्चिमी जिला परिषद सह जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली है। बरसात के मौसम को देखते हुए अशोक कुमार मुंडा के रहने की अस्थायी व्यवस्था पंचायत भवन अथवा किसी अन्य सरकारी भवन में कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत जल्द उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं दोवाडू पंचायत के मुखिया क्षवणजीत सिंह मुंडा ने बताया कि अशोक कुमार मुंडा से आवास मरम्मत योजना के लिए आवेदन मांगा गया था, लेकिन आवेदन जमा नहीं करने के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए किशोर को तत्काल सुरक्षित आवास, राशन, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए, ताकि उसका जीवन सुरक्षित हो सके ।

## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अथक प्रयास से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांगों को मिली स्वीकृति, गोला/दुलमी क्षेत्र में खुशी की लहर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला/दुलमी (रामगढ़) :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अथक प्रयास, जनसरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा वर्षों से किए जा रहे सतत संघर्ष का परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। दुलमी एवं गोला प्रखंड के ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांगों पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सकारात्मक पहल करते हुए कुल्ही में लाइट व्हेक्युलर अंडरपास, कोइया तालाब में गार्डवाल एवं गहरीकरण कार्य, सोंटई में फ्लाईओवर तथा बरियातू में फुट ओवर ब्रिज के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी



और उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने इन जनहित के मुद्दों को लेकर कई बार केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई के उच्च अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के समक्ष मजबूती से रखा। उन्होंने केवल पत्राचार तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि नई दिल्ली और रांची में लगातार अधिकारियों से मुलाकात कर एवं सड़क में उतरकर इन मांगों को पूरा कराने के लिए निरंतर प्रयास किया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और लगातार की गई पैरवी का ही परिणाम है कि आज वर्षों पुरानी मांगों को स्वीकृति मिल सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि कुल्ही में अंडरपास बनने से हजारों लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। कोइया तालाब में गार्डवाल एवं गहरीकरण होने से बरसात के दौरान कटाव और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। वहीं सोंटई फ्लाईओवर के निर्माण से दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा बरियातू फुट ओवर ब्रिज बनने से स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और राहगीरों को राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने में सुरक्षा मिलेगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी मिलते ही कुल्ही, सोंटई, बरियातू तथा आसपास के गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रति आभार प्रकट किया। लोगों ने कहा कि यह केवल विकास कार्यों की स्वीकृति नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, जनभावनाओं और जनप्रतिनिधि की प्रतिबद्धता की जीत है।

## वांगचुक की गिरफ्तारी और दिल्ली पुलिस की बर्बरता के खिलाफ सीएमपीडीआई गेट पर सीटू ने किया विरोध प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** दिल्ली में जंतर मंतर पर 20 दिनों से अनशनरत सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और आंदोलनकारी छात्र युवाओं पर दिल्ली पुलिस की बर्बरता के खिलाफ के खिलाफ और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। CITU के कार्यकताओं के साथ-साथ सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में 17 - 19 जुलाई तक चल रहे सीटू की अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में भाग ले रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदीप दत्ता और महासचिव एलामरम करीम के साथ सभी कार्यकारिणी सदस्य भी




शामिल शामिल थे। सीटू नेताओं ने जलवायु कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद श्री सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी का कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा की मांग को लेकर पिछले 20 दिनों से नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। केन्द्र सरकार द्वारा उनकी मांगों पर विचार करने और वार्ता करने के बजाय आज सुबह मोदी सरकार की तानाशाही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। साथ आंदोलन में शामिल छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया है। जो लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। वांगचुक का स्वास्थ्य गंभीर रूप से बिगड़ गया है। उनका लगभग 9 किलोग्राम वजन कम हो चुका है और उनके रक्त में शर्करा (ब्लड शुगर) का स्तर लगातार गिर रहा है। कार्यसमिति उनके स्वास्थ्य के प्रति भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और देश के करोड़ों विद्यार्थियों के जीवन एवं भविष्य से जुड़े गंभीर प्रश्नों की लगातार अनदेखी की कड़ी निंदा करती है। इस आंदोलन को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के साथ साथ अनेक वामपंथी छात्र एवं युवा संगठनों का समर्थन प्राप्त है। यह आंदोलन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) में व्याप्त संरचनात्मक भ्रष्टाचार और उसकी लगातार विफलताओं के खिलाफ है। नीट प्रश्नपत्र लीक तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं वर्तमान शासन के तहत परीक्षा एवं भर्ती प्रणाली के लगातार पतन का प्रतीक बन चुकी हैं।


### मुख्यमंत्री ने 551 आदर्श विद्यालयों का किया उद्घाटन

## शिक्षा सुधारों के साथ कई विकास परियोजनाओं की घोषणा



एजेंसी

**बेगूसराय :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बेगूसराय स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रदेश के 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) का एक साथ उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा को विकसित समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि बिहार सरकार गुणवत्तापूर्ण, तकनीक आधारित और संस्कारयुक्त शिक्षा व्यवस्था विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि बिहार पढ़ेगा, तभी बिहार आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में भी निजी विद्यालयों के समान आधुनिक शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को समान अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल तकनीक के व्यापक उपयोग से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में शुरू की गई 'बिहार स्कूल लाइव क्लासेज' पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट शिक्षकों से ऑनलाइन पढ़ाई का अवसर मिल रहा है। इसके अलावा 15 अगस्त से 'फिलो ऐप' के जरिए लाइव और इंटरैक्टिव कक्षाओं की शुरूआत की जाएगी, जिससे छात्र विशेषज्ञ शिक्षकों से सीधे जुड़कर अध्ययन कर सकेंगे।




# जापान ओपन जीतनेवाली पहली भारतीय बनीं पीवी सिंधु

एजेंसी

**टोक्यो :** भारत की स्टार शटलर पी.वी. सिंधु ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में हराकर जापान ओपन 2026 महिला एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। फाइनल मुकाबले में सिंधु ने आक्रामक स्मैश, सटीक ड्रॉप शॉट और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए घरेलू खिलाड़ी यामागुची को 21-17, 21-17 से मात्र 50 मिनट में पराजित किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 खिताब भी जीत लिया।

## यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया




**चार साल बाद जीता बड़ा खिताब**

31 वर्षीय सिंधु के लिए यह सिंगापुर ओपन सुपर 500 (2022) के बाद पहला बड़ा खिताब है। पिछले दो वर्षों में चोटों के कारण उन्हें कई कठिन दौर से गुजरना पड़ा था और वह अपनी लय व निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। जापान ओपन का यह खिताब उनके शानदार वापसी का प्रमाण है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जापान ओपन 2026 में जीत के लिए पीवी सिंधु को दी बधाई



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जापान ओपन 2026 में जीत हासिल करने के लिए भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "भारतीय बैडमिंटन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि! जापान ओपन 2026 में जीत हासिल करने के लिए पीवी सिंधु को बधाई। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनका दृढ़ संकल्प और बेहतरीन कौशल देखने को मिला। यह उपलब्धि इसलिए और भी खास है क्योंकि वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। यह देश भर के अनगिनत युवा खिलाड़ियों को खेलने और शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।" उल्लेखनीय है कि भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में हराकर जापान ओपन 2026 महिला एकल का खिताब अपने नाम कर लिया।

**यामागुची पर बढ़ायी बढ़त**

**इस** जीत के साथ सिंधु ने तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची के खिलाफ अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड को 16-14 कर लिया। इससे पहले उन्होंने यामागुची को 2022 थाईलैंड ओपन में पूर्ण मुकाबले में हराया था।

**पहले गेम में शानदार वापसी**

**पहले** गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मध्यांतर तक यामागुची दो अंकों की बढ़त पर थीं, लेकिन इसके बाद सिंधु ने अपने खेल का स्तर ऊंचा किया और लगातार दबाव बनाया। 17-15 के स्कोर पर दोनों खिलाड़ियों के बीच 38 शॉट की शानदार रैली हुई, जिसमें यामागुची ने बेहतरीन रक्षण किया। हालांकि 17-17 की बराबरी के बाद सिंधु ने लगातार चार अंक जीतकर पहला गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया।

## कोच लक्ष्मण के साथ जिम्बाब्वे दौरे पर पहुंची टीम इंडिया

**हरारे :** भारतीय टीम तीन मैचों की टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए जिम्बाब्वे दौरे पर पहुंच गयी है। इसी सीरीज में मुख्य कोच गौतम गंभीर नहीं गये हैं। ऐसे में पूर्व क्रिकेटर वी वी एस लक्ष्यण कोच के तौर पर टीम के साथ गये हैं। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया में खिलाड़ियों की तस्वीरें भी साझा की हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। उस सीरीज में टीम इंडिया को 4-0 से करारी हार का सामना करना पड़ा था, जिसने टीम का मनोबल कम हुआ है। ऐसे में उसे इस दौरे में मेजबान टीम के खिलाफ कड़ी टक्कर मिलना तय है। इस दौरे पर टीम प्रबंधन ने कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम देते हुए युवाओं को अवसर दिया है। कप्तान श्रेयस अय्यर पर इस दौरे में बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा।

## एफआईएच यूथ हॉकी5एस एशियाई चैम्पियनशिप में भारत की नजर खिताब पर



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय सब-जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें उद्घाटन एफआईएच यूथ हॉकी5एस एशियाई चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन के इरादे से मैदान में उतरेंगी। ओमान के मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाला यह टूर्नामेंट उद्घाटन एफआईएच अंडर-18 यूथ हॉकी5एस विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर भी होगा। इस प्रतियोगिता में एशिया की उभरती हुई सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेंगी और महाद्वीपीय खिताब के साथ विश्व कप का टिकट हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगी।

**सरदार सिंह की कोचिंग में उतरेगी पुरुष टीम**

**सरदार** सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय सब-जूनियर पुरुष टीम हाल ही में अंडर-18 एशिया कप 2026 का खिताब जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। भारत ने फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। टीम को एलीट पूल में मेजबान ओमान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है।

**रानी के नेतृत्व में महिला टीम भी तैयार**

**पूर्व** भारतीय कप्तान रानी की कोचिंग में भारतीय सब-जूनियर महिला टीम भी प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेगी। यह टीम अंडर-18 महिला एशिया कप 2026 में कांस्य पदक जीत चुकी है। महिला टीम को एलीट पूल में चीन, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है।

**20 जुलाई से शुरू होगा भारत का अभियान**

**भारत** अपने अभियान की शुरूआत 20 जुलाई को करेगा। महिला टीम पहले कजाकिस्तान से भिड़ेगी, जबकि पुरुष टीम शाम को बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। इसके बाद पुरुष टीम 21 जुलाई को ओमान और पाकिस्तान का सामना करेगी तथा 23 और 24 जुलाई को इन्हीं टीमों के खिलाफ वापसी मुकाबले खेलेगी।

### हॉकी झारखंड की नयी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

## 20 जिलों को मिले खेल किट




**निर्वाचित पदाधिकारी**

- अध्यक्ष : भोलानाथ सिंह
- उपाध्यक्ष : अरविंद सिंह, अशोक भगत एवं चंद्रयाणी मजूमदार
- महासचिव : मनोज कुमार प्रसाद (मनोज कोनबेगी)
- संयुक्त सचिव : सुरजीत कुमार झा एवं दुलारी टोपनो
- कोषाध्यक्ष : असरिता लकड़ा
- कार्यकारिणी सदस्य : जयदीप महाराणा, संजय कुमार गुप्ता एवं पल्लवी कच्छप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मोराबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी झारखंड की 13वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन अध्यक्ष भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में राज्य के 24 जिलों के प्रतिनिधियों एवं एथलीट समिति के सदस्यों ने भाग लिया। आमसभा में वर्ष 2025-26 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-जोखा, लेखा-परीक्षित आय-व्यय विवरण, लेखा परीक्षक की नियुक्ति तथा आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं सहित आठों एजेंडों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके बाद वर्ष 2026-2030 के लिए हॉकी झारखंड की 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि सभी 11 पदों पर केवल एक-एक वैध नामांकन प्राप्त होने के कारण सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। भारतीय खेल नीति-2025 के प्रावधानों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय खेल संघ में पदाधिकारी होने के कारण भोलानाथ सिंह लगातार चौथी बार हॉकी झारखंड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नई कार्यकारिणी में राज्य के सभी पांचों प्रमंडलों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। बैठक के दौरान हॉकी के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले से लाभान्वित चार जिलों को छोड़कर शेष 20 जिलों को 65-65 हजार रुपये मूल्य के खेल किट वितरित किए गए।

## राष्ट्रीय मुआय थाई चैम्पियनशिप के लिए झारखंड की टीम दिल्ली रवाना



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** WBC Amateur Muay Thai Jharkhand की 8 सदस्यीय टीम 21 से 23 जुलाई 2026 तक नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली WBC Amateur Muay Thai National Championship 2026 में भाग लेने के लिए शनिवार को दिल्ली रवाना हुई। टीम का नेतृत्व WBC Amateur Muay Thai Jharkhand के चेयरमैन मोहम्मद इबरार कुरैशी कर रहे हैं। टीम में खिलाड़ी रौनिका राशी, सानिया खातून, शिवदत्त लोहरा, अंश कुमार सिंह, रौनक कुमार एवं तेजस्वी कुमार शामिल हैं। टीम के साथ कोच करिश्मा कुमारी भी दिल्ली रवाना हुईं। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने पिछले कई महीनों से नियमित प्रशिक्षण और कठिन अभ्यास किया है। टीम का लक्ष्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करना है। टीम के रवाना होने के अवसर पर खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और बेहतर प्रदर्शन की कामना की।




फ्लोरिडा में फीफा विश्वकप फुटबॉल में फ्रांस के खिलाफ जीत के बाद कांस्य पदक के साथ तस्वीरें खिंचाते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ी।

## हम कोच डिडिएर डेशां को जीत के साथ विदाई देना चाहते थे : एम्बाप्पे



एजेंसी

**मियामी :** फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में इंग्लैंड से 6-4 की हार के बाद फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने कहा कि टीम अपने विदाई ले रहे मुख्य कोच डिडिएर डेशां को जीत के साथ विदाई देना चाहती थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी टीम पहले हाफ में पूरी तरह बिखर गई थी, लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने फिर विश्व स्तरीय प्रदर्शन किया। मियामी स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले हाफ में 4-0 की बढ़त बना ली थी। डेक्लान राइस, एजरी कॉन्सा और बुकायो साका (दो गोल) ने इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। विश्व कप इतिहास में यह पहला अवसर था जब फ्रांस ने किसी एक हाफ में चार गोल खाए। मैच के बाद एम्बाप्पे ने कहा, ङ्कमैच के दो बिल्कुल अलग-अलग हिस्से थे। पहले हाफ को देखकर मैं समझ सकता हूं कि कुछ लोगों को लगा होगा कि हमने खुद को हास्यास्पद बना लिया और फ्रांस की जर्सी का सम्मान नहीं किया।

## इंग्लैंड ने फ्रांस को 6-4 से हरा कर तीसरा स्थान किया हासिल



एजेंसी

**मियामी :** इंग्लैंड ने शनिवार को फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में फ्रांस को रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर 1966 में विश्व चैंपियन बनने के बाद विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। इंग्लैंड ने पहले हाफ में ही चार गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली थी। हालांकि दूसरे हाफ में फ्रांस ने चार गोल कर जोरदार वापसी की कोशिश की, लेकिन अंत में बुकायो साका ने पेनल्टी पर अपना हैट्रिक गोल दागा और जूद बेलिंगहैम ने स्टॉपेज टाइम में गोल कर इंग्लैंड की जीत पर मुहर लगा दी। इंग्लैंड के लिए पहले हाफ में डेक्लान राइस और एजरी कॉन्सा ने भी गोल किए और टीम को मजबूत बढ़त दिलाई।

**एम्बाप्पे बने गोल्डन बूट की दौड़ में शीर्ष पर**

**फ्रांस** के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने मुकाबले में दो गोल किए। इसके साथ ही वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल (10) करने वाले खिलाड़ी बन गए और गोल्डन बूट की दौड़ में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। एम्बाप्पे ने विश्व कप में अपने कुल गोलों की संख्या 22 तक पहुंचा दी, जिससे उन्होंने अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी (21 गोल) को पीछे छोड़ते हुए विश्व कप इतिहास के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी बढ़त हासिल कर ली।

**ओलीसे ने तोड़ा पेले का रिकॉर्ड**

**फ्रांस** के लिए ब्रैडली बारकोला और उस्मान डेम्बेले ने भी गोल किए, जबकि माइकल ओलीसे ने एम्बाप्पे के दोनों गोल में असिस्ट किया। इन दो असिस्ट के साथ ओलीसे के इस विश्व कप में कुल सात असिस्ट हो गए, जिससे उन्होंने एक ही विश्व कप संस्करण में सर्वाधिक असिस्ट करने के पेले के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

# झारखंड

## बिजली मिस्त्री की हाइटेंशन तार से सट कर मौत

**पलामू :** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के सेलारी गांव के सुखरो टोला में शनिवार देर शाम तीन ट्रांसफार्मर का विद्युत फाल्ट ठीक कर रहे एक बिजली मिस्त्री की 11 हजार हाइटेंशन तार में सटकर मौत हो गयी। शटडाउन लेकर बिजली पोल पर चढ़ने के बाद वावजूद उसे जोरदार करंट लगा, जिससे पोल पर ही उसने दम तोड़ दिया। बिजली काटे जाने के बाद भी उसे रिटर्निंग करंट कैसे लगी। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद विद्युत खंभे से बिजली मिस्त्री का शव उतारने आए कर्मियों को परिजनों ने चार घंटे तक रोके रखा। विद्युत विभाग के सीनियर पदाधिकारियों के मौके पर आने के बाद ही शव उतारने पर अड़ गए। इस दौरान घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही। तरहसी थाना पुलिस की भी मौजूदगी रही।

## घाघरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी शुरू नवयुवक सरना संचालन समिति ने बनायी रूपरेखा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**घाघरा :** आगामी स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने के लिए नवयुवक सरना संचालन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समारोह की रूपरेखा तैयार की गई और आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, खेलकूद प्रतियोगिताएं और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को अपनी कला व प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा। समारोह की सफलता के लिए समिति के सदस्यों के बीच जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्णय लिया गया। समिति ने ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वतंत्रता दिवस को उत्साह, एकता और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस वर्ष का आयोजन केवल राष्ट्रीय पर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक समरसता, युवा भागीदारी और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा।

### लातेहार में राजद का शक्ति प्रदर्शन, मंत्री संजय प्रसाद यादव बोले

## हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में विकास की राह पर झारखंड



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को लातेहार टाउन हॉल में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर जिले में अपनी राजनीतिक सक्रियता का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में झारखंड सरकार के मंत्री एवं राजद विधायक संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड एक युवा राज्य है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित और विकास के मुद्दों पर लगातार काम कर रही है तथा गठबंधन के सभी सहयोगी दल सरकार को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि राजद का झारखंड में व्यापक जनाधार है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए राज्यभर में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी तथा लातेहार से भी राजद का विधायक चुना जाएगा।केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार जनता की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए विपक्ष अपनी भूमिका मजबूती से निभाता रहेगा और जनता से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि लातेहार का यह सम्मेलन जिले का पहला बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन है। उन्होंने बताया कि इसी तरह के कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाया जा सके।उन्होंने कहा कि सम्मेलन में महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, पिछड़े वर्गों के अधिकार और संगठन विस्तार जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्यकताओं को आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और संगठन को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## बिजली के करंट से किसान के मवेशी की मौत, ग्रामीणों ने व्यवस्था सुधारने की मांग की



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**घाघरा :** घाघरा थाना क्षेत्र के बरांग गांव में बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक किसान के मवेशी की करंट लगने से मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित किसान ने विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है, जबकि ग्रामीणों ने जर्जर विद्युत व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग उठाई है। जानकारी के अनुसार, बरांग गांव निवासी रामू लोहरा रविवार सुबह अपने मवेशियों को चराने गए थे। शाम को वापस लौटने के दौरान रास्ते में बिजली पोल से जुड़े अर्थिंग तार में करंट प्रवाहित हो रहा था। इसकी चपेट में आने से उनके एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। रामू लोहरा ने बताया कि मवेशी की मौत से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बिजली विभाग से मुआवजा देने, घटना की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कई बिजली पोलों के अर्थिंग तारों में करंट उतर रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने विभाग से तत्काल जांच कर खराब विद्युत व्यवस्था को सुधारने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## भवनाथपुर के मां अष्टभुजी मंदिर और घाघरा डैम को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भवनाथपुर :** गढ़वा जिले के भवनाथपुर टाउनशिप स्थित मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर परिसर और घाघरा डैम क्षेत्र को झारखंड सरकार के पर्यटन मानचित्र में शामिल कर राज्य स्तरीय पर्यटक स्थल का दर्जा देने की मांग तेज हो गई है। जिला परिषद सदस्य श्रीमती रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार से इस संबंध में पहल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में धार्मिक, प्राकृतिक और पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन सरकारी उपेक्षा के कारण यह क्षेत्र अब तक विकसित नहीं हो सका है।

**जमीन और संसाधन उपलब्ध, फिर भी विकास लम्बित**

**श्रीमती** शर्मा ने कहा कि मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक जमीन और संसाधन उपलब्ध हैं। मंदिर के नाम पर सेल से भूमि की अनुमति पहले ही प्राप्त है। इसके अलावा धर्मशाला, रिसॉर्ट, पार्क, फूड कोर्ट समेत अन्य सुविधाओं के विकास के लिए पर्याप्त भूमि मौजूद है। उन्होंने कहा कि जब जमीन और आधारभूत संसाधन उपलब्ध हैं, तो विकास कार्यों में देरी क्षेत्र के साथ अन्याय है।



**धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं**

**भवनाथपुर** स्थित अष्टभुजी दुर्गा मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक पर्यटन की भी संभावनाएं हैं। मंदिर परिसर में कई अन्य देवी-देवताओं के मंदिर स्थापित हैं। वहीं पास में स्थित विवेकानंद पार्क और घाघरा डैम पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। घाघरा डैम में बोटिंग, जलक्रीड़ा, फोटोग्राफी और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की संभावनाएं हैं। क्षेत्र में सड़क और रेल संपर्क, सर्किट हाउस, पूजा शेड, वाटर टावर जैसी सुविधाएं भी मौजूद हैं।


**पर्यटन विकास से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे**

**स्थानीय** लोगों का मानना है कि अष्टभुजी धाम और घाघरा डैम को पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने से गढ़वा जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। धार्मिक और इको-टूरिज्म के विकास से होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, गाइड सेवा और स्थानीय उत्पादों के कारोबार में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री से पहल की अपील**

**रंजनी** शर्मा ने मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री से मांग की है कि भवनाथपुर टाउनशिप-अष्टभुजी मंदिर को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल कर विशेष विकास पैकेज के तहत कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर को संरक्षित कर पर्यटन के रूप में विकसित करना समय की जरूरत है।

## 20 लाख के इनामी नक्सली रवीन्द्र गंझू की निशानदेही पर एके-56, मैगजीन और 90 गोलियां बरामद




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस ने 20 लाख रुपये के इनामी माओवादी और प्रतिबंधित संगठन के रीजनल कमेटी सदस्य रविंद्र गंझू की निशानदेही पर एक एके-56 राइफल, दो मैगजीन और 90 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। हथियारों को चंदवा थाना क्षेत्र के बांझीटोला गांव में बरगद के पेड़ के नीचे मिट्टी में छिपाकर रखा गया था। रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि रविंद्र गंझू को 12 जुलाई को चंदवा थाना क्षेत्र के बांझीटोला गांव से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद न्यायालय से रिमांड पर लेकर उससे गहन पूछताछ की गई, जिसमें उसने संगठन के हथियारों के ठिकाने सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां पुलिस को दीं। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने रविंद्र गंझू की निशानदेही पर छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान बरगद के पेड़ के नीचे मिट्टी में छिपाकर रखी गई एक स्वचालित एके-56 राइफल, दो मैगजीन, 90 जिंदा कारतूस तथा एक पाउच बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर पुलिस लगातार आगे की कार्रवाई कर रही है। रविंद्र गंझू के नेटवर्क, उसके सहयोगियों तथा संगठन के अन्य ठिकानों के संबंध में भी जांच जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी महत्वपूर्ण सफलताएं मिल सकती हैं। डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि रविंद्र गंझू झारखंड के विभिन्न जिलों में नक्सली हिंसा, हथियारबंद हमलों और अन्य उग्रवादी गतिविधियों से जुड़े 150 से अधिक मामलों में आरोपित है। उस पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की तलाश में था।

## एक झलक

### जेके सीमेंट का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 15.3% घट कर 274.62 करोड़

**नयी दिल्ली :** वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जेके सीमेंट लिमिटेड का मुनाफा 15.3 प्रतिशत घटकर 274.62 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 324.25 करोड़ रुपए था। जेके सीमेंट की परिचालन आय जून तिमाही में 20.25 प्रतिशत बढ़कर 4,031.72 करोड़ रुपए हो गई, जो 2025-26 की पहली तिमाही में 3,352.53 करोड़ रुपए थी। कंपनी का कुल खर्च आलोच्य तिमाही में 25.5 प्रतिशत बढ़कर 3,664.82 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी की कुल आय जून 2026 को समाप्त तिमाही में 19.41 प्रतिशत बढ़कर 4,070.97 करोड़ रुपए रही।

### घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना चांदी की भी बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में सोना आज 660 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 770 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चेन्नई में आज सोने के भाव में 360 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 390 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है। सोने के अलावा चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली तेजी दर्ज की गई है। भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,290 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में सांकेतिक उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो लगातार उठापटक होने के कारण सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में गिरावट आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 950 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। चांदी भी उतार-चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में सस्ता हो गया।

### रिलायंस फाउंडेशन का 'शी-कनेक्ट्स' अभियान 10 लाख महिलाओं तक पहुंचेगा

# 06 संगठनों को 25.84 करोड़ रुपये की मदद

- दूसरे चरण के लिए आवेदन शुरू, चुनी गयीं परियोजनाओं को 4.2 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता मिलेगी




**नयी दिल्ली :** महिलाओं की डिजिटल भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन की संयुक्त पहल 'शी-कनेक्ट्स डिजिटल एक्सेलेरेटर : इंडिया' के पहले चरण के लिए छह गैर-सरकारी संगठनों (NGO) का चयन किया गया है। ये संगठन अगले 15 से 18 महीनों में स्वास्थ्य, आजीविका और शिक्षा से जुड़े डिजिटल समाधानों के जरिये करीब 10 लाख महिलाओं तक पहुंचेंगे।

इसके साथ ही दूसरे चरण के लिए आवेदन भी शुरू कर दिये गये हैं। नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सरकार, शिक्षा जगत, सामाजिक संस्थाओं, परोपकारी संगठनों और तकनीकी क्षेत्र के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस की घोषणा की गयी। इस कार्यक्रम में दूसरे चरण के लिए 'रिक्वेस्ट फॉर एप्लिकेशन' भी जारी किया गया। रिलायंस फाउंडेशन में महिला सशक्तीकरण प्रमुख दीप्ति रेड्डी ने कहा, महिलाओं को डिजिटल दुनिया में आत्मविश्वास और अवसर देना एक समान और समावेशी भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो वे केवल अपना जीवन ही नहीं बदलतीं, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं। हमें खुशी है कि पहले चरण में ऐसे साझेदार हमारे साथ जुड़े हैं, जो इस दिशा में प्रभावी और बड़े स्तर पर काम कर सकते हैं। गेट्स फाउंडेशन में जेंडर इक्वालिटी की डिप्टी डायरेक्टर साची भल्ला ने कहा, शी-कनेक्ट्स डिजिटल एक्सेलेरेटर गैर-सरकारी संगठनों को महिलाओं की डिजिटल भागीदारी बढ़ानेवाले प्रभावी समाधानों को विकसित और बड़े स्तर पर लागू करने का अवसर देगा। इस पहल से मिलने वाले अनुभव भारत के साथ-साथ ग्लोबल साउथ के अन्य देशों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। पहले चरण के लिए 25.84 करोड़ रुपये की कुल वित्तीय सहायता के साथ छह संस्थाओं का चयन किया गया है। इनमें PCI इंडिया, एम.एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन, माइना महिला फाउंडेशन, डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन, एस्पायर (ASPIRE) और चैतन्य शामिल हैं। ये संस्थाएं ग्रामीण महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों और तटीय क्षेत्रों की महिलाओं के लिए डिजिटल कौशल, स्वास्थ्य सेवाओं और आजीविका से जुड़े समाधान विकसित करेंगी। दूसरे चरण के तहत भारतीय गैर-सरकारी संगठन आवेदन कर सकते हैं। चयनित प्रत्येक परियोजना को 4.2 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जायेगी। 15 से 18 महीने की अवधिवाली उन परियोजनाओं को प्राथमिकता मिलेगी, जिनमें बड़े स्तर पर लागू होने और लंबे समय तक टिके रहने की क्षमता हो। इस पहल के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), चैटबॉट और क्षेत्रीय भाषाओं जैसी तकनीकों का उपयोग कर महिलाओं की डिजिटल पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जायेगा। चयनित संस्थाओं को वित्तीय सहायता के साथ तकनीकी प्रशिक्षण, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और क्षमता विकास कार्यक्रमों का भी लाभ मिलेगा। दूसरे चरण के लिए आवेदन 04 सितम्बर 2026 तक ऑनलाइन किये जा सकेंगे।

## आशीर्वाद ने विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की विरासत को दिया सम्मान, शुरू किया 'गुणात्मक परम्परा' अभियान




**जमशेदपुर :** भारत के प्रमुख पैकेज्ड आटा ब्रांड आशीर्वाद ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से अपने जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए गुणात्मक परंपरा अभियान की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य भगवान जगन्नाथ के पवित्र रथों का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की सदियों पुरानी शिल्पकला, समर्पण और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देना है। अभियान का उद्घाटन ओड़िया अभिनेत्री एलिना सामंतराय की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने कारीगरों से मुलाकात कर उनकी कला और परंपरा की सराहना की। आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, स्टेपल्स बिजनेस यूनिट के चीफ एग्जीक्यूटिव अनुज रुस्तगी ने कहा कि विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की उत्कृष्ट कारीगरी और गुणवत्ता के प्रति समर्पण, आशीर्वाद के मूल्यों से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ ब्रांड की क्वालिटी की गारंटी के वादे को भी मजबूत करता है। अभियान के तहत लोगों को भगवान जगन्नाथ के रथ निर्माण की पारंपरिक प्रक्रिया और उससे जुड़ी विरासत को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। इसमें रथ के पहिये और पारंपरिक चक्की के प्रतीकात्मक संबंध के माध्यम से गुणवत्ता, शुद्धता और परंपरा का संदेश भी दिया गया है।

## प्राइमरी मार्केट में अगले सप्ताह खुलेंगे 05 नये आईपीओ, 05 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

**नयी दिल्ली :** सोमवार यानी 20 जुलाई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में सामान्य हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह पांच कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें दो कंपनियों के आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष तीन आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले दो आईपीओ में भी 21 और 22 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह पांच कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इनमें तीन कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की जबकि शेष दो कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 20 जुलाई को गल्फ लॉयड्स का 18.19 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा।

## 5G पर जियो की पकड़ और मजबूत, 28.5 करोड़ तक पहुंचा True5G ग्राहक आधार

- जियो नेटवर्क पर 5G डेटा ट्रैफिक अब 4G डेटा ट्रैफिक का करीब 1.5 गुना हो चुका है
- एक साल में 7.3 करोड़ नये ग्राहक जियो ट्रू 5जी से जुड़े
- प्रति ग्राहक डेटा खपत 43.7 GB प्रतिमाह तक पहुंची

**नयी दिल्ली :** जियो ने 5G और डिजिटल कनेक्टिविटी के दम पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। रिलायंस के तिमाही नतीजों में इसकी तस्वीर और साफ हो गयी। जियो का कुल ग्राहक आधार बढ़कर 53.33 करोड़ तक पहुंच गया, जबकि जियो True5G का सब्सक्राइबर बेस जून 2026 तक 28.5 करोड़ के आंकड़े को छू गया। पिछले 12 महीनों में जियो के 5G ग्राहकों की संख्या में 7.3 करोड़ की तेज बढ़ोतरी हुई है।

सिर्फ 5G ग्राहकों की संख्या ही नहीं बढ़ी, जियो के नेटवर्क पर 5G डेटा ट्रैफिक अब 4G डेटा ट्रैफिक का करीब 1.5 गुना हो चुका है। नतीजों में कुछ और दिलचस्प आंकड़े भी सामने आये। जियो नेटवर्क पर प्रति ग्राहक डेटा खपत 43.7 GB प्रति माह रही, जबकि तिमाही के दौरान कुल डेटा ट्रैफिक सालाना आधार पर 26.9% बढ़कर 69.4 बिलियन GB तक पहुंच गया। यह संकेत देता है कि भारत में अगली पीढ़ी के मोबाइल नेटवर्क पर जियो की पकड़ तेजी से गहरी हो रही है। मोबाइल कनेक्शन्स के मोर्चे पर भी जियो की रफ्तार बनी रही। तिमाही के दौरान जियो का नेट सब्सक्राइबर एडिशन 89 लाख रहा। जून '26 तक कंपनी का कुल सब्सक्राइबर बेस 53.33 करोड़ तक पहुंच गया। ग्राहक संख्या में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में आयी है, जब कम्पनी 5G नेटवर्क पर उपयोग और डेटा खपत, दोनों मोर्चों पर मजबूत रफ्तार दिखा रही है। फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में भी जियो की स्थिति मजबूत हुई है। जून 2026 तक कुल फिक्स्ड ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स 2.86 करोड़ रहे। पिछले 12 महीनों में करीब 86 लाख नए एडिशन हुए, जिससे जियो का मार्केट शेयर 43% से अधिक हो गया। जियो एयरफाइबर का कुल सब्सक्राइबर बेस 1.4 करोड़ से अधिक रहा और इसने पिछले 12 महीनों में फिक्स्ड ब्रॉडबैंड एडिशन में 75% से अधिक योगदान दिया। जियो प्लेटफॉर्म्स का ऑपरेशनल प्रदर्शन भी मजबूत रहा। पहली तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स का रिकॉर्ड EBITDA Y-o- आधार पर 15.1% बढ़ कर 20,865 करोड़ रहा। रिकॉर्ड EBITDA मार्जिन 53.3% दर्ज किया गया। इसी दौरान जियो का नेट प्रॉफिट -o- आधार पर 9.2% बढ़कर 7,764 करोड़ रहा। मोबाइल 5G, डेटा खपत और होम ब्रॉडबैंड, तीनों मोर्चों पर बढ़त यह दिखाती है कि जियो केवल ग्राहक संख्या में ही नहीं, बल्कि अगली पीढ़ी की डिजिटल कनेक्टिविटी के वास्तविक इस्तेमाल में भी अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

# मोबिलिटी, होम ब्रॉडबैंड और एंटरप्राइज सर्विसेज में जियो का प्रदर्शन शानदार






> **जियो** ने खुद को एक डीप-टेक कंपनी के तौर पर स्थापित किया है और कई एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज में तेजी से इनोवेशन करके दिखाया है। हमारा मजबूत पेटेंट पोर्टफोलियो, जिसे वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है, इसी बात को रेखांकित करता है। हम चाहते हैं कि इन तकनीकों के जरिये भारत के हर नागरिक तक लगातार नयी डिजिटल सेवाएं पहुंचें और जियो आनेवाले कई वर्षों तक इंडस्ट्री में अग्रणी ग्रोथ देता रहे। भारत में पब्लिकली-लिस्टेड कंपनी बनने की अपनी यात्रा के अगले चरण की ओर बढ़ते हुए, हम अपना डीप टेक फोकस बनाए रखेंगे और भारत सहित वैश्विक स्तर पर डिजिटल कनेक्टिविटी और डिजिटल सेवाओं की पहुंच को अधिक व्यापक और सुलभ बनायेंगे।
>
> **आकाश एम. अम्बानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड**



> **एनर्जी** मार्केट में आयी भारी उथल-पुथल और उससे जुड़ी बड़ी चुनौतियों के बावजूद, हमारे एनर्जी बिजनेस ने शानदार प्रदर्शन किया है। ये नतीजे हमारे मजबूत O2C ऑपरेशन्स और मार्केट के बदलते माहौल में हमारी तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता को दिखाते हैं। बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन के साथ-साथ, मुझे इस बात पर भी बहुत गर्व है कि हमारे बिजनेस ने भारतीय ग्राहकों के लिए आवश्यक ईंधनों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी निभायी। हम न्यू एनर्जी बिजनेस की ग्रोथ की संभावनाओं और साथ ही आनेवाले वर्षों में, भारत को एनर्जी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में इसकी भूमिका को लेकर उत्साहित हैं।
>
> **अनंत एम. अम्बानी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड**



> **रिलायंस** रिटेल ने FY27 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया और मुख्य कंजम्पशन कैटेगरीज में ग्रोथ हासिल की। डिजिटल कॉमर्स में हमारा लगातार निवेश हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की बदलाव लानेवाली ताकत को दिखाता है। ग्राहकों की बढ़ती संख्या, सबसे बड़ा स्टोर नेटवर्क और बढ़ती ओमनी-चैनल क्षमताओं के साथ हम हर भारतीय की हर जरूरत और हर सपने को रोजाना पूरा करने की स्थिति में हैं।
>
> **ईशा एम. अम्बानी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड**

**रिलायंस** ने FY27 की मजबूत शुरुआत की है। सभी कारोबारों ने मजबूत ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस किया है। हमारे अलग-अलग तरह के बिजनेस पोर्टफोलियो ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखायी है, वह भी ऐसी तिमाही में जब भू-राजनीतिक तनाव जारी रहे और कमोडिटी बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रहा। इस तिमाही में डिजिटल सर्विसेज बिजनेस की ग्रोथ की रफ़्तार बनी रही। मोबिलिटी, होम ब्रॉडबैंड और एंटरप्राइज सर्विसेज में जियो का प्रदर्शन शानदार रहा, जिससे सालाना आधार पर कमाई में 15% की अच्छी ग्रोथ हुई। तिमाही के दौरान जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने रएइक के पास अपना ऊप्लढ फाइल किया, जो इसकी पब्लिक लिस्टिंग की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। आने वाला क्ढड जियो के सफर में एक अहम पड़ाव होगा और निवेशकों को भारत की डिजिटल ग्रोथ स्टोरी में शामिल होने का मौका देगा।

रिलायंस रिटेल ने इस तिमाही में दमदार ग्रोथ दिखायी है और सभी कंजम्पशन फॉर्मेट और चैनलों में अच्छा परफॉर्मेंस किया है।

हमारी ओमनी-चैनल मौजूदगी लाखों भारतीय ग्राहकों को सेवा दे रही है और मुझे भरोसा है कि यह भारत की लॉन्ग-टर्म कंजम्पशन ग्रोथ का फायदा उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

कंज्यूमर प्रोडक्ट्स बिजनेस तेजी से बढ़ रहा है और FMCG ब्रांड्स का पोर्टफोलियो भारतीय ग्राहकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। RCPL का रेवेन्यू पिछले साल की तुलना में दो गुना से ज्यादा हो गया है। O2C बिजनेस ने तिमाही के दौरान दमदार प्रदर्शन किया, जिसमें ऑल-टाइम हाई मिडिल डिस्टिलेट क्रैक्स और बेहतर डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल डेल्टाज का योगदान रहा। यह कामयाबी मुश्किल ग्लोबल एनर्जी मार्केट और सप्लाय चेन में रुकावटों के बावजूद मिली। हमारी टीमों ने ऑपरेशनल-एजिलिटी के साथ इस मुश्किल माहौल का सामना किया और घरेलू बाजार में जरूरी ईंधन और मटीरियल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की।

इस तिमाही में, मूडीज रेटिंग्स ने हमारे विदेशी मुद्रा डेट इश्युएंस को इं1 में अपग्रेड किया, जो हमारे कैश फ़्लो और वित्तीय स्थिति की मजबूती को दिखाता है।

मुझे अपने बिजनेस की मजबूती और अपने लोगों के प्रतिभा व प्रतिबद्धता पर पूरा भरोसा है। FY27 की शुरूआत मुझे आने वाले साल के बारे में नई उम्मीद देती है, क्योंकि हम नए एनर्जी प्रोजेक्ट्स को चरणबद्ध तरीके से शुरू करने और जियो IPO के जरिये वैल्यू अनलॉक करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### डीप टेक की एडवांस डिजिटल सेवाएं ग्राहकों तक पहुंचाना जियो का अगला फोकस : आकाश अम्बानी

**नयी दिल्ली :** जियो प्लेटफॉर्म्स खुद को डीप टेक कम्पनी के रूप में स्थापित करते हुए अपनी तकनीकों को आम ग्राहकों तक डिजिटल सेवाओं के रूप में पहुंचाने पर फोकस कर रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के द1 FY2026-27 नतीजों में जियो की तकनीकी दिशा, डिजिटल सर्विसेज की ग्रोथ और पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी, तीनों संकेत एक साथ सामने आये हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश एम. अम्बानी ने कहा, जियो ने खुद को एक डीप टेक कंपनी के तौर पर स्थापित किया है और कई एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज में तेज इनोवेशन करके दिखाया है। हमारा इरादा है कि इन तकनीकों के जरिये भारत के हर नागरिक तक लगातार नयी डिजिटल सेवाएं पहुंचें और जियो आने वाले कई वर्षों तक इंडस्ट्री में अग्रणी ग्रोथ देता रहे। भारत में पब्लिकली लिस्टेड कम्पनी बनने की अपनी यात्रा के अगले चरण की ओर बढ़ते हुए, हम अपना डीप टेक फोकस बनाये रखेंगे और डिजिटल कनेक्टिविटी व डिजिटल सेवाओं की पहुंच को और व्यापक बनायेंगे। जियो की यह दिशा उसके पेटेंट पोर्टफोलियो और ग्लोबल रैंकिंग में भी दिखती है। WIPO की ताजा PCT रैंकिंग में जियो प्लेटफॉर्म्स ग्लोबल टॉप 20 में पहुंचा है। कंपनी ने वर्ष 2025 की सूची में 320 पायदान की छलांग लगायी। कम्पनी का पेटेंट पोर्टफोलियो 5G, 5G एडवांस्ड, 6G, AI, AI-नेटिव नेटवर्क, क्लाउड-नेटिव प्लेटफॉर्म, इंटेलिजेंट ऑटोमेशन, एज इंटेलिजेंस, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और डिजिटल सर्विसेज इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी तकनीकों पर केन्द्रित है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश डी. अंबानी ने भी जियो की डिजिटल सर्विसेज ग्रोथ को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तिमाही के दौरान डिजिटल सर्विसेज बिजनेस ने अपनी ग्रोथ मोमेंटम जारी रखी। मोबिलिटी, होम ब्रॉडबैंड और एंटरप्राइज सर्विसेज में जियो का प्रदर्शन मजबूत रहा, जिससे कमाई में 15% -o- की शानदार ग्रोथ दर्ज हुई।

इसी तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने SEBI के पास अपना DRHP फाइल किया है। मुकेश अम्बानी ने इसे जियो की पब्लिक लिस्टिंग की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि आगामी IPO जियो की यात्रा में महत्त्वपूर्ण पड़ाव होगा और निवेशकों को भारत की डिजिटल ग्रोथ स्टोरी में भागीदारी का अवसर देगा।

इन संकेतों से साफ है कि जियो की अगली पारी केवल नेटवर्क या ग्राहक संख्या तक सीमित नहीं है। कम्पनी डीप टेक, पेटेंट, डिजिटल सेवाओं और पब्लिक लिस्टिंग के सहारे अपने अगले विस्तार की तैयारी कर रही है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड के वनों में आग लगने की घटनाओं में आयी भारी कमी !...

से जुड़े ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को इससे जोड़ा। फायर अलर्ट प्राप्त होने के 10 से 20 मिनट के भीतर वन विभाग तथा स्थानीय टीमों द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर नियंत्रण की कार्रवाई सुनिश्चित की गयी।

इसके अतिरिक्त, फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त रियल-टाइम सैटेलाइट आधारित फायर अलर्ट को राज्य स्तर पर त्वरित कार्रवाई प्रणाली से जोड़ा गया, जिससे सम्भावित वनाग्नि पर शीघ्र नियंत्रण सम्भव हो सका।

देश के विभिन्न राज्यों में प्राप्त फायर की घटनाओं की तुलना में झारखंड में वर्ष 2026 के दौरान भारी कमी आयी है।

| राज्य | घटनाएं |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 23,898 |
| मध्य प्रदेश | 22,783 |
| छत्तीसगढ़ | 17,048 |
| आंध्र प्रदेश | 16,135 |
| तेलंगाना | 13,840 |
| उड़ीसा | 15,530 |
| उत्तराखंड | 7,123 |
| असम | 6,785 |
| कर्नाटक | 5,714 |
| मणिपुर | 4,800 |

### संसद का मॉनसून सत्र आज से...

महत्त्वपूर्ण कदम बताया था।

इन दोनों घटनाक्रमों से लोकसभा में एनडीए का संख्या बल और मजबूत होने की सम्भावना है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीती थीं और सहयोगी दलों के साथ एनडीए का आंकड़ा 292 तक पहुंचा था। अब टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसदों के समर्थन से सरकार दो-तिहाई बहुमत के और करीब पहुंच सकती है। माना जा रहा है कि इससे सरकार को महत्वपूर्ण विधेयकों, विशेषकर संविधान संशोधन से जुड़े प्रस्तावों पर रणनीतिक बढ़त मिल सकती है।

### 'वंदेमातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा देनेवाला विधेयक आज राज्यसभा में होगा पेश...

विधेयक 1971 के राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 को संशोधित करेगा। यह विधेयक राष्ट्रगीत वंदेमातरम को भी राष्ट्रगान की ही तरह सम्मान देने के उद्देश्य से लाया जायेगा। अपमान करने वाले को तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसमें गायन से जुड़ी अनिवार्यता के भी प्रावधान हैं। दूसरी ओर लोकसभा में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उच्चतम न्यायालय में जजों की संख्या बढ़ाये जाने से जुड़े विधेयक को पेश करेंगे। इसका उद्देश्य देश की शीर्ष अदालत में जजों की संख्या को 33 से 37 करना है। संसद का मॉनसून सत्र कल से आरंभ होने जा रहा है। सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मीडिया के समक्ष सभी दलों से कार्यवाही को सुचारु चलाने की अपील करते हुए अपना वक्तव्य देंगे। मॉनसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में 'फादर अमीर' के नाम से जाने जानेवाले कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी को श्रद्धांजलि दी जायेगी। लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार छह पूर्व सदस्यों सहित उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी।

### सरकार ने विपक्ष से की विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सुचारु संचालन में सहयोग की अपील...

विरोध स्वरूप विपक्ष के कुछ नेताओं ने कुछ समय के लिए सांकेतिक बहिर्गमन भी किया। हालांकि, बाद में वे बैठक में वापस लौट आये और चर्चा में शामिल हुए।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से बुलायी गयी इस बैठक में केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में 40 राजनीतिक दलों के कुल 58 नेताओं ने हिस्सा लिया।

संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, बैठक की शुरूआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रारंभिक टिप्पणी से हुई। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक का संचालन किया। बैठक के समापन पर रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को उनकी उपस्थिति, सुझाव और सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के दोनों सदनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार संसद के नियमों के तहत अनुमत सभी महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह आगामी सत्र के दौरान विधायी कार्यों में रचनात्मक भूमिका निभाये।

संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने मॉनसून सत्र के दौरान उठाए जानेवाले मुद्दों पर अपने विचार रखे। कई दलों ने सरकार के समक्ष अपनी प्राथमिकताएं और चिन्ताएं साझा कीं। सरकार ने सभी सुझावों को गम्भीरता से सुनने की बात कही।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी दलों से संसद को सुचारु रूप से चलाने और विधेयकों पर सार्थक चर्चा में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि मानसून सत्र के दौरान सरकार कई महत्त्वपूर्ण विधेयक सदन में पेश करने जा रही है और विपक्ष से आग्रह किया गया है कि वह इन पर सकारात्मक चर्चा कर उन्हें पारित कराने में सहयोग करे।

रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में सभी दलों को अपनी बात रखने का अधिकार है। केवल हंगामा करने और चर्चा से दूर रहने से किसी भी दल को राजनीतिक लाभ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि सदन व्यवस्थित तरीके से चलेगा तो छोटे दलों सहित सभी राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक में अलग-अलग विचार सामने आना लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार ने सभी दलों के सुझावों को सुना है और उनका उचित संज्ञान लिया जायेगा।

गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र सोमवार, 20 जुलाई से शुरू होगा और सरकारी कामकाज की आवश्यकता के अनुसार यह गुरुवार, 13 अगस्त तक चल सकता है। इस दौरान 25 दिनों की अवधि में कुल 19 बैठकें प्रस्तावित हैं। सत्र में सरकार विधायी कार्यों के साथ-साथ विभिन्न राष्ट्रीय और जनहित के मुद्दों पर चर्चा कराने की तैयारी में है।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ व राजौरी में बाढ़ और भूस्खलन से 08 लोगों की मौत...

कई परिवार मलबे के नीचे फंस गये। सबसे ज्यादा तबाही पुंछ जिले के सुराकोट के लोअर मुर्रा इलाके में हुई है। मृतकों की पहचान नूर सफिया (59) पत्नी मोहम्मद लतीफ, सज्जाद अहमद (16) पुत्र मोहम्मद लतीफ, हकनवाज अहमद (10) पुत्र मोहम्मद लतीफ, शाहनवाज अहमद (10), पुत्र मोहम्मद लतीफ, खालिदा कौसर (25) पत्नी यासर इकबाल, सोफियान (2) पुत्र यासर इकबाल, बानो बी (60) पत्नी मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अकरम (7) पुत्र मोहम्मद लियाकत के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, एसडीआरएफ, नागरिक प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवकों की बचाव टीमें उन छह लोगों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चला रही हैं, जो बह गये थे या मलबे के नीचे फंस गये थे और अभी भी लापता हैं।

प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रबंधन दल और अन्य एजेंसियां प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त होने और मलबा आने से आवागमन भी प्रभावित हुआ है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने तथा आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य लगातार जारी है।

भारतीय मौसम विभाग ने पुंछ, राजौरी और आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ समय तक भारी बारिश की सम्भावना जताई है। विभाग ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने, नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। केन्द्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाये हुए हैं तथा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

### अमित शाह ने हरसम्भव सहायता का दिया आश्वासन...

से प्रभावित क्षेत्रों की मौजूदा स्थिति, राहत एवं बचाव अभियान तथा प्रशासन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा और राहत कार्य केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आवश्यकतानुसार हर प्रकार की सहायता तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी।

### राष्ट्रपित मुर्मू तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के लिए माल्दोवा रवाना...

राष्ट्रपति स्तर की यात्रा तीन दशक बाद हो रही है। इस दौरे से तीनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय सम्बन्धों को और मजबूती मिलेगी।

मोल्दोवा यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू और राष्ट्रपति मैया सैंडू के बीच विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी। दोनों देशों के बीच कृषि, स्वास्थ्य सेवा, औषधि उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इन क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच परस्पर लाभकारी साझेदारी की व्यापक सम्भावनाएं हैं।

मोल्दोवा यात्रा के बाद राष्ट्रपति मुर्मु 21 और 22 जुलाई को उत्तर मैसेडोनिया जायेंगी। यह भी किसी भारतीय राष्ट्रपति की इस देश की पहली राजकीय यात्रा होगी। वहां वह राष्ट्रपति गोडार्ना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की और संसद के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगी तथा उत्तर मैसेडोनिया की संसद को सम्बोधित करेंगी। राष्ट्रपति भारत-उत्तर मैसेडोनिया व्यापार मंच को भी सम्बोधित करेंगी। दोनों देशों के बीच कृषि, औषधि उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी तथा आईटी आधारित सेवाओं में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी।

दौरे के अंतिम चरण में राष्ट्रपति मुर्मू 23 से 25 जुलाई तक रोमानिया की राजकीय यात्रा करेंगी। यह तीन दशक से अधिक समय बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति की रोमानिया यात्रा होगी। वहां वह राष्ट्रपति निकुसोर डैन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी, भारत-रोमानिया बिजनेस फोरम को सम्बोधित करेंगी और भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगी।

रोमानिया यूरोपीय संघ में भारत का एक महत्त्वपूर्ण साझेदार है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में हो रही प्रगति से आनेवाले वर्षों में दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के और मजबूत होने की सम्भावना है।

### स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडे की जयंती पर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को किया नमन...

कहा कि महान क्रांतिकारी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके साहसिक जीवन पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत उनकी शौर्यगाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विदेशी शासन के विरुद्ध क्रांति का आह्वान कर वीर मंगल पांडे ने पूरे देश में देशभक्ति का अलख जगाया और अनगिनत देशवासियों को मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उनका त्याग, शौर्य और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

## एक झलक

### अंगोला में 02 कुख्यात गैंगस्टर अरेस्ट

**अंगोला :** पंजाब-हरियाणा पुलिस की तरफ से बड़ा इंटरनेशनल ऑपरेशन चलाया गया। इसमें अफ्रीकी देश अंगोला में 2 कुख्यात गैंगस्टर गिरफ्तार हुए हैं। पंजाब पुलिस और हरियाणा पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर की गई कार्रवाई में वरिंदर उर्फ जॉबन सैदोके और मनजोत को अंगोला में पकड़ा गया। वरिंदर पंजाब में 4 सनसनीखेज हत्याओं के मामलों में वांटेड था। मनजोत हरियाणा में कई आपराधिक मामलों में वांटेड था। दोनों गैंगस्टर गोपी घनशामपुरिया और डोनी बल गैंग के सक्रिय गुर्गे बताए जा रहे हैं। वरिंदर उर्फ जॉबन सैदोके की गिरफ्तारी पर पंजाब सरकार ने 5 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। विदेशी धरती पर ऑपरेशन के बाद दोनों को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। पंजाब-हरियाणा के गैंगस्टरों पर विदेश में भी पुलिस का शिकंजा कसा जा रहा है। पंजाब पुलिस ने दोनों गैंगस्टरों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा रखा था और लगातार वह इंटरनेशनल एजेंसियों के साथ संपर्क में थी।

### अमेरिका ने लगातार 8वीं रात तेहरान पर बरसाये बम

**तेहरान/वॉशिंगटन :** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने खुजेस्तान प्रांत के अहवाज में अमेरिकी एक्यू-9 रीपर ड्रोन को इंटरसेप्ट कर मार गिराया। ईरानी सरकारी मीडिया ने ड्रोन गिराने का वीडियो भी जारी किया है। आईआरजीसी के मुताबिक, उसने अपने नए डिफेंस सिस्टम से ड्रोन को निशाना बनाया। हालांकि अमेरिका ने अब तक न तो ड्रोन गिराए जाने के दावे की पुष्टि की है और न ही जारी वीडियो पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। एमक्यू 9 रीपर अमेरिकी सेना का अत्याधुनिक मानव रहित ड्रोन है, जिसका इस्तेमाल निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और सटीक हवाई हमलों के लिए किया जाता है। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने लगातार आठवीं रात ईरान के खिलाफ हवाई हमले किए। इससे पहले अमेरिका ने जानकारी दी थी कि जॉर्डन में ईरान के मिसाइल हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, जबकि एक सैनिक लापता है।

### ईरान के खुजेस्तान में आया 5.0 तीव्रता का भूकंप

**तेहरान :** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुजेस्तान में रविवार सुबह 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। प्रांत के गवर्नर सैयद मोहम्मद रजा मौलाजादेह ने कहा कि उन्होंने बचाव और राहत कार्यों में जुटी सभी एजेंसियों को पूरी तरह सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को तैयार रहने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट में तेहरान विश्वविद्यालय के भूकंप विज्ञान केंद्र के हवाले से बताया कि यह भूकंप करीब 12 किलोमीटर की गहराई में आया। झटके महसूस होने के बाद प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव टीमों को प्रभावित इलाकों में भेज दिया, ताकि स्थिति का जल्द से जल्द आकलन किया जा सके। गवर्नर ने बताया कि कई क्षेत्रों में सर्वेक्षण दल लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और अब तक किसी तरह के जनहानि या बड़े पैमाने पर संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### बांग्लादेश में खसरे का कहर चार और बच्चों की मौत

**ढाका :** बांग्लादेश में खसरे (मीजल्स) का प्रकोप लगातार गंभीर होता जा रहा है। पिछले 24 घंटे में खसरे जैसे लक्षणों के कारण चार और बच्चों की मौत हो गई, जिससे इस बीमारी से जुड़ी कुल पुष्ट और संदिग्ध मौतों की संख्या बढ़कर 788 हो गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार हाल में हुई सभी चार मौतें संदिग्ध खसरा मामलों की हैं। अब तक 693 संदिग्ध और 95 प्रयोगशाला से पुष्टि किए गए खसरा जनित मौतों की पुष्टि हो चुकी है। इसी अवधि में 938 नए संदिग्ध मरीज सामने आए, जिसके बाद देश में संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 1,17,648 हो गई है।

# ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध 'पिच ब्लैक' आज से, भारत के वायु योद्धा होंगे शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स बेस डार्विन में सोमवार से द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास 'पिच ब्लैक' शुरू करेगी, जो 7 अगस्त तक चलेगा। इस अभ्यास का नाम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के विशाल निर्जन क्षेत्रों में रात्रि उड़ान विशेष अभियान के कारण रखा गया है। इसमें भारत, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान, यूके और मेजबान ऑस्ट्रेलिया समेत 19 से अधिक सहयोगी देश शामिल होंगे। भारत की टुकड़ी मल्टीरोल लड़ाकू राफेल विमान का संचालन करेगी, जिसे सी-17 ग्लोबमास्टर-III और आईएल-78 वायु-से-वायु ईंधन भरने

> ■ भारत की टुकड़ी मल्टीरोल लड़ाकू राफेल विमान के साथ हवा में ईंधन भरने का करेगी प्रदर्शन

वाले विमानों का समर्थन प्राप्त होगा। भारतीय वायु सेना की टुकड़ी में पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन,



नियंत्रक और अन्य विशेषज्ञ सहित उच्च कुशल वायु योद्धा शामिल होंगे। यह अभ्यास भाग लेने वाली सेनाओं को अंतरसंचालनीयता बढ़ाने, बल एकीकरण को मजबूत करने और वैश्विक परिदृश्यों में सहयोगात्मक संचालन की दिशा में परिचालन सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने करेगा। यह अभ्यास 'पिच ब्लैक' लंबी दूरी पर अभियान संबंधी हवाई अभियानों को परखने, बहुराष्ट्रीय अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पेशेवर साझेदारियों को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। यह अभ्यास विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी, समन्वय और जटिल हवाई युद्ध परिदृश्यों में युद्धाभ्यास का प्रशिक्षण देना है। इस अभ्यास का नाम 'पिच ब्लैक' (पूर्ण अंधेरे) इसलिए रखा गया है, क्योंकि इसका मुख्य फोकस रात के समय उड़ान भरने और अंधेरे में आक्रामक व रक्षात्मक अभियानों के अभ्यास पर होता है। यह अभ्यास भाग लेने वाली वायु सेनाओं को एक वास्तविक और चुनौतीपूर्ण बहुराष्ट्रीय वातावरण में संचालन करने में सक्षम बनाएगा, जिससे परिचालन समन्वय और आपसी समझ को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय वायु सेना ने इससे पहले 2018, 2022 और 2024 में इस अभ्यास में भाग लिया है, जो रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### कोलकाता में देश के पहले 'शब्द संग्रहालय' का उद्घाटन

# भाषा हमारी संस्कृति और विरासत की पहचान : शाह

**एजेंसी**

**कोलकाता :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में भारत के पहले 'शब्द संग्रहालय' (म्यूजियम ऑफ वर्ड) का उद्घाटन किया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित यह संग्रहालय देश की भाषाई विरासत, लिपियों और साहित्यिक परंपराओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी संस्कृति, इतिहास और विरासत की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि भाषा के माध्यम से किसी राष्ट्र की सभ्यता और उसके जीवन मूल्यों को समझा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी मातृभाषा के साथ कम से कम एक अन्य भारतीय भाषा सीखने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे भारत की सांस्कृतिक विविधता को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने पुस्तकालयों की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि किसी राष्ट्र का भविष्य केवल महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या से तय नहीं होता, बल्कि इस बात से भी तय होता है कि कितने लोग पुस्तकालयों का उपयोग कर ज्ञान अर्जित करते हैं। पढ़ने की संस्कृति ही समाज को वैचारिक रूप से समृद्ध बनाती है। इस संग्रहालय के प्रथम चरण में भारतीय भाषाओं, लिपियों और साहित्य की विविधता को प्रदर्शित किया गया है। संग्रहालय को पारंपरिक प्रदर्शनी स्थल के बजाय एक आधुनिक अनुभवात्मक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जहां डिजिटल डिस्प्ले, होलोग्राम, मोशन सेंसर और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से आगंतुक भारतीय भाषाओं के विकास की यात्रा को करीब से देख और महसूस कर सकते हैं। शब्द संग्रहालय में कुल नौ दीघाएं बनाई गई हैं, जो भारतीय भाषाओं के इतिहास, विभिन्न लिपियों, साहित्य और भारतीय सभ्यता पर उनके प्रभाव को दर्शाती हैं। संग्रहालय भारत की 22 अनुसूचित भाषाओं की समृद्ध विरासत को मौखिक परंपराओं, प्राचीन पांडुलिपियों, मुद्रित साहित्य और आधुनिक डिजिटल माध्यमों तक की यात्रा के साथ प्रस्तुत करता है। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं को एक जीवंत सांस्कृतिक धरोहर के रूप में नई पीढ़ी के सामने लाना और देश की भाषाई विविधता को संरक्षित एवं लोकप्रिय बनाना है।




> **फिर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभायेगा पश्चिम बंगाल**
>
> अमित शाह ने बंगाल की बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि इस धरती ने देश को अनेक महान साहित्यकार, वैज्ञानिक, क्रांतिकारी और विद्वान दिए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल एक बार फिर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि वह पिछले नौ महीनों से पश्चिम बंगाल की प्रगति पर नजर रख रहे हैं और राज्य देश का 'प्रकाश स्तंभ' बनता जा रहा है। शाह ने राज्य की भाजपा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का संकल्प अवश्य पूरा होगा।

### मुख्यमंत्री धामी ने केन्द्रीय विद्युत मंत्री से की मुलाकात

# जुलाई-अगस्त के लिए अतिरिक्त बिजली मांगी, ऊर्जा परियोजनाओं पर की चर्चा

**एजेंसी**

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं, जलविद्युत एवं पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) और पिटकुल की एशियाई विकास बैंक (एडीबी) सहायतित पारेषण परियोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने राज्य की बढ़ती बिजली मांग और संभावित कम जलविद्युत उत्पादन का हवाला देते हुए केंद्रीय पूल से जुलाई 2026 की शेष अवधि के लिए 150 मेगावाट और अगस्त 2026 के लिए 200 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि एल-नीनो की संभावित परिस्थितियों, वर्षा में कमी और जलाशयों में कम जलागम के कारण जलविद्युत उत्पादन प्रभावित हो सकता है, जबकि चारधाम यात्रा और आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर जलविद्युत परियोजनाओं के लिए विशेष वित्तीय सहायता देने का भी आग्रह किया। उन्होंने राज्य में लगभग 10 गीगावाट पम्प्ड स्टोरेज क्षमता विकसित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 7,800 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता अथवा वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।



### सीबीआई के हत्थे चढ़ा फर्जी अधिकारी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कृषि भवन का अधिकारी बनकर पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) के तहत ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले आरोपित प्रभु दयाल को उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपित स्वयं को 'ऋषि गुप्ता' बताकर ऋण आवेदकों से आवेदन स्वीकृत कराने अथवा निरस्त होने से बचाने के नाम पर रिश्वत वसूली करता था। सीबीआई के अनुसार, इस मामले में 29 जून को देहरादून स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### बिना सहमति बिल में सर्विस चार्ज जोड़ने पर सीसीपीए की 41 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ताओं की अनुमति के बिना रेस्तरां के बिल में डिफॉल्ट रूप से सर्विस चार्ज जोड़ने के मामले में देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की है। यह कदम राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर उठाया गया है, जिनमें उपभोक्ताओं ने ऐसे बिल प्रस्तुत किए थे जिनमें उनकी सहमति के बिना सर्विस चार्ज जोड़ा गया था। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सीसीपीए की जांच में यह पाया गया कि बिना सहमति सर्विस चार्ज जोड़ना उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है। यह होटल एवं रेस्तरां में सर्विस चार्ज वसूली से संबंधित सीसीपीए के दिशा-निर्देशों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आता है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति लगाये एक पौधा : ओएसडी वीरेन्द्र सिंह

**श्रीओम शर्मा**

**बहादुरगढ़ :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी वीरेन्द्र सिंह बढ़खालसा ने रविवार को झज्जर के सेक्टर-6 स्थित एचएसवीपी पार्क में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर एचएसवीपी के एसडीओ कृष्ण मलिक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर वीरेन्द्र सिंह बढ़खालसा का स्वागत किया। अभियान के तहत पार्क परिसर में करीब 900 पौधे लगाए जा रहे हैं। ओएसडी वीरेन्द्र सिंह बढ़खालसा ने कहा कि पौधारोपण अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए जल संरक्षण, सिंगल-यूज प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग, प्राकृतिक खेती तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हराभरा, स्वस्थ और आत्मनिर्भर हरियाणा के निर्माण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है, जिसमें जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में 'ट्री मैन ऑफ इंडिया' के नाम से विख्यात पर्यावरण प्रेमी देवेंद्र सूरा ने भी प्रत्येक परिवार से कम-से-कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। इस दौरान सेक्टर-6 के निवासियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से भी ओएसडी को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व वाइस चेयरमैन जिला परिषद एवं पार्षद प्रतिनिधि योगेश चाहर सिलानी, आरडब्ल्यू सेक्टर-6 के प्रधान रणबीर सिंह गुलिया, सेक्टर अध्यक्ष नीरज दलाल, सचिव विनोद धनखड़, डॉ. नरेश शर्मा, प्रो. रवि किरण मदान, सतबीर दलाल, प्रो. पुष्पेंद्र कादयान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**पुलिस पर हमला कर भागने की कोशिश**

### हिस्ट्रीशीटर करुप्पु के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**चेन्नई :** चेन्नई पुलिस ने 19 आपराधिक मामलों में वांछित 'ए' श्रेणी के हिस्ट्रीशीटर करुप्पु उर्फ तमिल अलगु को पुलिस पर हमला कर फरार होने की कोशिश के दौरान पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से देसी बम बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी बरामद की गई है। घटना के दौरान एक मुख्य आरक्षक भी घायल हो गया, जिसका उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार, चेन्नई के कुंद्रथुर के निकट तिरुमुडिवाक्कम क्षेत्र निवासी करुप्पु उर्फ तमिल अलगु लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय है।

# मैंने अपनी दाल-ढोकली कमा ली है : हेली शाह

**मुंबई :** अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अभिनेत्री हेली शाह ने एक बार फिर प्रशंसकों को फिटनेस और संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया है। हाल ही में हेली ने अपने हाई-एनर्जी वर्कआउट सेशन का वीडियो साझा किया। वीडियो के साथ उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैंने अपनी दाल-ढोकली कमा ली है। इसके साथ मुस्कुराते हुए इमोजी और अपने पसंदीदा भोजन की तस्वीर भी साझा की। उनके इस कैप्शन को प्रशंसकों ने खूब पसंद किया और इसे फिटनेस के साथ जीवन में संतुलन बनाए रखने का सकारात्मक संदेश बताया। साझा किए गए वीडियो में हेली शाह कई चुनौतीपूर्ण एक्सरसाइज करती दिखाई दे रही हैं। उनके वर्कआउट में बॉक्स जंप्स, डीप स्क्वैट्स, डंबल्स के साथ वेटेड स्टेप-अप्स, मोबिलिटी ड्रिल्स और स्ट्रेचिंग जैसी एक्सरसाइज शामिल हैं। ऑल-ब्लैक वर्कआउट आउटफिट में नजर आ रहीं हेली हर अभ्यास को पूरे फोकस और समर्पण के साथ करती दिखाई देती हैं। एक्सरसाइज के दौरान वह शरीर को हाइड्रेट रखने का भी पूरा ध्यान रखती हैं और सेट्स के बीच पानी पीने के बाद दोबारा उसी ऊर्जा के साथ अभ्यास में जुट जाती हैं। हेली का फिटनेस रूटीन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, एंड्योरेंस, एगिलिटी और फंक्शनल एक्सरसाइज का संतुलित मेल है। यह दर्शाता है कि वह केवल आकर्षक दिखने के लिए ही नहीं, बल्कि शरीर की ताकत, लचीलापन और सहनशक्ति बढ़ाने पर भी बराबर ध्यान देती हैं।



# कैबिनेट ने 'मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता-2026' समेत नौ विधियकों को दी मंजूरी

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को गौंड वंश के वैभवशाली दुर्ग जगदीशपुर के चमन महल में हुई समानता और न्याय की भावना को समर्पित कैबिनेट की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता 2026' समेत कुल नौ विधेयकों की मंजूरी दी गई।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंत्रि-परिषद ने 'मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता 2026' के साथ ही 'मध्य प्रदेश निरसन विधेयक, 2026', 'मध्य प्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, 2026', 'मध्य प्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026', मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026, मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026, मध्य प्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय विधेयक 2026, मध्य प्रदेश कोड ऑन एम्प्लायरिंग वर्कप्लेसेज, 2026 (मध्य प्रदेश श्रम शक्ति संहिता 2026) और मध्य प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक, 2026 को आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किए जाने के लिए भी अनुमोदन किया है।

उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद के एक अन्य निर्णय में प्रदेश के 73 अस्पतालों के उन्नयन को भी मंजूरी दी गई है। मंत्रिपरिषद ने इस कार्य के लिए 898 करोड़ 96 लाख रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

'मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता, 2026' के विधेयक का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने समानता और न्याय की भावना को समर्पित 'मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता, 2026' के विधेयक का अनुमोदन किया। साथ ही आवश्यक संवैधानिक एवं प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूर्ण कर मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए विधि और विधायी कार्य विभाग को अधिकृत किया गया।



> ■ गौंड वंश के वैभवशाली दुर्ग जगदीशपुर में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक, 73 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के लिए 898.96 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**'मध्य प्रदेश निरसन विधेयक, 2026' का अनुमोदन**

मंत्रि-परिषद ने 'मध्य प्रदेश निरसन विधेयक, 2026' का अनुमोदन किया। साथ ही विधेयक को विधानसभा में पुनःस्थापित कर पारित कराने एवं समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिए विधि और विधायी कार्य विभाग को अधिकृत किया गया।

'मध्य प्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026' का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने 'मध्य प्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026' का अनुमोदन किया। विधेयक को विधानसभा में पुनःस्थापित कर पारित कराने एवं समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिए लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किया गया।

**'मध्य प्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, 2026' का अनुमोदन**

मंत्रि-परिषद ने 'मध्य प्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, 2026' का अनुमोदन दिया। साथ ही विधेयक को विधानसभा में पुनःस्थापित कर पारित कराने एवं समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग को अधिकृत किया गया।

**मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026 का अनुमोदन**

मंत्रि-परिषद ने मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026 (निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु भूमि, निर्मित क्षेत्र तथा विन्यास निधि के प्रावधान से छूट दिया जाना) का अनुमोदन दिया।